ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● माघ शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2079 ● रविवार, 05 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-06 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

इंफाल में सनी लियोनी के फैशन शो के ... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

चाईबासा आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ जवान दिल्ली एयरलिफ्ट

रांची। चाईबासा में हुए आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ जवान राकेश पाठक को एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया है। मेडिका अस्पताल में भर्ती जवान को शनिवार को ग्रीन कॉरिडोर से एयरपोर्ट लाया गया, जहां से दिल्ली भेजा गया। उल्लेखनीय है कि दो फरवरी को चाईबासा के नक्सल प्रभावित गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल में आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गये थे। घायल हुए सभी जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था। उन्हें मेडिका में भर्ती कराया गया। घायल जवानों में हेड कांस्टेबल राकेश पाठक, कांस्टेबल बीडी अनल और कांस्टेबल पंकज यादव हैं।

जामिया हिंसा मामले में शरजील इमाम बरी

नई दिल्ली। 2019 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विवि में हुई हिंसा की घटनाओं से संबंधित एक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) के पूर्व छात्र शरजील इमाम और सह-आरोपी आसिफ इकबाल तन्हा को आरोपमुक्त कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प के बाद हिंसा भड़क गई थी। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुल वर्मा ने आदेश पारित किया। इमाम और तन्हा दोनों पर दंगा और गैरकानूनी असेंबली से संबंधित भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने मोहम्मद इलियास नाम के सह-अभियुक्तों में से एक के खिलाफ गैरकानूनी असेंबली और दंगा करने के आरोप तय किए।

सरस्वती की वीणा की 'वाणी' शांत

कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। फिल्म 'गुड्डी' 1971 में आयी। उसके गीत गुलजार ने लिखे थे। इस फिल्म की एक गीत 'बोले रे पपीहरा..' जन मानस पर छा गया। गुलजार के इस गीत को

वाणी जयराम ने वसंत देसाई की धुनों में लय होकर अमृत सुरों को राग मियां की मल्हार व कहरवा ताल में निबद्ध कर बरसाया, तो इस गीत की लोकप्रियता ने वाणी को संगीत की दुनिया का नीलम बना दिया। उसके बाद 'मोरे तो गिरधर गोपाल..' उस नीलम की नीलिमा को और भी परवान चढ़ा दिया। आपको इस लिखे को महसूस करना है ,तो कृपया वाणी जयराम की गायी मात्र तीन गीत- (1)बोले रे ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा का वार

झारखंड सबसे करप्ट

कोई मंत्री-मुख्यमंत्री बनता है तो हाथ से करप्शन करता है, लेकिन इन्होंने ट्रैक्टर और रेलवे के वैगन से भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया...अमित शाह

नवीन मेल संवाददाता। देवघर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देवघर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि कोई मंत्री-मुख्यमंत्री बनता है तो हाथ से करप्शन करता है, लेकिन इन्होंने ट्रैक्टर और रेलवे के वैगन से भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया। उन्होंने हेमंत सोरेन को सीधे चुनौती देते हुए कहा कि वे चुनाव मैदान में आकर दो-दो हाथ कर लें। राज्य की जनता उन्हें सरकार से हटाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आह्वान किया वे 2024 में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर एक बार फिर से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएं।

झारखंड में एक महीने के भीतर अमित शाह की यह दूसरी रैली है। इसके पहले बीते 7 जनवरी को उन्होंने चाईबासा में पार्टी की पहली विजय संकल्प रैली को संबोधित किया था। देवघर में आज दूसरी विजय संकल्प रैली को संबोधित करने के पहले केंद्रीय गृह मंत्री ने यहां इफको के नैनो यूरिया प्लांट की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस प्लांट से प्रतिवर्ष छह करोड़ बॉटल तरल यूरिया का उत्पादन होगा, जिसकी मदद से फसलों की पैदावार में डेढ़ गुना तक इजाफा होगा।

अमित शाह ने कहा कि वे संताल परगना को जीतने का संकल्प लेने यहां पहुंचे हैं। यहां से शिबू सोरेन के परिवार का बोरिया बिस्तर बांधकर भेज देना है। हेमंत सोरेन को आदिवासियों का विरोधी बताते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वोट बैंक के लालच में वे यहां की जनसांख्यिकी बदल रहे हैं। यहां घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। आदिवासियों और पिछड़े वर्ग की जनसंख्या कम हो रही है। घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं। वे यहां की बहू-बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं। साहेबगंज, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा में खुलेआम घुसपैठ हो रहा है और हेमंत सोरेन इस पर रोक लगाने के बजाय मुस्कुरा रहे हैं।

उन्होंने कहा- हेमंत बाबू, संथाल परगना में आपने विकास का कोई काम नहीं किया। केवल जनता को मूर्ख बनाने का काम किया। जनता अब आपको जान चुकी है और आप से हिसाब मांगती है। आदिवासी बेटियों की हत्या का जवाब आपसे मांगा जा रहा है। गरीबों और आदिवासियों के विकास का पैसा दिल्ली के दरबार में पहुंचाया जा रहा है। यह क्षेत्र साइबर क्राइम का हब बन गया है। यहां बच्चों को गलत रास्ते पर ले जाकर बड़े-बड़े अपराध हो रहे हैं। भारत सरकार ने साइबर क्राइम से लड़ने के लिए जितनी भी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मरांडी का भी जोरदार हमला

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी शनिवार को हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह सरकार हर मामले में भ्रष्टाचार कर रही है। बीते तीन साल से विकास का काम रुका हुआ है। सब लोग गलत तरीके से कमाने में लगे हुए हैं। पूरा परिवार है लगा हुआ। यह परिवार कोयला, जंगल तो लूट ही रहा है, जो जमीन खाली दिखता है, उसको भी लूटने में कोई पीछे नहीं है। झारखंड के मुख्यमंत्री राजनीति कर रहे हैं। काम तो कर ही नहीं रहे हैं। नियोजन नीति राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र की बात होती है। इन्होंने उसके साथ भी राजनीति कर दिया। क्या आपको याद नहीं है कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी नियोजन नीति बनाई थी? क्या हुआ उसमें? क्या खराबी थी? आप चाहें तो सबकुछ कर सकते हैं लेकिन आप तो राजनीति कर रहे हैं। झारखंड के लोग रोजगार के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं और मुख्यमंत्री का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लगा हुआ है। रघुबर दास ने जो नीति बनाई थी, आपने उसे भी खत्म कर दिया। राज्य सरकार को यह पूरा हक है कि वह स्थानीय नीति बनाए, लेकिन आप तो उसमें भी राजनीति कर रहे हैं। आपके पास यह अधिकार है कि आप राज्य के लोगों को नियोजित करें। उसके लिए आप नीति बना सकते हैं। वो दूसरों के कंधे पर बंदूक रख कर राजनीति कर रहे हैं।

झामुमो का पलटवार

सिर्फ व्यापारियों की चिंता

हम आदिवासियों-मूलवासियों, पिछड़ों और गरीबों के लिए करते हैं काम, हम नौजवानों को नौकरी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं...हेमंत सोरेन

नवीन मेल नेटवर्क। धनबाद/रांची

झारखंड में शनिवार का दिन दो बड़ी सियासी रैलियों के नाम रहा। एक तरफ देवघर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की विजय संकल्प रैली में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखे प्रहार किए, तो दूसरी तरफ धनबाद में झामुमो के 51वें स्थापना दिवस पर आयोजित रैली में सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जवाबी हमला बोला।

हेमंत सोरेन ने धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को केवल व्यापारियों की चिंता है, जबकि हमारी सरकार आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, किसानों के लिए काम करती है। हम ऐसे लोगों का पेट भरने से लेकर उन्हें राज्य की नौकरियों में हक दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी सरकार ने स्थानीय युवाओं को हक देने के लिए 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय और नियोजन नीति लाई तो इसे राज्यपाल ने उसे असंवैधानिक बताकर वापस लौटा दिया, जबकि ऐसा ही कानून कर्नाटक की सरकार ने बनाकर अपने राज्य के लोगों का आरक्षण बढ़ाया तो वहां के राज्यपाल ने इसे मंजूरी दे दी। यह अजीब स्थिति है। हम यहां के लोगों को अधिकार देने के लिए कानून बनाते हैं तो बिहार-यूपी और बाहरी लोगों के पेट में दर्द होने लगता है। सबसे अधिक झारखंडी बाहर मजदूरी कर रहे हैं और बाहर के लोगों ने झारखंड को चरागाह बनाया दिया है।

सोरेन ने कहा कि जिस तरह मेरे पिता गुरुजी को जीवन भर कोर्ट कचहरी का चक्कर कटवाया, जेल भिजवाया, आज फिर वही हो रहा है। जैसे गुरुजी लड़े, हम भी लड़ रहे हैं। कोर्ट-कचहरी सिर्फ सोरेन परिवार पर होता है। उन्हेंय मालूम है कि सोरेन परिवार के रहते इनकी दाल नहीं चलेगी। आदिवासी- मूलवासी की सरकार बने और चले, यह इन्हें मंजूर नहीं है। जब इन्होंने अपने लोगों को पांच साल नहीं चलने दिया तो यह कैसे बर्दाश्त होगा कि हमारी सरकार पांच साल चले। लेकिन आदिवासी अब बोका (मूर्ख) नहीं रहा। हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। चुनावी मैदान में वे हमारे खिलाफ नहीं टिक पा रहे तो तरह-तरह की साजिशें रच रहे हैं। कोल कंपनियों पर झारखंड के अरबों रुपये बकाया रहने का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने बकाया मांगा तो हमारे पीछे ईडी-सीबीआई को लगा दिया गया।

अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही कोविड महामारी फैल गई, लेकिन हमने बेहतर प्रबंधन से झारखंड को इससे बाहर निकाला। मजदूरों को हवाई जहाज से मंगवाया। दो साल बाद जब जीवन पटरी पर लौटा तो हमने विकास को गति दी। यह हमारे विरोधियों और विपक्षियों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है।

रैली को झामुमो सांसद महुआ माजी, विधायक मथुरा महतो, सुदिव्य कुमार सोनू सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। रैली स्थल पर सुबह से झामुमो समर्थक ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचते रहे। सैकड़ों कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन का मुखौटा पहन रखा था। जिस गोल्फ ग्राउंड में झामुमो की रैली हुई, उसी स्थान पर वर्ष 1973 में आज ही के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना हुई थी।

कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र की मुहर

सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे पांच नए जज

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए पांच जजों के नाम पर आखिरकार मुहर लगा ही दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दो फरवरी को नियुक्तियों को मंजूरी दे दी थी और नामों को नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति भवन भेजा गया था। सरकार ने शीर्ष अदालत में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। 13 दिसंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति पंकज

मिथल (राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति संजय करोल (पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार (मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह (न्यायाधीश, ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

सुनीता चौधरी ने किया नामांकन

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और आजसू का गठबंधन हो चुका है। इस उपचुनाव में एनडीए की उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने शनिवार को अपना नामांकन पत्र पर्चा भरा है। नामांकन पर्चा भरने के दौरान उनके साथ आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा के कद्दावर नेता सीपी सिंह, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विधायक लंबोदर महतो भी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ में उनके पति चंद्र प्रकाश चौधरी ने कई वर्ष मेहनत कर विकास की गंगा बहाई थी। उनकी मेहनत का नतीजा ही था कि रामगढ़ जिला विकास के पहले पायदान पर था। 2019 में जब कांग्रेसी विधायक यहां चुनी गई, तब से रामगढ़ हर पायदान पर पिछड़ता जा रहा है।

बजरंग महतो होंगे रामगढ़ से कांग्रेस के उम्मीदवार

नवीन मेल नेटवर्क। रांची/नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने कांग्रेस नेता बजरंग महतो को रामगढ़ उप चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एआइसीसी की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। पार्टी के चुनाव प्रभारी और एआइसीसी के महासचिव मुकुल वासनिक ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि बजरंग महतो रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी के आधिकारिक प्रत्याशी होंगे।

गौरतलब है कि बजरंग महतो की पत्नी ममता देवी ही पहले यहां की विधायक थीं। गोला गोलीकांड में उनकी विधायकी तो गई ही, वोट देने का अधिकार भी चला गया। विगत दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

राजेश ठाकुर ने रामगढ़ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान यह स्पष्ट कर दिया था कि ममता फैक्टर पर ही पार्टी चुनाव मैदान में आकर उपचुनाव को जीतने में कामयाब होगी।

दरअसल, कांग्रेस इस बार रामगढ़ सीट को सहानुभूति वोट के सहारे जीतना चाहती है। ममता देवी पांच माह पहले ही मां बनी हैं। उन्हें गोलीकांड मामले में पांच साल की सजा भी हुई है। कांग्रेसी नेता पहले ही ममता देवी को आंदोलनकारी बता चुके हैं। अब चर्चा यह भी है कि अपने बच्चे को गोद में लेकर बजरंग चुनाव प्रचार कर सकते हैं। मकसद है सहानुभूति वोट लेना।

वैसे, कांग्रेस की तरफ से शांतनु मिश्रा भी टिकट के लिए भरपूर प्रयास कर रहे थे। उनका दावा था कि उन्हें सभी कांग्रेसजनों का समर्थन प्राप्त है लेकिन अंतिम समय में बजरंग महतो को टिकट दे दिया गया। फोन पर बातचीत में शांतनु मिश्रा ने कहा कि वह भरपूर प्रयास करेंगे कि कांग्रेस का ही प्रत्याशी चुनाव जीते।

हम लैंगिक समानता के मजबूत पक्षधर : चंद्रचूड़

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आज दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम शीर्ष अदालत से लेकर निचली अदालत

की भूमिका पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अदालत के लिए, कोई बड़ा या छोटा मामला नहीं होता है, हर मामला महत्वपूर्ण होता है क्योंकि नागरिकों की शिकायतों से जुड़े छोटे मामलों में ही संवैधानिक और न्यायशास्त्रीय महत्व के मुद्दे सामने आते हैं। ऐसी शिकायतों को दूर करने में अदालत सादे संवैधानिक दायित्वों का पालन करती है।

पहली बार

अमेरिका के मौसम वैज्ञानिकों ने कहा-वंस इन ए जेनरेशन

46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान

विजय शंकर पांडेय। नई दिल्ली

अमेरिका के न्यू हैम्पशायर के माउंट वाशिंगटन सहित पूरे क्षेत्र में तापमान खतरनाक रूप से निम्न स्तर पर पहुंच गया है। न्यूयॉर्क और सभी छह न्यू इंग्लैंड राज्यों मैसाचुसेट्स, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड, न्यू हैम्पशायर, वर्मोंट और मेन में रहने वाले लगभग 16 मिलियन लोगों के लिए विंड-चिल चेतावनियां पोस्ट की गईं हैं। नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) ने कहा कि डीप फ्रीज अपेक्षाकृत कम समय तक रहेगा, लेकिन सुन्न करने वाली ठंडी हवाओं से शनिवार को जीवन के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। न्यू इंग्लैंड में मैसाचुसेट्स के दो सबसे बड़े शहरों बोस्टन और वॉर्सेस्टर में स्कूल शुक्रवार को स्कूल बंद कर

दिए गए थे।

बोस्टन के मेयर मिशेल वू ने रविवार को आपातकाल की स्थिति घोषित की और शहर के 6,50,000 से अधिक निवासियों की मदद करने के लिए वार्मिंग केंद्र खोले। एनडब्ल्यूएस ने चेतावनी दी थी कि यह इस पीढ़ी की सबसे अधिक ठंड होने वाली है। कड़कड़ाती ठंड ने एक तैरते संग्रहालय को बंद करने के लिए मजबूर कर दिया, जो 1773 बोस्टन टी पार्टी को प्रस्तुत करता है। संग्रहालय के एक रिसेप्शनिस्ट ने कहा, बहुत ठंड है, हम बंद हैं। मौसम सेवा भविष्यवक्ता बॉब ओरेवेक ने कहा कि शुक्रवार की शुरूआत में, पूर्वी कनाडा से संयुक्त राज्य अमेरिका में बहने वाली आर्कटिक उछाल अमेरिकी मैदानों पर केंद्रित थी। काबेतोगामा, मिनेसोटा, ओंटारियो सीमा दोपहर 1 बजे ईएसटी, माइनस 39 एफ (-39.5 सी) के तापमान के साथ अमेरिका का सबसे ठंडा स्थान था। एनडब्ल्यूएस के मौसम विज्ञानी ब्रायन हर्ले ने कहा कि ठंड, तूफान की स्थिति दिन के दौरान पूर्व की ओर फैलती है। -40 का तापमान दशकों में होता है।

हर्ले ने कहा कि माउंट वाशिंगटन स्टेट पार्क में, पूर्वोत्तर की सबसे ऊंची चोटी के ऊपर, शुक्रवार शाम तापमान शून्य से 45 ऋ (-46 उ) तक गिर गया। तुलनात्मक रूप से, कनाडा के सबसे उत्तरी आर्कटिक मौसम स्टेशन यूरेका में हवा का तापमान शुक्रवार सुबह -41 ऋ(-41 उ) पर मंडरा रहा था। बोस्टन में गत शुक्रवार शाम को 8 डिग्री फेरनहाइट (-13 सी) पर था, जबकि वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स में, पश्चिम में 40 मील (64 किमी), पारा 3 एफ (-16 सी) तक पहुंच गया। तापमान और भी कम होने की उम्मीद है। शनिवार को दोनों शहरों में रिकॉर्ड ठंड का अनुमान है। पूवार्नुमानों में बोस्टन में -6 एफ के निम्न तक जाने की आशंका है। यह 1886 के रिकॉर्ड -2 एफ से अधिक है। वॉर्सेस्टर के शनिवार को -11 के निचले स्तर पर जाने की आशंका है, जो कि-4 के अपने पिछले 1934 के रिकॉर्ड को तोड़ देगा।

पूजा सिंघल ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, पुन : जेल गई

नवीन मेल नेटवर्क। रांची

मनरेगा एवं माइनिंग घोटाला से जुड़े मनीलॉन्ड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने अदालत से मिली अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट से सशर्त अंतरिम जमानत मिलने के बाद बीते 4 जनवरी को पूजा सिंघल तकरीबन 8 माह बाद जेल से बाहर आई थीं। बेटी के इलाज के लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट से एक माह के लिए सशर्त जमानत प्रदान की गई थी। इस दौरान उन्हें झारखंड से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें बताया गया है कि चतरा,

खूंटी और पलामू में डीसी रहते हुए पूजा सिंघल के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक आए थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं। ईडी ने पिछले साल 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास, उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। इसके बाद 11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

NEWS इन ब्रीफ

प्रतिभा दर्शन महोत्सव का पुरस्कार वितरण व समापन समारोह आज

सिल्ली। सिल्ली के लगाम खेलगांव मैदान में आयोजित चार दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव का रविवार को पुरस्कार वितरण समापन समारोह का आयोजन किया गया है। अंतिम दिन कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित किए जाएंगे जिसमे महिलाओं के लिए मुंबई इन होम टाउन, म्यूजिकल चेयर, झांकी ओपन (गाजा बाजा के साथ) इसके अलावा 800 मी,100,मी 200मी, 400 मी दौड़, सुई धागा दौड़ (महिला), गोली चम्मच (कॉलेज छात्राओं के लिए) घड़ा दौड़ , हाई स्कूल छात्र छात्राओं के लिए 100 मी 200मी दौड़, रस्साकस्सी कस्सी(थाना स्टाफ के लिए), सिक्का दौड़ (छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के लिए) प्रतिभा दर्शन महोत्सव में टुसू गीत प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र होगा।

प्रतियोगिता का आयोजन

सिल्ली। प्रतिभा दर्शन महोत्सव में इस बार महोत्सव के आयोजन समिति द्वारा पहली बार एकल एवं ग्रुप टुसू गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को आकर्षक पुरस्कार के अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

समाजसेवी ने गरीबों के बीच किया कंबल व अनाज का वितरण

रातू। प्रखंड के जीटी सेंटर स्थित अपने आवासीय प्रांगण में शनिवार को समाजसेवी व भाजपा नेता महेश महतो ने शनिवार को सैकड़ो असहाय, वृद्ध व गरीबों के बीच कंबल व अनाज का वितरण किया। अपने आवासीय प्रांगण में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आसपास के गांव सरना टोली,संडे मार्किट,झखराटांड के अलावा अलावा अन्य गांव के वृद्ध, असहाय , विकलांग व जरूरतमंद लोग कंबल लेने पहुंचे। देर शाम तक कम्बल वितरण कार्य चलता रहा। कंबल व अनाज मिलने से जरूरतमंद लोगों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। समाजसेवी महेश महतो ने कहा कि आगे भी जरूरतमंद व गरीबो के बीच अनाज व कंबल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज मे गरीबो की सेवा व सहयोग ही सबसे बड़ी पूजा है।

6 एवं 7 फरवरी को दो दिवसीय ट्राइबल कल्चरल फेस्ट का होगा आयोजन

जमशेदपुर। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन करीम सिटी कॉलेज के द्वारा 6 एवं 7 फरवरी को दो दिवसीय ट्राइबल कल्चरल फेस्ट का आयोजन कल्चर सेंटर सोनारी में किया जा रहा है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रियाज ने बताया कि भारतीय संस्कृति की ट्रेवल की उत्कृष्टता को बनाए रखने में ट्रेवल्स की जो भूमिका है ,उसे युवा पीढ़ी तक पहुंचाने तथा युवाओं में ट्रेवल्स के प्रति सम्मान तथा सद्भाव को बढ़ाने के उद्देश्य यह दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि कोल्हान के लगभग 17 कॉलेज के बी एड - एम एड विभाग को इस कार्यक्रम में बुलाया गया है। जिसमें लगभग 400 प्रतिभागी अलग-अलग प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में ट्राइबल सॉन्ग, आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता, ट्रैवल फैशन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

श्री सालासर हनुमान मंदिर में भोग वितरण किया गया

रांची। अपर बाजार स्थित मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में शनिवार को श्री सालासर हनुमान जी को भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ एवं संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। कोमल पोद्दार ने परिवार सहित प्रभु के दरबार में ज्योति प्रज्वलित कर पूजन किया और भोग लगाकर भोग वितरण करने में सेवा दी। भोग में खिचड़ी का प्रसाद बनाया गया।

कोचिंग संचालक की गला रेतकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो थाना क्षेत्र के घाघरा टिकरा टोली गांव निवासी 28 वर्षीय मनीष उरांव पिता स्व राम उरांव की अज्ञात लोगों ने उसके ही घर में गला रेतकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है। वहीं घटना की जानकारी के बाद बेड़ो डीएसपी रजत मणिक बाखला, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में साक्ष्य प्रमाण इकट्ठा करते हुए शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया हैं। मृतक के छोटे भाई प्रेम प्रकाश उरांव ने इस घटना को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है। अपने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उसका बड़ा भाई मनीष तुको में एजुकेशन पॉइंट के नाम से अपना कोचिंग सेंटर चलाता था। जिसकी शादी 10

फरवरी को बेड़ो मुरतो ढवंटा टोली में एक युवती से तय थी। जिसको लेकर अपनी परंपरा के अनुसार चुपकी शादी के लिए सभी स्वजनों के साथ उसके होने वाले ससुराल शुक्रवार रात में जाना था। और इसे लेकर घर के लोग तैयार होकर कर मनीष का इंतजार कर रहे थे। जब उसका भाई मनीष उरांव पुराना घर उन लोगों के पास नही पहुंचा तो उसकी मां बोलबो उरांव उसे देखने नए घर पर गई, जहां पहुंचने पर देखा की मनीष का तेज हथियार से गला रेता हुआ है। जिसके बाद शोर कर विलाप की आवज से पूरा गांव इकट्ठा हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बेड़ो थाना को दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां उन्होंने घटना स्थल का मुआयना कर स्वजनों से पूछताछ किया। वही इस घटना को लेकर रात में ही डॉग स्क्वायड व एफएस एल की टीम घटना स्थल पहुची। साथ ही कई नमूने जांच के लिये एकत्रित किये। इधर बेड़ो पुलिस इस घटना को लेकर गहराई से छानबिन कर रही हैं। थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वैसे पुलिस कई विन्दुओं को सामने रख जांच में जुटी हुई है।

उपायुक्त ने किया उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण

खूंटी। उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को उच्च विद्यालय, मारंगहादा का औचक निरीक्षण किया। डीसी निर्देश दिए कि विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा व बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को सुचारू रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था और समस्याओं को लेकर डीसी ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बास्केट बॉल कोर्ट बनाने और चहारदीवारी के निर्माण को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देशित किया कि उपलब्ध व्यवस्थाओं और अन्य समस्याओं से सम्बंधित सूची उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षा, स्मार्ट क्लास, साइंस लैब और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

60 फीसदी मौतों का कारण गैर संचारी रोग है : डॉ अजीत खलखो

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में शनिवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिले के सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने किया। मौके पर डॉ खलखो ने कहा कि भारत में हो रही कुल मौतों में 60 फीसदी मौतों का मुख्य कारण गैर संचारी रोग है। कैंसर भी एक गैर संचारी रोग है। उन्होंने कहा कि कैंसर एक बहुत ही खतरनाक और जानलेवा रोग है। अतः लोगों को समय-समय पर अपनी जांच कराते रहना चाहिए। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार फरवरी को पूरे विश्व में विश्व कैंसर दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न स्तरों पर सामान्य कैंसर की जांच के लिए एक सप्ताह तक जांच शिविर लगाया जाएगा। जांच शिविर में

लोगों को समय-समय पर अपनी जांच कराते रहना चाहिए ताकि बिमारियों से उनको मुक्ति मिल सके

आमजनों के साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों में कैंसर की जांच की जाएगी और कैंसर से बचाव संबंधित जानकारी दी जाएगी।

डॉ रजनी नीलम टोप्पो ने कहा कि पहले अधिसंख्य लोगों की मौत का मुख्य कारण टीबी जैसे संचारी रोग थे, लेकिन अब गैर संचारी रोग हो गए हैं, जिसमें कैंसर प्रमुख है। कैंसर को रोकने के लिए धूम्रपान को रोकना होगा। डॉ प्रभावती ने कहा कि यदि शरीर के अंदर कोई दिक्कत हो, तो शरीर उसके लिए हमें सूचना देता है कि अंदर कुछ गड़बड़ी है, जिसे समय पर ध्यान देना अति आवश्यक है। यदि मस्सा या तील बढ़ने लगे, तो यह कैंसर का लक्षण है।

रंजीत बने प्रतिभा दर्शन महोत्सव मैराथन दौड़ में चैंपियन

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

सिल्ली के लगाम स्थित खेलगांव मैदान मे चल रहें प्रतिभा दर्शन महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को बंता से सिल्ली स्टेडियम तक 10 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरूआत बंता हाई स्कूल से की गई जहां विधायक सुदेश कुमार महतो ने झंडा दिखाकर धावकों को रवाना किया। मैराथन दौड़ में ओरमांझी के रंजीत कुमार महतो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मैराथन दौड़ का चैंपियन बना। रांची खेलगांव के टींकू कुमार ने द्वितीय एवं टाटीसिलवे माशु के पारशनाथ महतो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावे दस सफल धावकों में संजय महतो बीआईटी मेसरा, संजय कुमार राजरप्पा, बीक्की महतो बीआईटी मेसरा, कमलेश कुमार

महतो बीआईटी मेसरा, प्रमाण कुमार ओरमांझी, निर्मल कुमार सिल्ली एवं मुरगुमा के राजीव महतो शामिल रहे। सफल दस धावकों के अलावे दौड़ में शामिल 70 धावकों के स्टेडियम परिसर तक दौड़ पुरी करने पर सुदेश कुमार महतो एवं प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने सभी धावकों को सांत्वना पुरस्कार दिया। दौड़ में सफल रहे 10 धावकों को रविवार को खेलगांव मैदान में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर विधायक ने सभी धावकों का हौसला बढ़ाते हुए आगे इस तरह के आयोजन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, लक्ष्मण महतो आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने की छापेमारी

रातू। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को को इलाके के नगड़ू गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में 3 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 55 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोपियो में दिलवर तिग्गा, गुन्ड् उरांव व सोमरा उरांव शामिल है। सभी नगड़ू गांव के रहने वाले है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता अशोक प्रिय ने रातू थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। छापेमारी मे प्रवीण कुमार रजक, नवनीत कुमार चौबे मिन्हाज अंसारी व अन्य कर्मी शामिल थे।

सोना इलेवन गोंडाडीह व प्रेम इलेवन बड़ा मुरी फाइनल में पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

खेल गांव लगाम में चल रहे प्रतिभा दर्शन महोत्सव के तीसरे दिन प्रतियोगिता में झालदा इलबेन बनाम सोना इलेव न गोंडाडीह के बीच खेला गया। जिसमें सोना इलेवन गोंडाडीह ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर फाइल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच आजसु इलेव न बनाम प्रेम इलेवन बड़ा मुरी के बीच खेला गया जिसमें प्रेम इलेवन बड़ा मुरी ने 6 विकट से जीत दर्ज कर फाइल में प्रवेश किया। क्रिकेट में फाइल रविवार को सोंना इलेवन गोंडाडीह एवं प्रेम इलेवन बड़ा मुरी के बीच खेला जाएगा। वही कैरम सिंगल प्रतियोगिता में कन्हैया गुप्ता ,महिपाल, संजय, टिंकू शर्मा, विकास ठाकुर, अगले चक्र में प्रवेश किया। ग्रुप में सोनू पार्टी तथा

कन्हैया पार्टी, शक्ति पार्टी ने भी अगले चक्र में प्रवेश किया। शतरंज में मो मुख्तार, जीमूत प्रसाद, संदीप देवनाथ, ने अगले चक्र में प्रवेश किया। वे फुटबॉल प्रतियोगिता में कसमार बनाम विसरिया फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें कश्मार फुटबॉल क्लब में 3 गोल कर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में कस्तूरबा सोनाहातू बनाम एबीआर अगर टोली के बीच खेला गया ।जिसमें यसपुरिया अगर टोली दो गोल से विजय रहा। एबीपी रंगामाटी बनाम कस्तूरबा सिल्ली के बीच खेला गया। जिसमें एबीपी रंगामाटी दो गोल से विजई होकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

लांसर टुब्रो कंपनी ने दिया 6 लाइट व पोल

रातु। प्रखंड के कृषक उच्च विद्यालय गुड्डु गड़री के खेल मैदान के लिए रांची के लांसर टुर्बो कंपन्नी प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर मद से 30 वाट का 6 लाईट व 75 वाट का 6 मीटर का पोल लगाया गया। शनिवार को स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर जेडी त्रिपाठी, प्लानिंग मैनेजर आदि लोग शामिल हुए। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अशोक कुमार प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी,उप प्रधानाध्यापिका मेलसा स्वेता तिर्की, सहायक शिक्षक नलनी रंजन प्रसाद, संजय कुमार महतो आदि लोग भी मौजूद थे। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर के त्रिपाठी के द्वारा विद्यालय परिवार को आश्वासन दिया गया कि आने वाले सालों में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र -छात्राओ के लिए कंपनी के द्वारा सहयोग किया जाएगा। सभी कार्य सुधाकर चौबे के देख देख में किया गया।

हिंडाल्को सुपर जायंट्स ने मीडिया इलेवन को हराकर जीता फ्रेंडली मैच

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/ मुरी

हिन्डाल्को प्रबंधन की ओर से हिन्डाल्को के खेल मैदान में शनिवार को आयोजित एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच में हिन्डाल्को मुरी सुपर जायंटस की टीम ने मीडिया इलेवन की टीम को 49 रनों से हरा कर प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। प्रतियोगिता के बाद हिन्डाल्को के यूनिट हेड रति रंजन मिश्रा एवं एच आर हेड अरुण राय ने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया। यूनिट हेड ने कहा कि ऐसे आयोजनों से टीम भावना का विकास होता है एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है। हिन्डाल्को की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में कुल 148 रन बनाये। लेकिन जबाबी पारी खेलते हुए मीडिया इलेवन की टीम 10 ओवरों में कुल 99 रन पर ही सिमट गयी। हिन्डाल्को की टीम के लिये एच आर हेड अरुण राय, दीपक पांडे, अंजनी कुमार ने रन बनाये। वहीं मीडिया इलेवन के लिये तारकेश्वर महतो, सुमित महतो, अरविन्द विश्वकर्मा, कमलेश एवं अशोक ने रन बनाये। इससे पूर्व यूनिट हेड आर आर मिश्रा, एचआर हेड अरुण राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर भरत सिंह, विष्णु गिरि, कमलेश दुबे, तारकेश्वर महतो, विजय नंदन प्रसाद, प्रविन्द पांडे, तुलसी महतो, रोशन झा, प्रदीप दास, दिनेश बनर्जी, राजू, रमाकांत विश्वकर्मा, कमलेश महतो क्षेत्र के समेत सभी मीडियाकर्मी व हिंडाल्को कर्मी मौजूद थे।

राज्यस्तरीय आंदोलन के लिए एक दिवसीय बैठक आयोजित

रांची। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में कल मंडल मसीहा शरद यादव की श्रद्धांजलि सभा और ओबीसी समुदाय के प्रमुख मुद्दों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन के लिए एक दिवसीय चिंतन बैठक धुर्वा स्थित वाईवीएन पब्लिक स्कूल में होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव अजय मेहता ने कहा कि राज्य सरकार शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने, मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाए लागू करने, देश व राज्य में जातीय जनगणना कराने, ओबीसी समुदाय में क्रीमी लेयर के प्रावधानों को हटाने, सरकारी पदों पर अनुबंध, आउटसोर्सिंग व लेटरल एंट्री की व्यवस्था समाप्त करने, ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन करने, ओबीसी समुदाय को लोकसभा राज्यसभा विधानसभा एवं विधान परिषद में प्रतिनिधित्व की व्यवस्था करने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने, ओबीसी समुदाय के लिए बजट में जनसंख्या अनुपात मे रकम का प्रावधान करने आदि विषय पर गंभीर चिंतन मंथन होगी।

उपायुक्त ने मारंहादा में किया आसवन इकाई का उद्घाट

खूंटी। उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को मारंगहादा में लगाए गए औषधीय और सगंध पौधों से तेल निकालने की आसवन इकाई का उद्घाटन किया। जिला प्रशासन की पहल पर विशेष केंद्रीय सहायता मद से खूंटी सदर प्रखंड क्षेत्र के मारंगहादा गांव में एक टन क्षमता वाली डिस्टलेशन यूनिट का अधिष्ठापन किया गया है। बताया गया कि लेमन ग्रास की खेती का विस्तार जिले में स्वयं सहायता समूह के जरिए हो रहा है। इससे समूह की महिलाओं और अन्य लोगों को अच्छा रोजगार मिल रहा है।

व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा

शुद्धि पत्र

यवहार न्यायालय, सिमडेगा के PR NO- 288308/ विज्ञापन संख्या–01/2023 दिनांक 26.01.2023 एवं 28.01.2023 द्वारा प्रकाशित एवं व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के वेबसाईट में UPLOADED विज्ञापन संख्या–01/2023 की कंडिका–03 के क्रम संख्या–02 में वर्णित चालक की योग्यता वाले कॉलम में त्रुटिवश "LMV" के स्थान पर "स्डट" अंकित हो गया है। अतः इसे "स्डट" के स्थान पर "LMV" पढ़ा जाये।

प्रभारी न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा

PR 289232Law(22-23)#D

कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी

झारखंड को भाजपा ने बनाया चारागाह

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सर्वधर्म की सोच कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथिमिकता हमेशा से रही है, नफरत के बुनियाद के पर राजनीति कर देश के अखंडता और संप्रभुता पर चोट करने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाते हुए साम्प्रयदिक शक्तियों को नेस्तनाबूद करना है। ये बाते शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित रांची महानगर कांग्रेस कमिटी में नवनियुक्त प्रखंड प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्षॉ को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कही कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद इस कार्यक्रम को समाज के अंतिम

पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा मुख्य काम है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची महानगर कांग्रेस के जिला प्रभारी जवाहर मेहता ने कहा कि राज्य गठन के बाद से ही भाजपा ने झारखंड को चारागाह बना कर छोड़ दिया है कांग्रेस गठबंधन की सरकार राज्यहित में जो निर्णय ले रही है, उससे भी इन्हें दिक्कत है उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम व्यापक स्तर पर करके हम ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ते हुए देश को मजबूत करने काम करे । बैठक का संचालन महानगर महासचिव सह कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र त्रिवेदी ने किया। बैठक में इनके अलावा राजकुमार नागवंशी प्रिंस भट्ट रांची पीर की तारीख अर्चना मिर्धा फ्रांसिस तिर्की गजेंद्र सिंह दीपू सिन्हा कृष्णकांत शुक्ल, महेन्द्र मिश्रा, राजीव रंजन

कार्यक्रम को समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य है

प्रसाद, तारिक मोजीबी, जकी अहमद खां, आदि ने संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से दिलीप कुमार सिंह, सूरज वर्मा, रंजन यादव, राजूराम लोहरा, अनिल उरांव, सुधीर कुमार राय, चमन रजक, इजहार खान, प्रिंस सिंह सुदीप उरांव, श्रवण कुमार, विजय कुमार, जॉय चक्रवर्ती, अभिषेक गौरव, राजेश कुमार वर्मा, प्रवीण अग्रवाल, जगरनाथ साहू, कन्हैया महतो, दीपू सिन्हा, फ्रांसिस तिर्की, सुरेंन राम, शिवा कच्छप सहित काफी संख्या में महानगर एवं प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।

इच्छा की अभिव्यक्ति

EOI No- O1/HATIAPROJECTRANCHI-2022-23

एतद् द्वारा द्वारा सूचित किया जाता है कि सक्षम संस्थान/फर्म/गैर सरकारी जो झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, में निबंधित संस्थानों से हटिया जलशोध संस्थान धुर्वा राँची में खाली पड़े जमीन में पार्क निर्माण, फव्वारा का पुर्नोद्धार, पथ एवं भवनो के सौन्दयीकरण हेतु प्रतिष्ठान / फॉर्म / गैर सरकारी संस्थानों द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विवरणी

1. पार्क का निर्माण फव्वारा का पुर्नोद्धार कार्य सहित।
2- W.T.P. स्थित सभी भवनों एवं चहारदिवारी की रंगाई एवं सौन्दर्यीकरण कार्य ।
3- W.T.P. के पहुंच पथ एवं अन्य अन्दरूनी पथों के उपर Pavers Block लगाने का कार्य।
4- Light Arrangement कार्य एवं अन्य कार्य।
5- D.P.R बनाने एवम् तदनुसार निर्माण कार्य।

SL No.	Particulars	
1	Name of Work	PREPRATION OF DPR FOR CONSTRUCTION OF PARK INCLUDING RENOVATION OF FOUNTAIN AND BEAUTIFICATION OF ALL BUILDINGS AND ROADS of Hatia Water Treatment Plant at Dhurwa, Ranchi UNDER D. W. & S. DIVISION, HATIA PROJECT, RANCHI.
2	Name of Advertisement Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hatia Project, Doranda, Ranchi-02.
3	EOI Publish Date	08/02/2023 at 12.30 PM
4	EOI Downloading Start Date	08/02/2023 From 2.00 PM
5	Last Date for sending pre-EOI Queries	10/02/2023 (Working days 10.00 am to 4.00 PM)
6	Last date of Submission of EOI Applications	17/02/2023 at 5.00PM
7	Date of Opening of EOI Applications	20/02/2023 at 2.00 PM

नोटः– http://:jharkhandtenders.gov.in से दस्तावेज Download की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।

PR 289293 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

बूढ़ा पहाड़ की बदलती बयार योजनाएं लेकर पहुंची हेमन्त सरकार

₹100 करोड़ के बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (BPDP) की हुई शुरुआत

दशकों से योजनाओं से वंचित बूढ़ा पहाड़ के टेहरी, खपरी महुआ, हेसातु, बहेराटोली, तुमेरा, तुरेर समेत अन्य गांव के 11 हजार से अधिक लोगों को मिला लाभ

इन प्रमुख योजनाओं का मिला लाभ:-

- सर्वजन पेंशन योजना
- आवास योजना
- राशन कार्ड
- अंत्योदय राशन कार्ड
- जॉब कार्ड
- ई-श्रम कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड
- दीदी बाड़ी योजना
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना
- बिरसा आवास योजना
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना

बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (BPDP) की खास बातें:-

- योजना के तहत गढ़वा जिले के टेहरी पंचायत के 11 गांव तथा लातेहार जिले के अक्सी पंचायत के 11 गांव का संपूर्ण विकास किया जाएगा
- इन गांवों में आधारभूत संरचना तथा सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सिंचाई सुविधा एवं खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे
- दुर्गम बूढ़ा क्षेत्र के झाऊल डेरा में 25 KV और हेसातू, बहेराटोली, तुमेरा, खपरी महुआ, तुरेर, पोलपोल गांव को सौर विद्युतीकरण के तहत 5-5 KV का विद्युत आपूर्ति हेतु निर्माण कार्य शुरू

बदलाव की कहानियां

मुझे बोलेरो वाहन के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ मिला। अब जल्द मेरे पास अपना वाहन होगा। मुझे तो यकीन नहीं था कि सरकार से इतनी जल्दी मदद मिलेगी।

- विंको टोप्पो, टेहरी

मुख्यमंत्री के आने के बाद मुझे सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिला। सबसे अच्छा लगा कि मुझे बकरी पालन हेतु बकरियां मिली और पशुशेड भी स्वीकृत हुआ। मेरी पत्नी गुड़िया देवी को भी योजना का लाभ मिला है।

- मंगन किसान, तुरेर

बहु-बेटे की मृत्यु के बाद चार पोते -पोतियों की जिम्मेवारी वृद्धावस्था में हम पर आ गई। लेकिन सरकार ने हमारी बातों को सुना जिससे अब बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 6,000 रुपए मिल रहा है। हमें वृद्धा पेंशन भी मिलने लगा है।

- धीरन बिरजिया, तुमेरा

मेरे पति अब जीवित नहीं हैं। सरकार द्वारा दिए गए योजना से मुझे अब पेंशन, आवास की स्वीकृति, राशन कार्ड, जॉब कार्ड मिला। अब अपने बच्चे का पालन ठीक से कर सकूंगी।

- मयंती मिंज, टेहरी

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 289338 (IPRD) 2022-23

जीईएल चर्च बम्बलकेरा अंबाटोली नवनिर्मित गिरजाघर का संस्कार कार्यक्रम आयोजित

प्रभु की आराधना करने से होते हैं दुख दूर : संदेश

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर
जीईएल चर्च बम्बलकेरा अंबाटोली में नवनिर्मित गिरजाघर का शनिवार को संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वही विशिष्ट अतिथि में मतीयस बागे झापा जिला अध्यक्ष सिमडेगा, उपाध्यक्ष ललित समद,समुवेल धनवार ,अमन खेस सूरसेन तिर्की, विश्राम कच्छप, सुड़ग जडिया सहित अन्य उपस्थित रहे जहां पर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम पवित्र गिरजाघर संस्कार में मध्य डायसिस खूंटी टोली के विशप मुरेलल बिलुंग पादरी जेटी बिलुंग जोकबहार पादरीपन चेयरमैन की अगुवाई में विशेष पूजा का आयोजन करते हुए संस्कार संपन्न किया गया।मौके पर विशप

ने कहा प्रभु ईसा मसीह मानव कल्याण के लिए धरती पर आए थे और उन्होंने लोगों को एकत्रित करते हुए अपने धर्म और अपने समाज के प्रति तथा दीन दुखियों की सेवा के लिए लोगों को प्रेरणा दिया वे स्वयं सभी दुखों को अपने अंदर लेकर लोगों को सुख देने का कार्य किया साथ ही ईश्वर के बनाए गए इस संसार में हमें प्रार्थना करने के लिए एक निश्चित जगह के रूप में गिरजाघर प्राप्त हुआ जिसका आज पवित्र संस्कार हुआ है जिसमें आप सभी प्रार्थना कर ईश्वर की प्राप्ति कर सकेंगे।युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा यह बहुत ही सुनहरा अवसर है कि जहां पर ईश्वर का प्रार्थना करने के लिए सुंदर भवन का निर्माण कर लोगों के द्वारा इसमें सामूहिक प्रार्थना की जाएगी ईश्वर सदैव से लोगों को जोड़ने और गलत कार्यों से दूर रहकर मानव जाति की सेवा करने का प्रेरणा दिया है जिससे हमें सीख लेने की आवश्यकता है। उन्हें समाज में फैली कुरीतियों से लड़कर युवा पीढ़ी को आगे आने एवं समाज के उत्थान में सहयोग करने का आवाहन किया। साथ ही कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करने से सभी दुख दूर होते हैं। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग जगहों के टीम मौजूद रहे इसके अलावा प्रभु की उपासना स्वागत गीत मनोरंजन सहित अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम की गई। इस मौके पर मंडली चेयरमैन ए डाँग, सचिव ए डांग, कोषाध्यक्ष एस बुढ़ मौजूद रहे।

10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
शहरी क्षेत्रों में 10 से 25 फरवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एसडीओ महेंद्र कुमार ने नप सभागार में बैठक की। साथ ही अभियान से संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 42,562 लोगों को अभियान में फाईलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की सफलता को लेकर बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत दस फरवरी को बूथ बनाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके अलावे 11 फरवरी से डोर टू डोर जाकर छूटे हुए लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। अभियान में डीईसी, आईभरमेक्टिन एवं एल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी। फाईलेरिया रोधी दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बिमारी से ग्रसित मरीजों को नहीं खिलाया जाएगा। बैठक में नगर प्रबंधक आकाश डेविड सिंह, प्रफुल्ल बोदरा, मिशन प्रबंधक सुनीता कुमारी, जेई उत्पला सरदार, मलेरिया सलाहकार सुशांत कुमार, एमटीएस कुलदीप कुमार, नगर सहित नप के कई कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

लातेहार। आग लग जाने पर बरती जाने वाली सर्तकता को लेकर एक जागरूकता अभियान अग्निशमन विभाग के द्वारा शहर के केंद्रीय विद्यालय में चलाया गया। प्रभारी लिडिंग फायर मैन मनोज कुमार सिंह, फायर मैन गौरीशंकर पांडेय व सत्येद्र प्रसाद ने विद्यालय के छात्र व छात्राओं को गैस सिलिंडर में आग लग जाने पर उसे बुझाने के तरीकों एवं बरती जाने वाली सावधानियों को व्यवहारिक रूप से दिखाया। उन्होने आग लग जाने पर कम से कम नुकसान कैसे हो और आग पर किस प्रकार काबू पाया जाये, इसे भी प्रैटिकल रूप से कर के दिखाया। उन्होंने कहा कि आग का इस्तेमाल बहुत ही सावधानी से करना चाहिए। आग लगने पर आग के संपर्क में आने वाले सामानों को पहले वहां से हटाना चाहिए। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने कहा कि अग्निशमन विभाग के द्वारा दिखाये गये इस डेमो से न सिर्फ छात्रों को वरन शिक्षकों को भी बहुत कुछ सीखने को मिला।

मुख्यमंत्री की यात्रा को सफल बनाने के लिए झामुमो की बैठक

ऐतिहासिक होगी सीएम की खतियानी जोहार यात्रा : मोतीनाथ शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
खतियानी जोहार यात्रा के तहत तीसरे चरण में 14 फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री सह झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के प्रस्तावित यात्रा को सफल बनाने के लिए झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक बालूमाथ के होटल कजारिया में जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला अध्यक्ष मोती लाल शाहदेव ने कहा कि तीसरे चरण की यात्रा में मुख्य मंत्री 14 जनवरी को लातेहार पहुँच रहे हैं।झामुमो के कार्यकर्ता मुख्य मंत्री की यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से कमर कस चुके हैं। जेएमएम नीत यूपीए सरकार ने एक से बढ़कर एक ऐसे निर्णय लिए हैं जो झारखंड तथा यहाँ के लोगों के हित में है। उन्होंने कहा कि पूरा झारखंड आज सरकार के निर्णय से गौरवांवित महसूस कर रहा है। जिला अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए झारखंड के हितों के खिलाफ बताया।इससे पूर्व जिला अध्यक्ष मोतीलाल शाहदेव, जिला कोषाध्यक्ष, जिला संयुक्त सचिव को माल्याअर्पण कर स्वागत किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराँव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मिथिलेस सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी मो इमरान, विशेष आमंत्रित राजद नेता श्याम सुंदर यादव तथा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि आमिर हयात के साथ प्रखंड उपाध्यक्ष, सचिव परमेश्वर गंझु, डाक्टर प्रभात मिंज, मो अख्तर अंसारी, औरंगजेब खान, लाल संजीत नाथ शाहदेव, मोनाजीर आलम, निरमल गंझु, झारखंड आंदोलनकारी लल्लू उराँव समेत कई वक्ताओं ने यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का सुझाव दिया। साथ ही बड़ी संख्या में जिले के कोने कोने से खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गाँव गाँव टोले टोले से लोग पहुँच कर यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

सहायिका चयन मामले में प्रखंड कार्यालय का घेराव

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
प्रखंड के ग्राम सेवधरा गांव में सहायिका चयन के मामले को लेकर दिन शनिवार को ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय घेराव कर प्रखंड प्रशासन के विरूद्ध जमकर की नारेबाजी। उक्त मामले के संबंध मे प्रखंड कार्यालय का घेराव करने पहुंचे ग्रामीण महिला सीमा देवी, कलीता देवी, सुनिल उरांव, पंचायत समिति सदस्य विकास तिवारी आदि ने कहा की गुरुवार दिन को मनिका प्रखंड से बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारियो के द्वारा सेवधरा गांव में सहायिका का चयन किया गया। ग्रामीणों का आरोप है की सेवधरा गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के बावजूद उक्त गांव को पिछड़ा बहुल क्षेत्र घोषित कर पिछड़ी जाति के महिला उम्मीदवार को सहायिका के चयन में प्रखंड प्रशासन द्वारा प्राथमिकता दी जा रही है। जो आदिवासियों के साथ एक प्रकार का अन्याय है। विरोध जताने पहुंचे ग्रामीणों ने पश्चिमी जिप सदस्य बलवंत सिंह को भी सेवधरा गांव मे सहायिका चयन को रद्द करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा है। प्रखंड कार्यालय में हो हल्ला कर रहे ग्रामीणों को बीडीओ ने अपने कार्यालय में बुलाकर समझाते हुए कहा की जिला के गाइड लाइन के अनुसार सेवधरा गांव में सहायिका का चयन प्रक्रिया पूरी की गई है। बावजूद अगर ग्रामीणों को लगता है की उक्त गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है तो गांव के सर्वे कराने के लिए जिले के वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा जायेगा। तब तक चयन प्रक्रिया स्थगित रहेगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, लालेश्वर पहिया लालवती देवी, तारा मुन्नी देवी, ललिता देवी, सोनी देवी, पुर सिंह, कलेश्वरा उराव, सुरेंद्र बृजलाल सिंह, सुरेंद्र परहिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

12 एकड़ में लगे अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता
सरायकेला। चांडिल अनुमंडल अंतर्गत ईचागढ़ थाना पुलिस ने अफीम की अवैध खेती के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ईचागढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को चोगाटांड, सालुकडीह, बोड़ा व तिरुलडीह क्षेत्र में पहुंची। इस क्रम में सीतानाला के समीप जंगल क्षेत्र में कुल 12 एकड़ में लगाए गए अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इससे पूर्व विगत 28 जनवरी को भी पुलिस ने बोड़ा गांव में अभियान चलाकर तीन एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया था। अवैध रूप से की गई अफीम की खेती के विरुद्ध चलाए गए इस अभियान में सैट, जैप व जिला पुलिस के कुल 50 जवान और पांच पदाधिकारी शामिल थे। यह पूरी कार्रवाई चांडिल के एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने नेतृत्व में की गई। एसडीपीओ ने बताया कि छापामारी अभियान में लगभग 12 एकड़ में विभिन्न टुकड़ों में अफीम की खेती किया हुआ मिला, जिसे तत्काल पुलिस बल व चौकीदार की मदद से नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में ईचागढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। एसडीपीओ ने अफीम की खेती करने वाले किसानों से यथाशीघ्र उक्त खेती को नष्ट कर लेने की अपील की है। अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। इस अभियान में ईचागढ़ थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक शिवा यादव, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल मेहता एवं सशस्त्र बल के करीब 50 जवान शामिल थे।

गलत तरीके से राशन लेनेवाले लोगों पर होगी कार्रवाई : अंचल अधिकारी

बोलबा। गलत तरीके से राशन लेने वाले लोगों पर होगी करवाई । इस मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम मांझी जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में कहा। उन्होंने बताया कि पीडीएस पखवाडा को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक किया गया। बैठक में कहा गया कि अगर कोई भी व्यक्ति का योग्य व्यक्ति नाम राशन कार्ड में छुट गया है उसका नाम श्रेणी के अनुसार पीएचएच लाल कार्ड, पीला कार्ड, हरा कार्ड में जोड़ा जायेगा । वही नौकरी पेशा वालों के लिए सफेद कार्ड हर हाल में होना अति आवश्यक है। अभी नाम हटाना,नाम जोडना, डबल राशन कार्ड धारी का नाम काटने का काम किया जायेगा । अंचल अधिकारी ने कहा कि लगभग 400 हरा कार्ड धारी इस अंचल बोलबा में हैं । जिसका नाम हटाने,काटने,डबल कार्ड डिलिट,बिवाह हो गये,मृत लोगों का नाम काटा जा रहा है। इस मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाईक, बिनोद बडाइक, शांति दवी, स्नेहलता केरकेट्टा मुखिया मौजुद थे ।

हादसे में बाल-बाल बचा चालक

कुरडेग। कुरडेग थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना के समीप अनियंत्रित होकर रांची से छत्तीसगढ़ के दुर्ग की ओर जा रही चेचिस ट्रक पेड़ से टकरा गई वही टक्कर के दौरान चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कुरडेग पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी बताया जा रहा है कि ठंड के कारण चालक अपना वाहन से संतुलन खो बैठा और सड़क से गाड़ी उतर कर पेड़ को टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस वाहन को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जिप सदस्य ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

बानो। बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना नेबानो पहान टोली में ग्रामीणों से मुलाकात कर गाँव के समस्याओं की जानकारी लिया।ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखते बताया कि काफी दिन होने के बावजूद आज तक राशन कार्ड नही बना ।प्रखण्ड कार्यालय में कई बार आवेदन देकर तो कभी ऑनलाइन आवेदन कर ने पर भी नही बना ग्रामीणों ने बृद्धा पेंशन, व प्रधानमंत्री आवास नही मिलने की समस्या रखा जीप सदस्य बिरजो कंडुलना ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ ले बृद्धा पेंशन, बिधवा पेंशन के लिये कार्यालय में जाकर आवेदन दे।कार्यालय में जाकर पता लगाएं की बकरी पालन ,गाय पालन आदि योजना कब कब चलाई जा रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल्दी आपकी समस्याओं का निदान की जाएगी इसके लिए हम प्रयास करेंगे।

कोडरमा में क्यूआर कोड आधारित ई बीट सिस्टम शुरू

कोडरमा। शहरी क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से नई प्रणाली के तहत क्यू आर कोड आधारित ई बीट सिस्टम को जिला में लागू किया गया है। एसपी कुमार गौरव ने शनिवार को इसकी शुरूआत की। नई प्रणाली के तहत पुलिस की गश्ती टीम थाना क्षेत्र के हॉटस्पॉट यथा होटल, बैंक एवं अन्य संवेदनशील स्थानों में क्यूआर कोड को स्कैन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। साथ ही कोडरमा जिले के संबंधित थानों के प्रभारी अधिकारियों की क्यूआर कोड स्कैनिंग के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कड़ी निगरानी के साथ डाटा को बनाए रखना होगा ताकि गश्त करने वाली टीम अपनी ड्यूटी से बच न सकें। एसपी ने बताया कि पिछली व्यवस्थामें पारंपरिक तौर पर डायरी के माध्यम से अपनी गतिविधियों को मैन्युअल रूप से रिकॉर्ड करना पड़ता था। नई व्यवस्था में समय, दूरी तथा फोटो के माध्यम से सटीक निगरानी हो सकेगी। नई व्यवस्था से पुलिस को अपने मोबाइल फोन से रूट पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। यह आधारित क्यूआर कोड कैमरे का उपयोग करता है। कंट्रोल सिस्टम की रियल टाइम आधार पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

पुलिस ने किया अवैध अफीम फसल को नष्ट

कुंदा। कुंदा थाना क्षेत्र के पिंजनी गांव के वन भूमी पर अवैध रूप से लगे अफीम फसल को वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को अभियान चलाकर ट्रैक्टर व लाठी डंडों से नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया की अफीम फसल तैयार होने की स्थिति में था। ऐसे वक्त पर विनिस्टीकरण किए जाने से तस्करों के अरमान पर पानी फिर गया है। आगे बताया की अब तक थाना क्षेत्र के वन भूमि व रैयती भूमि पर लगाए गए सैकड़ों एकड़ अफीम फसल को नष्ट किया जा चुका है। वहीं खेती में संलिप्त लोगों की पड़ताल की जा रही है। पहचान के उपरांत एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में छात्रा की में मौत

चतरा। शनिवार को शहर में डीडीसी आवास के पास सड़क दुर्घटना में एक स्कूली छात्रा की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई। जबकि इस घटना में एक युवक गंभीर घायल है। जिसे सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर किया गया। बताया जाता है कि मृतक छात्रा साक्षी कुमारी सदर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव निवासी शिक्षक विरेंद्र कुमार पांडेय की पुत्री थी। जो मिशन में पढ़ाई करती थी औ पिछले दिनों विद्यालय से विदाई दिया गया था। बताया जाता है कि छात्रा स्कूटी से अपने भाई को लाने डीएवी स्कूल जा रही थी। इस दौरान डीडीसी आवास के समीप एक बाइक ने टक्कर मार दी और वह गंभीर रुप से घायल हो गई थी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सदर अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों के विलाप से सदर अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना पर एसडीपीओ अविनाश कुमार दल बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

प्रशासन को सहयोग करें

कोलेबिरा थाना में शांति समिति की बैठक

अमन-चैन बरकरार रखने को पुलिस तत्पर : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
कोलेबिरा थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी प्रभात कुमार के द्वारा लचरागढ़ में क्षेत्र में अमन-चैन एवं शांति व्यवस्था को लेकर आमजन एवं व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया इस दौरान मुख्य रूप से गाड़ी मालिक दुकानदार समाज के प्रबुद्ध जन शांति समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे इस दौरान सर्वप्रथम समाजसेवी राजेश अग्रवाल एवं कांग्रेस की प्रखंड पूर्व महिला अध्यक्ष फुलकेरिया डांग के द्वारा उन्हें माला पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर स्वागत किया ।इस दौरान थाना प्रभारी ने अवैध शराब, साइबरक्राइम ,मानव तस्करी ,सड़क सुरक्षा ,अपराध नियंत्रण,

विधि व्यवस्था क्षेत्र में जुआ आदि चीजों को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए इन सब चीजों से दूर रहने और लोगों को पुलिस का साथ देने की बात कही । साइबर क्राइम जागरूकता को लेकर उन्होंने सभी लोगों को किसी भी व्यक्ति को निजी जानकारी नहीं देने एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की बात कही। वहीं मानव तस्करी मामले में उनका मानव तस्करी के हब रूप में लोग जानते थे लेकिन अब धीरे-धीरे दाग को पुलिस और आम जनता मिलकर मिटाने का काम कर रही। व्यापारियों को भी क्षेत्र में खरीदारी ना करते हुए संगठित रहकर पुलिस के संपर्क में रहने की बात कही। इसके अलावा टेंपो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को कहा ताकि दुर्घटना ना हो सके मौके पर मुख्य रुप से लचरागढ़ पुलिस पिकेट प्रभारी अजय राम, राजेश अग्रवाल, चीकू साहू, संजय साहू, दीनदयाल बागड़ी, रिक्की अग्रवाल विकास साहू, रमेश ओहदार, विनय अग्रवाल, संजय मिश्रा, कुलेश सिंह, प्रवीन साहू, संजय अग्रवाल, नितिश गोयल, कांग्रेस की फुलकेरिया डांग, सुरेश दुबे, बसंत साहू, परमानंद ओहदार, शशि ओहदार, कमल काशी उपस्थित रहे।

पर्यटन क्षेत्र की जमकर की प्रशंसा

पहाड़ी हनुमान मंदिर घूमने पहुंचे विदेशी पर्यटक, पूजा-अर्चना की

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
बरवाडीह। ऐसे तो विदेशी पर्यटकों का बेतला पर्यटन क्षेत्र बरबस लोगों को आकर्षित करता है. लेकिन प्रखंड के पहाड़ी हनुमान मंदिर भी अब पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने लगा शनिवार को विदेशी सैलानी पर्यटक पहाड़ी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने व घूमने पहुंचे। विदेशी सैलानी लॉरिक जो कि अमेरिका के और अनीता जो बेल्जियम की रहने वाले थे। दोनों अपने को दोस्त बता रहे थे। लॉरिक व अनिता ने कहा की कि वे दोनों पुराने दोस्त हैं और साल में एक बार टूर (भ्रमण) में घूमने निकलते हैं। इस बार हम दोनों

बेतला घूमने पहुंचे हुए हैं। घूमने के दौरान पहाड़ी मंदिर के सौंदर्य की जानकारी मिली तो हम लोग अपने आप को नहीं रोक पाए और यहां घूमने चले आए। पहाड़ी मंदिर घूमने के दौरान दोनों विदेशी पर्यटकों को रेल चालक गुरु प्रसाद मेहता एवं उसकी पत्नी रेनू मेहता से घुलमिल खुलकर अंग्रेजी में बातें की और क्षेत्र की पर्यटनक्षेत्र की जमकर तारीफ किया। इस दौरान दोनों विदेशी सैलानियों ने पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना भी किया।

झामुमो के 50 साल, संघर्षों और आंदोलनों से सत्ता तक का सफर

शंभु नाथ चौधरी

रांची। झारखंड में सरकार की अगुवाई कर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) 4 फरवरी को अपनी स्थापना के 50वें साल में प्रवेश कर जाएगा। बिहार को विभाजित कर अलग झारखंड के निर्माण के लिए आंदोलन को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से वर्ष 1973 में धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित एक रैली में इस पार्टी की नींव रखी गई थी। तब से लेकर आज तक इसने आंदोलनों से लेकर सत्ता तक का सफर तय करने में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। शिबू सोरेन पिछले 36 सालों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष हैं। किसी एक शख्स का किसी राजनीतिक दल में इतने लंबे वक्त तक पार्टी के अध्यक्ष बने रहना अपने आप में एक विरल राजनीतिक घटनाक्रम है। वर्ष 2021 के दिसंबर में झामुमो के अधिवेशन में शिबू सोरेन को लगातार 10वीं बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष और उनके पुत्र झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को तीसरी बार कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया था। बढ़ती उम्र का तकाजा है कि अब शिबू सोरेन बहुत सक्रिय नहीं हैं, लेकिन वह आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के पर्याय माने जाते हैं। यह सभी जानते हैं कि वे जब तक हैं, पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए किसी और नाम की चर्चा भी नहीं हो सकती। शिबू सोरेन के बाद उनके पुत्र हेमंत सोरेन निर्विवाद रूप से झामुमो के सबसे बड़े नेता है। लगभग आठ वर्षों से संगठन में कार्यकारी अध्यक्ष पद पर हेमंत सोरेन की निर्विवाद मौजूदगी बताती है कि पार्टी की शीर्ष कमान पिता से पुत्र यानी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सफलतापूर्वक ट्रांसफ? हो चुकी है। हेमंत सोरेन ने इन वर्षों में खुद को शिबू सोरेन का सफल उत्तराधिकारी साबित भी किया है। पार्टी ने 2019 में राज्य में विधानसभा चुनाव पार्टी हेमंत सोरेन की अगुवाई में ही लड़ा और अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य की सत्ता हासिल कर ली। जेएमएम ने राज्य की 81 में से 30 विधानसभा सीटों पर कब्जा किया और कांग्रेस एवं आरजेडी के साथ मिलकर कुल 47 सीटों के साथ गठबंधन की सरकार बनायी। बीते 29 दिसंबर को इस सरकार ने तीन साल पूरे कर लिए। आज की तारीख में हेमंत सोरेन के लिए जेएमएम के भीतर और राज्य में कांग्रेस और राजद को मिलाकर चल रही गठबंधन सरकार के अंदर भी कोई चुनौती नहीं है। बीते साढ़े तीन दशकों में सोरेन परिवार झामुमो के लिए अपरिहार्य बन गया है। 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य के निर्माण से लेकर अब तक राज्य में पांच बार सत्ता की कमान झामुमो यानी सोरेन परिवार के पास आयी। वर्ष 2005, 2008 और 2009 में शिबू सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने थे, जबकि 2013-14 में हेमंत सोरेन पहली बार

मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। जेएमएम की अगुवाई वाली ये चारों सरकारें अल्पजीवी रहीं। कोई सरकार महज कुछ रोज का मेहमान रही, कोई छह महीने तो कोई 14 महीने तक चली। 2019 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद जेएमएम की अगुवाई में पांचवीं बार सरकार बनी और हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। जेएमएम की यह अब तक की सबसे लंबी चलनेवाली सरकार है। पार्टी के पिछले अधिवेशन में हेमंत सोरेन जब पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए थे उन्होंने अपने संबोधन में अपनी इस उपलब्धि को इस तरह बयां किया था- पहले विरोधी हमारे बारे में दुष्प्रचार करते थे कि आदिवासी-मूलवासी भला क्या सरकार चलायेंगे? ये लोग तो दारू-हड़िया पीकर मस्त रहते हैं, लेकिन दो वर्षों के कार्यकाल में ही हमने दिखा दिया कि झारखंड के गरीबों, मजदूरों, शोषितों और किसानों के हक में सरकार को कैसे काम करना चाहिए। आज विपक्ष के पास हमारे खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। जेएमएम की नींव 4 फरवरी, 1972 को धनबाद में रखी गयी थी। उस समय शिबू सोरेन 28 साल के युवा थे। इसके पहले वह जब 12 वर्ष के थे, तब उनके पिता सोबरन मांझी की नृशंस हत्या सूदखोरों ने कर दी थी। तत्कालीन हजारीबाग जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव के रहने वाले किशोर शिबू सोरेन ने उसी वक्त से सूदखोरों-महाजनों के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लिया था। पिता के हत्यारों को अदालत से सजा दिलाने के लिए शिबू और उनके परिवार ने लंबे संघर्ष के दौरान जो दुश्वारियां झेलीं, उसने उन्हें विद्रोही बना दिया। वह आदिवासियों को एकजुट कर महाजनों-सूदखोरों के खिलाफ लड़ने लगे। वह और उनके अनुयायी तीर-धनुष लेकर चलते थे। धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह जैसे इलाकों में महाजनों के खिलाफ इस आंदोलन ने कई बार हिंसक रूप ले लिया था। शिबू सोरेन के आह्वान पर इन इलाकों में धान काटो आंदोलन चला। आदिवासी महिलाएं खेतों में उतर गयीं। आदिवासी पुरुष खेतों के बाहर तीर-धनुष लेकर पहरा देते और आदिवासी महिलाएं धान काटती थीं। इसे लेकर कुछ स्थानों पर महाजन और पुलिस के साथ आंदोलनकारियों का हिंसक संघर्ष भी हुआ। कई लोग शहीद भी हुए। विभिन्न थानों में शिबू सोरेन पर मामला भी दर्ज हुआ। पुलिस-प्रशासन के लिए शिबू सोरेन बड़ी चुनौती बन गये। वह कभी पारसनाथ की पहाड़ी तो कभी टुंडी के जंगलों में अंडरग्राउंड रहे। उनकी एक पुकार पर डुगडुगी बजते ही हजारों लोग तीर-धनुष लेकर इकट्ठा हो जाते थे। बाद में धनबाद के तत्कालीन डीसी केबी सक्सेना और कद्दावर कांग्रेसी नेता ज्ञानरंजन के सहयोग से शिबू सोरेन ने सरेंडर किया थ। दो महीने जेल में रहने के बाद बाहर आये। उन्होंने सोनोत संताल नामक संगठन बनाकर आंदोलन किया। इसी दौरान उन्हें संताली समाज ने दिशोम गुरु की उपाधि दी। दिशोम गुरु का शाब्दिक अर्थ होता है देश का नेता। बाद में 1972 में शिबू सोरेन के सोनोत संताल संगठन और विनोद बिहारी महतो के शिवाजी समाज नामक संगठन का विलय हुआ और झारखंड मुक्ति मोर्चा नामक उदय हुआ। इसमें ट्रेड यूनियन लीडर कॉमरेड एके राय की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही। विनोद बिहारी महतो जेएमएण के पहले अध्यक्ष बने थे और शिबू सोरेन पहले महासचिव। कुछ सालों में पार्टी ने दक्षिण बिहार (वर्तमान झारखंड) के साथ-साथ उड़ीसा और बंगाल में जनमुद्दों खास तौर पर अलग राज्य के आंदोलन की बदौलत जनाधार विकसित कर लिया। 1980 में शिबू सोरेन पहली बार दुमका से सांसद चुने गये। इसी वर्ष बिहार विधानसभा के लिए हुए चुनाव में पार्टी ने संताल परगना क्षेत्र की 18 में से 9 सीटें जीतकर पहली बार अपने मजबूत राजनीतिक वजूद का एहसास कराया। 1991 में झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद बिहारी महतो के निधन के बाद शिबू सोरेन पार्टी के अध्यक्ष बने और इसके बाद से वह इस पार्टी के पर्याय बन गये। झारखंड अलग राज्य के लिए चले आंदोलन को निर्णायक दौर में पहुंचाने का बहुत हद तक श्रेय जेएमएम को जाता है।

झारखंड में अफीम की खेती पर ड्रोन से निगरानी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची और आसपास के इलाकों में अफीम की खेती करने वालों और उसके तस्करों पर नजर रखने के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है। रांची और आसपास के जंगलों और पहाड़ों के बीच बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होने की सूचना के बाद पुलिस अलर्ट है। इस बार प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अफीम की खेती पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अफीम की खेती के लिए झारखंड की मिट्टी और जलवायु काफी अच्छी है, जिसकी वजह से हजारों एकड़ जमीन पर इसकी अवैध तरीके से खेती की जा रही है। पहले इसके पीछे नक्सली हुआ करते थे लेकिन अब आम ग्रामीण भी इससे होने वाली मोटी कमाई की वजह से इसकी खेती से जुड़ गए हैं। हालांकि, पुलिस अफीम की खेती करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

तंबाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर की संभावना ज्यादा : मदन मोहन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची स्थित कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. (कर्नल) मदन मोहन पांडेय ने कहा कि भारत में 100 में से करीब 40 लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। मैदा उत्पाद, भोजन में रेशा की कमी, मोटापा, इंफेक्शन, अल्कोहल ,नॉनवेज का सेवन और प्रदूषण भी कैंसर के प्रमुख कारकों में से हैं। लगातार अल्कोहल सेवन से मुंह, ब्रेस्ट, लीवर का कैंसर होने की संभावना रहती है।

मदन मोहन पांडेय बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके में एग्रोटेक किसान मेला में शनिवार को कैंसर जागरुकता पर व्याख्यान को

संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेशायुक्त पोषक अनाज (मिलेट्स), फल एवं सब्जी के पर्याप्त सेवन तथा तंबाकू, अल्कोहल एवं प्रदूषण से बचने से कैंसर की संभावना न्यूनतम की जा सकती है। सरकार, शिक्षण संस्थानों और स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर देशव्यापी तम्बाकू मुक्ति अभियान चलाना चाहिए।

पांडेय ने कैंसर के विकास के विभिन्न चरणों, पहचान तथा उपचार प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसके प्रारंभिक लक्षण दिखते ही मरीज को गंभीरता से लेना चाहिए। विशेषज्ञ सलाह प्राप्त करनी चाहिए। स्त्रियों में ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर तथा पुरुषों में फेफड़ों और कोलोन का कैंसर ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि कैंसर होने से कोई भी व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से टूट जाता है। इसलिए उसकी सतत सेवा करने के अलावा उसके साथ समानुभूतिपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। पांडेय ने कहा कि सुकुरहुट्टू, कांके स्थित कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधाएं सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस) की दर पर उपलब्ध हैं। रेडियोथेरेपी के लिए यहां झारखंड-बिहार की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध हैं।

पुलिस पर फायरिंग करने वाले टीएसपीसी उग्रवादी से एनआईए की पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पुलिस पर फायरिंग करने वाले तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादी से पूछताछ कर रही है। एनआईए की रांची ब्रांच टीएसपीसी उग्रवादी पंकज करमाली को चार दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पंकज करमाली मूल रूप से हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के बुंडू गांव का रहने वाला है। बीते दस सितंबर, 2022 को हजारीबाग पुलिस ने पंकज करमाली सहित टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। इन पर बड़कागांव थाना क्षेत्र के तलसवार और कोयलंग बालू घाट पर लेवी के लिए हवाई फायरिंग और मारपीट के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने का आरोप है। पुलिस ने इनके पास से 315 बोर का दो देशी कट्टा, 7.62 का एक पिस्टल, 315 बोर की 18 गोली, दो बाइक और पांच मोबाइल भी बरामद किया था। ये सभी टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिनेश जी उर्फ रवि दस्ता के सक्रिय सदस्य हैं।

खेल महोत्सव का उद्घाटन कोयला मंत्री करेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 17, 18 और 19 फरवरी तक सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर रांची सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में खेलगांव परिसर में शनिवार को बैठक हुई। बैठक से पहले संजय सेठ ने स्टेडियम का मुआयना किया। बैठक में खेल महोत्सव के आयोजन सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सांसद ने खेलगांव परिसर के स्टेडियम को मुफ्त में मुहैया कराने को लेकर झारखंड के खेल मंत्री और सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया। संजय सेठ ने बताया कि अब तक 1700 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। खिलाड़ियों के आग्रह पर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि पांच फरवरी से बढ़ाकर 10 फरवरी कर दी गयी है। खेल महोत्सव का उद्घाटन देश के कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी करेंगे। साथ ही सांसद अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि और खेल राज्य मंत्री नीतीश प्रामाणिक बतौर विशिष्ट

अतिथि मौजूद रहेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन पीटी उषा और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल हो सकते हैं। साथ ही देश के 12-13 सांसद के मौजूद रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि झारखंड से जितने भी खिलाड़ियों ने ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलो में भाग लिया और पदक जीता उनके कट आउटस खेलगांव परिसर में लगाये जायेंगे। इससे खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। सांसद ने कहा कि तीन दिनों तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में सभी खिलाड़ियों के रहने, उनके भोजन की व्यवस्था भी समिति की ओर से की जायेगी। खेल महोत्सव में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, वुशू, कबड्डी, योगासन और बैडमिंटन जैसे खेलों को स्थान दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सांसद खेल महोत्सव के संयोजक अजय मारू, सह संयोजक संदीप वर्मा, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक, शिवेंद्र दुबे, आदित्य सिंह, चंचल भट्टाचार्य, एन०के० डे, प्रवीण सिंह, प्रभाकर कुमार वर्मा, एसडी सिंह, चंद्रकांत रायपत, रमेंद्र कुमार सहित आयोजन समिति से जुड़े सभी लोग मौजूद थे।

तारा शाहदेव मामले में आईओ एडिशनल एसपी की हुई गवाही

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में शनिवार को गवाही दर्ज की गई। मामले में सीबीआई की ओर से मामले की अनुसंधानकर्ता (आईओ) एडिशनल एसपी सीमा पाहुजा की गवाही हुई। रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से गवाह का प्रति परीक्षण किया गया। इस दौरान आरोपित मुस्ताक अहमद भी उपस्थित थे। मामले में अब तक 27 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। अदालत ने मामले में अगली गवाही की तिथि 23 और 24 फरवरी निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार(विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

25 वर्षों में भारत वर्ल्ड इकोनॉमी के मामले में दुनिया का नेतृत्व करेगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में अमृतकाल का बजट पेश किया है, जो हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता रखता है। अगले 25 वर्षों में वर्ल्ड इकोनॉमी के मामले में भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा। डॉ जितेंद्र सिंह शनिवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आठ-नौ साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश की इकोनॉमी की जिस तरह से नींव रखी, उसी के कारण कोरोना त्रासदी से जूझने के बावजूद यह देश मजबूती से आगे बढ़ता रहा है। आज यह विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। जिस देश ने वर्षों तक भारत पर

राज किया, आज उससे बड़ी अर्थव्यवस्था हमारे देश की है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में भारत वर्ल्ड इकोनॉमी के मामले में दुनिया की अगुवाई करेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में कोरोना आपदा आने के बाद 50-60 लाख की मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों की हालत विकट हो गयी परन्तु भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती रही। हालांकि पूरी दुनिया की नजर कोरोना काल में भारत की अर्थव्यवस्था पर थी। इसके बावजूद हमारे देश ने मिसाल पेश कर दुनिया को उम्मीद की रोशनी दिखाई। आशावाद की किरण भारत में दिखी है। डा. सिंह ने कहा कि इस बार केंद्रीय बजट में सरकार ने हर वर्ग की चिंता की है। प्रधानमंत्री ने हर वर्ग के आकांक्षा को पूरा करने का माद्दा दिखाया है। महिलाओं, छात्रों, किसानों, स्टार्ट अप्स और मध्यम वर्ग से लेकर बड़े बड़े उद्योगों का भी ध्यान रखा गया है। आने वाले 25 वर्षों में देश की इकोनॉमी ग्रीन ग्रोथ करेगी। ग्रीन एनर्जी पर काम होगा। पिछले पांच-छह वर्षों में 11 करोड़ से अधिक घरों में शौचालय बने। दो करोड़ से अधिक पीएम आवास बन गये। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में नयी राजनीतिक और कार्य संस्कृति विकसित की है।

दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी

रांची। राजधानी रांची में अपराधियों का धीरे-धीरे बोलबाला बढ़ता ही जा रही है। आये दिन सड़क लूट, छिनतई, दुकान में चोरी आदि की घटनाएं देखने को मिल रही है। इस तरह की घटनाओं से शहरीवासी काफी डरे सहमे रहते हैं। लोगों का कहना है कि न जाने कब और किसकी दुकान व घरों में चोरी हो जाये कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। कुछ इसी तरह का मामला शहर के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जीएमडी इलेक्ट्रॉनिक में चोरों ने शटर तोड़कर तीन लाख से ज्यादा के मोबाइल सहित अन्य समान की चोरी कर ली। दुकान मालिक कौशल चौधरी ने शनिवार को बताया कि लगभग तीन लाख से अधिक मोबाइल सहित अन्य सामान की चोरी हुई है। मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। चोरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तैयारियां उपायुक्त ने जी 20 की तैयारी को लेकर की बैठक

शहर को स्वच्छ बनाने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को जी 20 से संबधित तैयारी को लेकर अहम बैठक की। इसके प्रस्तावित मार्ग पर पड़ने वालें स्थान जिसमें 120 देशों के डेलीगेट्स आ रहें हैं। इसी के मद्देनजर तैयारी को लेकर उपायुक्त ने कई निर्देश भी दिये। उपायुक्त ने एयरपोर्ट इंट्री गेट से लेकर होटल ग्रीन एकर्स (एयरपोर्ट रोड) से पहले झाड़ी की साफ-सफाई कराने, हिनू चौक के पास के दुकान के सामने और आस-पास को अतिक्रमण से मुक्त करने, हिनू चौक के पास बिजली केबल एवं टेलीकॉम कंपनियों के केबल व्यवस्थित करने, हिनू चौक से बिरसा चौक तक एयरपोर्ट बाउंड्री का रंग-रोगन कराने, एयर पोर्ट से पूरे

प्रस्तावित मार्ग की साफ- सफाई करने, एचईसी मेन गेट के अंदर कैलाश पति मिश्र चौराहा के आस-पास मछली मुर्गा दुकान हटाने, डीपीएस स्कूल रांची के सामने साफ सफाई कराने, अरगोड़ा चौक (सुलभ शौचालय के आस-पास) साफ- सफाई कराने और नगर निगम टीम को अलाउंसमेन्ट कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन तक स्पेशल इनकोरचमेंट राइट चलाने का निर्देश दिया, ताकि प्रस्तावित मार्ग को सुगम बनाया जा सकें। उपायुक्त ने जी 20 बैठक में वॉल्वो बस के ऊँचाई अनुसार प्रस्तावित मार्ग में पड़ने वाले मार्ग में बिजली और केबल के तार को ऊपर कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा। उपायुक्त ने होटल रेडिसन ब्लू के अधिकारी को मेहमानों के स्वागत और साज सज्जा के लिए विशेष तैयारी रखने, होटल बीएनआर स्टेशन रोड के आस-पास साफ सफाई और सौंदर्यीकरण कराने और जी -20 की बैठक के दौरान राज अस्पताल, मेडिका, मेदांता अस्पतालों को कार्डियक एम्बुलेंस तैयार रखने एवं फायर ब्रिगेड को तैयार रखने को कहा। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दूबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ,जिला नजारत उप समाहर्ता केवल कृष्ण अग्रवाल और अपर नगर आयुक्त, नगर निगम कुंवर सिंह पाहन सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे।

सीओ से गाली-गलौज मामले में एक गिरफ्तार

रांची। सोनाहातू थाना पुलिस ने राहे अंचल अधिकारी के साथ गाली-गलौज और धक्का मुक्की करने के मामले में यशवंत कुमार महतो को गिरफ्तार किया है। मामले में एक हाईवा वाहन (जेएच01ईएस 9530) बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेस में बताया कि दो फरवरी को राहे अंचल अधिकारी की ओर से थाने में शिकायत की गयी थी। शिकायत में कहा गया था कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सिल्ली-बुंडू रास्ते से अवैध रुप से बालू और गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद अंचल अधिकारी अपने वाहन चालक के साथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय से ज्यों ही राहे थाना जाने के लिए निकले। इसी क्रम में एक बालू लदा हाइवा आते दिखाई दिया। अंचल अधिकारी के रुकने का इशारा करने पर चालक वाहन रोक दिया।

सिलाई के प्रशिक्षितों को मिला प्रमाण पत्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेवा भारती रांची महानगर के भाग-2 में संचालित सिलाई-कटाई प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षित महिलाओं को बिरसा चौक स्थित सेवा निकेतन में शनिवार को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रांतीय स्वावलंबन आयाम प्रमुख अरुणा सिंह ने बताया कि सेवा भारती के माध्यम से समाज के अभावग्रस्त बस्तियों की वंचित युवतियों और महिलाओं को स्वावलंबन प्रशिक्षण देकर आर्थिक सशक्तीकरण का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं के हाथ में हुनर आ जाने से महिला आत्मनिर्भरता का जीवन स्वाभिमान से जी रही हैं। मौके पर समाजसेवी हेतल रायपत,नीलम वर्णवाल एवं कुटीर उद्योग संचालिका निशा झा ने महिलाओं को स्वावलंबन के प्रति उत्साहित व जागरूक किया। स्वालंबन केन्द्र की महिलाएं अपने अनुभव कथन साझा करते हुए कहा कि सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ा होने का मौका मिला है।अब लोगों के वस्त्र सिलकर आर्थिक उपार्जन कर अपने परिवार को सहयोग करते हैं। इसके पूर्व सेवा भारती,भाग-4 के सचिव मिथिलेश्वर मिश्रा ने सेवा भारती का कार्य परिचय रखा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय शिक्षा आयाम प्रमुख कंचन प्रभा ने दिया। इस मौके पर सेवा भारती के प्रांतीय सह सचिव राधेश्याम अग्रवाल ने शिक्षिका एवं निरीक्षिका को सम्मानित किया।

NEWS इन ब्रीफ

कुडू में कलयुग की सीता विषय पर नाट्य मंचन आयोजित

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेश पर प्रखण्ड स्तरीय युवा सद्भावना मंच द्वारा प्रखण्डों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। युवा सद्भावना मंच द्वारा कस्तूरबा विद्यालय कुडू में कलयुग की सीता विषय पर नाट्य मंचन किया गया। प्रखण्ड के चंदलासो पंचायत में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कैरो प्रखण्ड में कराओके से संगीत का आयोजन किया गया। भण्डरा प्रखण्ड के भीठा पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सेन्हा स्थित प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के साथ परिचर्चा की गई।

तीन अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज

कैरो/लोहरदगा। कैरो थाना पुलिस द्वारा कोर्ट कंप्लेन पर दो अलग-अलग स्थानों के तीन अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कोर्ट परिवाद संख्या 17/22 के आदेश पर न्यू रोड लोहरदगा निवासी तफेजुल आंसारी उर्फ एनाम, रशीद अंसारी व रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओएना निवासी इमरान अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। कैरो थाना पुलिस ने कांड संख्या 46/22 भादवि की धारा 376 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो अभियुक्तों के उपर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है।

सात से मांगों को लेकर पीडीएस डीलर संघ की हुई बैठक

सिमडेगा। शनिवार को सिमडेगा के डीलर संघ की एक आवश्यक बैठक बजार समिति में प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में की गई जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया जिसमे 7 से 9 फरवरी को पुरे भारत वर्ष में 72 घंटे कि सांकेतिक हड़ताल किया जाएगा जिसमें सिमडेगा जिला के डीलर भी 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल में रहेंगे।बैठक में कहा गया कि इससे अगर सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आगे भी विधानसभा घेराव से लेकर लोकसभा घेराव तक करने की रणनीति भी तैयार किया जाएगा।

कोनपाला गांव में जीप सदस्य ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने प्रखंड के कोनपाला पंचायत में ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने बताया कि कोनपाला पंचायत कोनपाला मोढ़ से पाकरीटोली तक सड़क सुदृढ़ीकरण में घोर अनियमितता एवं मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में मजदूरों को न्यूनतम दैनिक मजदूरी से काफी कम दैनिक मजदूरी भुगतान की जाती है जो संतोषजनक नहीं है तथा मजदूरी भी काफी विलंब से भुगतान की जाती है। मौके पर जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों का शोषण हो रहा है हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

डीसी के निर्देश पर जिला पुस्तकालय में हुआ बच्चों के परीक्षा पर काउंसलिंग

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
जिले में जेपीएससी, जेएससीए सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए सिमडेगा डीसी आर रोनिटा के निर्देश पर जिला पुस्तकालय सिमडेगा में शनिवार को तैयारी कर रहे बच्चों के बीच परीक्षा से संबंधित काउंसलिंग का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से काउंसलर के रूप में नगर परिषद सिमडेगा के प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी हर्षवर्धन जो कि पूर्व में 13 वर्षों तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियर के एचओडी के रूप में कार्यरत हैं उन के माध्यम से बच्चों का काउंसलिंग किया गया जहां पर उन्होंने जेपीएससी जीसेससी पोस्ट ऑफिस पुलिस सहित

विभिन्न प्रकार की तैयारी कर रहे बच्चों के बीच परीक्षा संबंधित छोटी-छोटी टिप्स देकर उन्हें मोटिवेट किया साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए अपने मन दिमाग और अपने आप को संतुलित रखें और पढ़ाई में विशेष ध्यान देते हुए आने वाले परीक्षाओं को तैयारी करें ।उन्होंने कहा कि ओवरकॉन्फिडेंट को हटाकर कार्य करें जिससे की परीक्षा में बेहतर परिणाम देकर सिमडेगा जिले का नाम रोशन किया जा सके उन्होंने परीक्षा से संबंधित जानकारी दी। वहीं काउंसलर के रूप में उपस्थित जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सिमा ने उपस्थित बच्चों के बीच में ऊर्जा भरते हुए कहा छोटी-छोटी बातों को ध्यान देने से हम अपने कैरियर को बड़ा बना सकते हैं ।आज यूपीएससी से लेकर बैंक हो या फिर रेलवे हो सभी जगहों पर लोग तैयारी करते हैं लेकिन सही तरीके से तैयारी नहीं करने की वजह से वह लोग पिछड़ जाते। जानकारी देते हुए अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने बताया कि सिमडेगा उपायुक्त महोदया के दिशा निर्देश पर लगातार यहां के बच्चों की तैयारी मजबूत हो रही है उनके मार्गदर्शन में सिमडेगा जिले में अभी तक 10 से अधिक बच्चों ने विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है । उपायुक्त के मार्गदर्शन में आने वाले दिनों में लाइब्रेरी में अन्य प्रकार की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे कि यहां के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बेहतर तैयारी करते हुए विभिन्न सरकारी गैर सरकारी सहित अन्य जगहों में नौकरी कर सकें।

अवैध बालू खनन मामले में दो ट्रैक्टर जप्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से बालु के अवैध खनन एवं परिवहन की गुप्त सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने मोटर साइकिल से सेन्हा थाना के जवानों को भेजा जिसपर कोयल नदी के समीप झालजमीरा पथ पर अवैध बालू खनन करते हुए बिना नंबर के दो ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया और थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। बताया जाता है कि अवैध बालू के खनन व परिवहन कोयल नदी से किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने अंचलाधिकारी विजय कुमार को संज्ञान में देते हुए स0 आ0 नि0 पवन सोरेन के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना नंबर के एक अवैध बालू लदा तथा एक खाली ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना में रखा गया है।

नवाटोली बगीचा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हुई सभा

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
प्रखंड के नवटोली बगीचा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैठक में कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से कोलेबिरा पंचायत, नवाटोली पंचायत, डोमटोली पंचायत, और बन्दरचुआ पंचायत कि ग्रामीण शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस सभा का मुख्य उद्देश्य भारत की पृष्ठभूमि इसकी इतिहास और आर एस एस की उपलब्धियों को प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर तक अवगत कराना। राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीयता का बोध कराना, अपने धर्म संस्कृति एवं अपने पूर्वजों का स्मरण कराना, भारतीय जीवन पद्धति, सनातन संस्कृति, हिंदुत्व का संरक्षण एवं संवर्धन करना होगा तभी भारत को विश्व गुरु के स्थान पर पुनः स्थापित किया जा सकता है। जिसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रत्येक खंड के मंडल स्तर पर सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री लहरु सिंह, विशिष्ट अतिथि राजा कौशल राज सिंह देव, मंडल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रघुनाथ दास, मानेश्वर सिंह जिला कुटुमब प्रबोधन मधुसूदन सिंह खंड कार्यवाह, अशोक इंदवार भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा, सरस्वती देवी,के अलावे हजारों कि संख्या में महिला, पुरूष, बच्चे एवं संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

क्विज प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं का होता है मानसिक विकास : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा
सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय प्रांगण में शनिवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से सद्भवना मंच के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं में से 25 छात्राओं ने क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की विद्यालय में प्रति माह क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेन्हा एवं नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा क्विज प्रतियोगित आयोजित होने से छात्र छात्राओं में मानशिक विकास होता

है। बताते हुए छात्र छात्राओं को कहा गया कि इसके लिए सामान्य ज्ञान की पुस्तकों का अध्यन करते रहें जिससे आप की मानसिक विकास होगा और आपस में सवाल जबाब करने की सलाह भी दी गई। क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के ग्रुप को पुरुषकृत किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीईईओ रामकरण द्विवेदी, बीपीओ निलेंद्र कुमार, वार्डेन पूनम कुमारी सोनी टोप्पो, अलका लकड़ा,स्वाती नीलिमा टेटे, सिकंदर हयात आदि उपस्थित थे।

टीएलएम मेला में विभिन्न विषयों पर विद्यालयों के छात्रों ने मॉडल प्रस्तुत किया

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जेसीईआरटी के निदेशानुसार डायट, चिरी में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला में गणित, भाषा, पर्यावरण/विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय पर विभिन्न विद्यालयों के द्वारा मॉडल प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने कहा कि शिक्षा में क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी ने पूरा परिदृश्य बदल दिया है। बच्चों को टीएलएम के माध्यम से शिक्षाप्रद, आनंदरायी एवं नवाचार युक्त शिक्षा प्रदान आवश्यक है। अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी ने अपने संबोधन में शिक्षकों को टीएलएम का उपयोग के प्रति

प्रेरित किया। टीएलएम में नवाचार के प्रति जागरूक भी किया। निर्णायक मण्डली द्वारा भाषा में मॉडल के लिए रश्मि खेस, बारचंद्र यादव व कुमारी अर्चना को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। पर्यावरण/विज्ञान में भजन चक्रवर्ती को प्रथम, राहुल कुमार को द्वितीय व राहुल कुमार को तृतीय, गणित में नूतन पुष्पा देवी को प्रथम, नवनीत कुमार गौड़ को द्वितीय व विजय लक्ष्मी को तृतीय और सामाजिक विज्ञान में सोनी स्मिता एक्का को प्रथम, प्रतिभा तिर्की को द्वितीय और प्रेमदानी कुजूर को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

धर्मांतरण करवाने वाले लोग सावधान रहें : लक्ष्मी नारायण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
झखरा कुम्बा लोहरदगा में जिला राजी पड़हा की बैठक बेल राजी पड़हा लक्ष्मी नारायण भगत की अगुवाई में हुई। इसमें मुख्य रूप से विशु शिकार, धार्मिक जमीन, गैर जातिय विवाह एवं धर्मांतरण से जुड़ी बातों पर चर्चा हुई।विशु शिकार 28,29,30 अप्रैल को निश्चित किया गया। लक्ष्मी नारायण भगत?? ने कहा कि हमारे देश में आदिवासी की जनसंख्या घट रहा है इसके पीछे कहीं न कहीं धर्मांतरण एवं गैर जातिय विवाह है। ऐसे लोग सावधान रहें जो मूल आदिवासी को धर्मांतरित कराने का काम करते हैं, साथ ही आदिवासी लड़की को फंसा कर जमीन, आरक्षण नीति एवं हक अधिनियम को लूटने का काम करते हैं। बैठक में मुख्य रूप से दोड़न्दा,चंद्रिमा, कसपुर, जमगाई, अरकोसा, लावागाई, हेसल, बानपुर, पेशरार, सेंदूर, ऊपर तुरियाडीह हेंदेहास सेंहा, कोड़ा पड़हा के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन गोसाईं भगत कर रहे थे। बैठक में किनू मुंडा, गंगा उरांव ने अपने परम्परागत व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही।

डीडीसी ने पेशरार के जवाल में आम बागवानी का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
उप विकास आयुक्त समीरा एस के द्वारा पेशरार प्रखंड के जवाल में टीसीबी, फील्ड बण्ड, कूप, बिरसा हरित ग्राम अंतर्गत आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। पेशरार पंचायत में दरी कालीन निर्माण, प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय, 15 वां वित्त आयोग अंतर्गत शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, एससीए योजना अंतर्गत कलवर्ट का निरीक्षण किया गया।इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्र, जनवितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया गया। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण में रोकड़ पंजी, अभिश्रव पंजी, उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी,आगत निर्गत पंजी का अवलोकन किया गया एवं मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वां वित्त आयोग की समीक्षा की गई। पीएम आवास योजना में लाभुक को बैंक खाता अद्यतन कराने का निदेश दिया गया ताकि लाभुक को योजनांतर्गत प्राप्त किश्तों की जानकारी मिल सके। उप विकास आयुक्त द्वारा अंचल कार्यालय का भी निरीक्षण गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के जिला समन्वयक, बीपीओ पेशरार समेत अन्य उपस्थित थे।

मॉडल स्कूल में चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

बानो। प्रखंड के मॉडल स्कूल बानो में चार दिवसीय गैर आवासीय एफ एल एन प्रशिक्षण का समापन हो गया ।इस प्रशिक्षण में पहली ,दूसरी और तीसरी कक्षा के लिए मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, सामाजिक भावनात्मक विकास, जेंडर इक्वलिटी, विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया।प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों का आकलन 360 डिग्री करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। शिक्षक बहुत अच्छे ढंग से प्रशिक्षण में भाग लिए । अंत में शिक्षकों ने शपथ लिया कि इससे अपने विद्यालयों में पूर्णता लागू करेंगे। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में केदारनाथ सिंह, ओमप्रकाश ओहदार,संध्या सिंह एवं प्रेम किशोर नायक मुख्य रूप से थे। प्रशिक्षण का निरीक्षण प्रतिदिन बीपीओ निर्मला लिंडा मैडम कर रही थी शनिवार को चौथे दिन बीईईओ वेनिगिना टोप्पो ने सभी शिक्षकों को इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर इसे बच्चों तक अच्छी तरह से इंप्लीमेंट कराने का निर्देश दिया।

अज्ञात अपराधियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली थ्रेसर मशीन के चक्का में लगाई आग

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा
सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव पंचायत स्थित डोका ग्राम में अज्ञात अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर टोली एवं थ्रेसर मशीन के चक्का में आग लगा आगजनी घटना को अंजाम दिया गया। स्वर्गीय झारी नाथ साहू के पुत्र ईश्वर साहू ने शनिवार को सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया है। सेन्हा थाना में शनिवार को आवेदन देकर कहा है। कि गुरुवार रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर के ट्रॉली का चक्का एवं थ्रेसर मशीन का चक्का में आग लगा दिया है।आग लगाने पर टायर फटने आवाज सुन व टायर जलने की गन्ध आ रहा था। तब ईश्वर साहू जाकर देखा तो टायर में आग लगा हुआ था। आग को बुझाया लेकिन

शुक्रवार को इसकी सूचना कहीं पर नहीं दिया गया। शनिवार को ईश्वर साहू ने सेन्हा थाना प्रभारी को सूचना दिया सूचना मिलने पर सेन्हा प्रभारी धनंजय पासवान दल बल के साथ डोका ग्राम पहुंचकर मामले की तहकीकात करने में जुट गए हैं। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि गुरुवार रात्रि 9 बजे के करीब ट्रैक्टर के टायर पर आग लगाया गया था। जिस की सूचना मिला है। आग किसने लगाया इस पर अनुसंधान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। बताते हुए कहा कि जांचोपरांत अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया जाएगा।

जालसाजी के आरोप में आठ पर प्राथमिकी

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना अंतर्गत बदला ग्राम निवासी स्वर्गीय मंगू भगत के पुत्र सुमन भगत ने सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए आठ नामजद के विरुद्ध जमीन विवाद एवं जालसाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि वर्ष 1974 में रिविजनल सर्वे के अनुसार खाता नम्बर 23 प्लॉट नम्बर 612 रकबा 3.65 एकड़ गजाधर साहू उर्फ गयाधर साह से ग्राम डांडू थाना लोहरदगा जिला रांची राज्य बिहार से पट्टा संख्या 2209/2187 द्वारा खरीदारी किया गया था। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 20 लाख है जिसपर खरीदारी के समय से लगातार कब्जा चला आ रहा है परंतु नया सर्वे खतियान में पुराना प्लॉट नम्बर 612से 732 रकबा 1.52 एकड़ प्लॉट नम्बर 733 रकबा 2.06 एकड़ बना हुआ है। जिसमें अवैध रूप से बहुरन देवी पति स्वर्गीय गयाधर साह उर्फ गजाधर साहू,ग्राम हेसवे डांडू राजू साहू पिता स्वर्गीय बासदेव साहू हेसवे डांडू विश्वनाथ भोक्ता पिता हिरामन भोक्ता तथा अन्य लोगों ने जालसाजी कर जमीन की बिक्री कर दिया।

दर्शन मुस्लिम समुदाय के 14 यात्री 15 फरवरी को जाएंगे अजमेर शरीफ

डीसी ने दिया प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
झारखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन, लि., रांची के पत्र के आलोक में मुस्लिम धर्मावलम्बियों के जिला के बीपीएल श्रेणी के 60 वर्ष से अधिक उम्र के तीर्थयात्री एवं नोडल पदाधिकारी सहित कुल 14 यात्रियों को दिनांक 15.02.2023 को अजमेरशरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी की यात्रा में भेजा जाना है। इस निमित उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जिला लोहरदगा को अपने क्षेत्र के सभी इच्छुक अर्हताधारी तीर्थयात्रियों की सूची, स्वास्थ्य परीक्षण प्रमाण-पत्र एवं स्वघोषणा पत्र एवं अन्य वांछित सूचना के साथ दिनांक

07.02.2023 तक जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में जमा करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ताकि जिला स्तरीय समिति द्वारा समीक्षोपरांत समेकित अंतिम सूची एवं प्रतीक्षा सूची निगम को दिनांक 08.01.2023 के पूर्वाह्न में भेजा जा सके। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा चयनित/जिला स्तर से अनुमोदित अंतिम सूची एवं प्रतीक्षा सूची के अनुरूप दिनांक 15.02.2023 को तीर्थ यात्रियों को स-समय जिला मुख्यालय भेजने की व्यवस्था का निदेश दिया गया है। साथ ही एक-एक नोडल पदाधिकारी मनोनीत कर अग्रिम सूचना (संपर्क नंबर सहित) देने का निदेश दिया गया है ताकि स-समय सुगम समन्वय हो सके। सिविल सर्जन एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के तीर्थ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के तहत करते हुए स-समय प्रमाण-पत्र जारी करने का निदेश दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को दिनांक 15.02.2023 को तीर्थयात्रियों को समाहरणालय लोहरदगा से हटिया पहुंचाने हेतु वाहन की व्यवस्था किये जाने का निदेश दिया गया है। इसी प्रकार की तैयारी निकट भविष्य में निर्धारित होनेवाले द्वारिका सोमनाथ तीर्थ यात्रा हेतु भी किये जाने और निगम के पत्र में प्राप्त प्रावधानों के अनुसार तीर्थ यात्रियों का आवेदन प्राप्त कर तैयार सूची जिला योजना कार्यालय में भेजे जाने का निदेश दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा रहेंगी। उक्त जानकारी जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा की ओर से दी गयी।

हाथियों के नुकसान पर पीड़ितों के बीच किया ऑनलाइन भुगतान

बानो। वन विभाग बानो द्वारा बानो प्रखण्ड के विभिन्न गाँवों में जंगली हाथी द्वारा किये गये क्षति का आंकलन कर हाथी पीड़ित परिवारों के बीच मुवावजा राशि का वितरण किया गया ।मुवावजा राशि सीधे पीड़ितों के खाते में भेजा गया बताया गया कि प्रखण्ड के बेड़ाइरगी, सूत्रीउली, लोवासोकरा, महाबुवांग, तीनसोंगड़ा, केवेटांग आदि ग्रामीणों के बीच कुल 28 लोगो के बीच 2 लाख 36 हजार चार सौ रुपये पीडितो के बैंक खाते में एनईएफटी के माध्यम से राशि ट्रांसफर किया गया। बनपाल विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि बाकी बचे हुए लोगो का मुआवजा भी जल्द उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया जायेगा।वही वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने ग्रामीणों से कहा है कि पैसे का उपयोग अपने घरों की मरमती में लगाएं।

विवादित जमीन को लेकर उपायुक्त से मिले सेरेंगहातु तोड़ार के ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा
अंचल क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार गांव में सरकारी जमीन को बंदोबस्ती करा कर अवैध कब्जा करने के मामले में सेरेंगहातु के मिहिलाओ ने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिल कर न्याय का गुहार लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सेरेंगहातु ग्राम में स्थित सरकारी जमीन जिसका खाता नम्बर 86 प्लॉट 600 रकबा 25 डिसमिल है। उक्त सरकारी जमीन पर सामाजिक कार्यक्रम के अलावे खेल कूद का आयोजन करने में ग्रामीण उपयोग करते हैं। जिसे गाँव की महिला फुलो देवी के द्वारा बंदोबस्ती करा कर कब्जा किया जा रहा है। वही ग्रामीणों का कहना है। कि सरकारी जमीन को बंदोबस्ती करा लेने से गाँव के सभी लोगों को खेल कूद या

सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने में परेशानी होगी। साथ ही गाँव मे ग्रामीणों के बीच तनाव उतपन्न हो सकता है। वही उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराते हुए कहा कि अंचलाधिकारी से जाँच कराया जायेगा और उचित निर्णय लिया जायेगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य साफरुद्दीन अन्सारी,मुखिया शोभा देवी प्रतिनिधि मंडल ,राष्ट्रीय तेली समाज जिला युवा अध्यक्ष आदित्य साहू, समाजसेवी निर्मला देवी, इसके अलावा देवंती देवी ,सोनी देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, नीलम देवी, उर्मिला देवी, पैरों देवी, बबीता देवी सहित सैकड़ों महिलाएँ उपस्थित थी।

NEWS इन ब्रीफ

बाबा रामदेव के आगमन को लेकर जिला समिति की बैठक

मेदिनीनगर। स्वामी बाबा रामदेव के आगमन को लेकर जिला समिति के द्वारा प्रखंड स्तर पर प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई । इसी क्रम में योग के प्रति स्वामी जी के आगमन से पूर्व एक वातावरण बनाने के उद्देश्य से प्रखंड मुख्यालय स्तर एवं पंचायत मुख्यालय स्तर पर तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। इसकी पहली कड़ी के रूप में भारत स्वाभिमान द्वारा नावा बाजार प्रखंड के राजहरा पंचायत कोठी टोला पर तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर 4 से 6 फरवरी तक, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया । जिसका आयोजन रामानंद पांडे एवं सरस्वती विद्या मंदिर की प्राचार्या ज्योति कुमारी ने किया। वहीं दीप प्रज्वलन योग शिविर में उपस्थित वयोवृद्ध विशन प्रजापति ने किया। योगाभ्यास जिला प्रभारी राजीव शरण के द्वारा कराया गया।

किशुनपुर मार्केट में हाईमास्ट लाइट का निर्माण

पाटन। प्रखंड के किशुनपुर मार्केट में काली मंदिर मोड़ के पास उमेश सिंह की पहल और पूर्व सांसद मनोज कुमार तथा वर्तमान विधायक पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र मति पुष्पा देवी के प्रयास से 30 फीट का सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है । जिसमें आज से इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस लाइट के लगने से क्षेत्र के दुकानदारों के साथ साथ आम नागरिकों को भी काफी लाभ होगा तथा चोरी जैसी घटनाओं में रोक लगेगी। इस सोलर हाईमास्ट लाइट के लगने से इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है । इसे लेकर लोगों पूर्व सांसद मनोज कुमार और वर्तमान विधायक मति पुष्पा देवी का आभार वयक्त किया है।

भारतीय स्टेट बैंक का किया औचक निरीक्षण

हरिहरगंज । पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने शनिवार को हरिहरगंज ब्लॉक समीप भारतीय स्टेट बैंक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक में सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। बैंक में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा गार्ड की जानकारी ली। इस दौरान बैंक के सुरक्षा में लगे गार्ड का ड्यूटी रजिस्टर की भी जांच की। बैंक में आने वाले लोगों पर संदेह होने पर पूछताछ करने का निर्देश दिया। वही बैंक के आसपास भटकने वाले लोगों पर नजर रखने की भी बात कही। वही शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि बैंक आपकी सेवा में तत्पर है। मौके पर कई बैंक कर्मी मौजूद थे।

वृद्धा लापता, स्वजन परेशान

हरिहरगंज । नगर पंचायत क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव निवासी 85 वर्षीय वसिहन बीबी घर में बिना बताए बीते 2 फरवरी से लापता है। इससे स्वजन काफी परेशान हैं। इस संबंध में लापता वृद्धा के पोते इरशाद आलम ने बताया कि सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन किया। बावजूद उसके दादी का कहीं पता नहीं चल सका।

पलामू: माघ पूर्णिमा सह संत रविदास जयंती आज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में माघ पूर्णिमा पूरे श्रद्धा के साथ सोमवार को मनाया जाएगा। माघ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को माघ पूर्णिमा या माघी पूर्णिमा कहा जाता है। माघ पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। इस अवसर पर स्थानीय कोयल नदी और आसपास के सरोवर में स्नान के लिये लोगों की भीड़ लगने की पूरी संभावना है। लोगों के अनुसार माघ पूर्णिमा में प्रयागराज के संगम में स्नान करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। माघ पूर्णिमा के अवसर पर सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया जाता है। इस दिन माता लक्ष्मी और चंद्रमा की भी पूजा की जाती है। चंद्रमा की पूजा करने से कुंडली से चंद्र दोष दूर होता है और माता लक्ष्मी की कृपा से जीवन में सुख, समृद्धि, धन एवं वैभव प्राप्त होता है।

माघ पूर्णिमा के पूजा का मुहूर्त : पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि माघ माह की पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 4 फरवरी को रात 9 बजकर 29 मिनट से होगी। ये तिथि अगले दिन 5 फरवरी को रात 11 बजकर 58 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार माघ पूर्णिमा 5 फरवरी को मनाई जाएगी।

माघ पूर्णिमा में दान का महत्व : माघ माह में विष्णु पूजा, गंगा स्नान का विशेष महत्व है। माघ माह में प्रयागराज में संगम के तट पर पूरे माह कल्पवास किया जाता है। इस दौरान गंगा स्नान और भक्ति-भजन किया जाता है। भगवान विष्णु एवं मां गंगा की कृपा से पाप मिट जाते हैं। मनोकामनाओं की पूर्ति होती है, मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है।

आज संत नरहरि की भी है जयंती

पलामू में संत रविदास और संत नरहरि की जयंती सोमवार को मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर और मठों में कीर्तन-भजन का विशेष आयोजन किया जाता है। कई जगहों पर झाकिंया निकाली जाती हैं। साथ ही कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं। इनमें संत रविदास जी की जीवन गाथा सुनाई जाती है। लोग संत और महात्मा रविदास जी के पदचिन्हों पर चलने का लक्ष्य बनाते हैं। सत्संग में संत रविदास की रचनाओं का भजन कीर्तन में गायन होता है। लोग भक्तिभाव से संत रविदास जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। वही, स्वर्णकारों समाज के कुलगुरु संत शिरोमणि नरहरी महाराज की भी जयंती स्वर्णकार समाज के द्वारा मनाई जाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने बताया कि संत नरहरि जी के जयंती पर सभी प्रखंडों में जयंती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन स्वर्णकारो के गुरु बाबा नरहरिदास का जन्मोत्सव है। सभी जिला एवं प्रखंड में जहां झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के कमेटी हैं । वहां बाबा नरहरिदास का जन्म उत्सव अपने सुविधा अनुसार मनाया जाएगा एवं लोगों को बाबा नरहरी दास जी के बारे में जागृत किया जाएगा।

चिनिया में विदाई समारोह आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

चिनिया (गढ़वा)। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सेवानिवृत्त कर्मी अनुसेवक लालबाबू का बीडीओ कालिदास मुंडा के नेतृत्व में प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने सेवा निवृत्त कर्मी अनुसेवक लालबाबू को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहना कर सम्मानित किया। वहीं अंचलाधिकारी निषात अंजुम ने भी माला पहना कर तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रखंड के सभी अंचल एवं प्रखंड कर्मी लालबाबू के सेवानिवृत्त हो जाने से काफी उदास दिखे। बीडीओ ने कहा कि लालबाबू बहुत ही समर्पित कर्मी थे। इनका कार्य के प्रति काफी लगाव था। यह सटीक समय में सटीक कार्य करते थे। कार्यालय में इनका कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। उनके भविष्य के जीवन के लिए मंगल कामना की।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जविप्र दुकानों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत जन वितरण प्रणाली की कई दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पूरे राज्य में चल रहे पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विक्रताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और अब तक इस दिशा में हुए प्रगति की समीक्षा की। तत्पश्चात प्रीति किस्कु ने सदर प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सभी विक्रेताओं के साथ बैठक आहूत कर इस संबंध में सभी बिंदुओं पर तथा मुख्य रूप से छूटे हुए सदस्यों के आधार सीडिंग, मृत लाभुकों का राशन कार्ड से नाम विलोपन, अपवाद पंजी से खाद्यान्न का वितरण, डुप्लिकेट यूआइडी वाले लाभुकों का नाम विलोपित किये जाने से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु के अलावे, रजनीकांत पांडेय, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित विभिन्न स्टॉकहोल्डर्स को पीएमएफएमई योजना को धरातल पर उतारने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने तीन चयनित प्रखंड मेदिनीनगर,पांकी,हरिहरगंज में कार्यशाला आयोजित कर किसानों, उद्यमियों को स्कीम के बारे में जानकारी देने और जिले में 10 खाद्य उत्पादों को चिन्हित कर बढ़ावा देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम मैनेजर जेएसएलपीएस, सिटी मैनेजर छतरपुर, जिला समन्वयक उद्योग विभाग, जिला रिसोर्स पर्सन एवं बेतला फार्मर प्रोड्यूसर कोऑपरेटिव लिमिटेड, सभी वाणिज्यिक बैंकों के प्रतिनिधि, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के साथ अन्य एफपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पीएचडी एंट्रेंस आवेदन में गड़बड़ी

मेदिनीनगर। एनपीयू के द्वारा पलामू के उच्च योग्यताधारी के लिए पीएचडी एंट्रेंस का आवेदन निकाला है। जो 22 फरवरी तक आवेदन शुल्क के साथ जमा किया जाएगा। अभ्यर्थियों को इसके लिए सामान्य और ओबीसी कोटि के लिए 1500 और एससी, एसटी,दिव्यांग और इडब्लूएस के लिए 1000 रुपये का शुल्क लगेगा। वही पीएचडी एंट्रेंस की परीक्षा 23 मार्च को आयोजित किया जायेगा। वही,पीएचडी एंट्रेंस का आवेदन में ही गड़बड़ी हुई है। एआईएसएफ के छात्र नेता विदेशी पांडेय ने कहा कि जो लोग अपने राज्य का नाम सही से नहीं लिख पा रहे हैं, वो पीएचडी क्या करवायेंगे। यह छात्रों के साथ खिलवाड़ हैं। पहले ग्रेजुशन के छात्रों के साथ फिर पीजी के छात्रों के साथ और अब पीएचडी के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जो कि जननायक नीलांबर पीतांबर का नाम भी अधिकारियों को झारखंड लिखने नहीं आता है। ऐसे में उच्चतम शिक्षा जिसके तहत डॉक्टरेट की उपाधि देना अपमान हैं।

केंद्रीय पुस्तकालय का निरीक्षण, उपलब्ध संसाधनों की ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को साहित्य समाज चौक के समीप जिला केंद्रीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को जाना। साथ वहां उपलब्ध संसाधनों से अवगत हुए। विद्यार्थियों ने पुस्तकालय में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था होने की जानकारी दी। साथ ही इसमें मामूली सुधार का अनुरोध किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उसके समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा पलामू जिले को पुस्तकालय निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। जिससे पुस्तकालय परिसर में ही दो हॉल का निर्माण कराया जायेगा। उपायुक्त ने पुस्तकालय एवं उसके पूरे परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध शैक्षणिक संसाधन एवं हॉल निर्माण के लिए स्थान को देखा और मौके पर ही बिल्डिंग डिवीजन के कार्यपालक अभियंता को हॉल निर्माण हेतु शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि वह बच्चों के लिए कुर्सी,टेबल इत्यादि की भी व्यवस्था करें, ताकि उनके पठन-पाठन में कोई असुविधा नहीं हो। पुस्तकालय कर्मी ने उपायुक्त को बताया कि यहां 75 हजार से अधिक पुस्तकें हैं तथा पुस्तकालय में 470 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां प्रतिदिन 120 छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए नियमित रूप से आते हैं। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे बच्चों के पठन-पाठन हेतु उनके आवश्यकता को देखते हुए पुस्तकों की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि वे अच्छी तरीके से अपनी पढ़ाई कर अपने जिले एवं राज्य का नाम रोशन कर सकें। उपायुक्त ने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय में शैक्षणिक व्यवस्था दुरुस्त किया जा रहा है। इससे मेदिनीनगर ही नहीं बल्कि पूरे पलामू जिले में शैक्षणिक माहौल बनेगा। विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को इसका काफी फायदा मिलेगा। इस पुस्तकालय में कई प्रतियोगी पुस्तक, समसामयिक पुस्तक उपलब्ध कराई गई है, जिससे अध्ययन कर विद्यार्थी अपनी तैयारी को बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समूह बनाकर पढ़ाई करने पर भी बल दिया।

दुबियाखाड़ आदिवासी महाकुंभ मेला 11 को लेकर तैयारी शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के दुबियाखाड़ में चेरो वंश के महान राजा मेदिनीराय की स्मृति में 11 व 12 फरवरी को आदिवासी महाकुंभ मेला आयोजित होगा। पलामू जिला परिषद एवं आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस मेले को हाल ही में राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है। महाकुंभ मेला आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया है। मेले की तैयारी भी शुरू हो गयी है। मेले के दौरान लाखों की परिसंपत्तियों का वितरण भी होता है। साथ ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है। मेला स्थल पर राजा मेदिनीराय की प्रतिमा भी स्थापित है। आयोजन समिति के अनुसार बिहार के तत्कालीन सीएम लालू प्रसाद यादव ने 32 साल पहले इस मेले की शुरूआत की थी। राजा मेदिनीराय का शासन काल अत्यंत समृद्धशाली रहा है। राजा मेदिनीराय ने 1658 से 1674 तक पलामू के क्षेत्र पर शासन किया था। राजा मेदिनीराय का साम्राज्य दक्षिणी गया, हजारीबाग और सरगुजा तक फैला हुआ था। उनके कार्यकाल में किसी के घर में खाने-पीने की समस्या नहीं हुई।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई ।। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की एवं मंच संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जो कार्य हमें सौंपी है। उसे निरंतर करते रहना है । सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए कार्य को करना है । आज पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। सभी मंडलों के प्रभारी व मंडल अध्यक्षों को मुख्य रूप से कार्य सौंपी गई है। नियत समय पर आप अपने मंडलों में एक शक्ति केंद्र पर मंडल कार्यसमिति की बैठक कर लेंगे ऐसी उम्मीद है। और आगामी कार्यक्रमों को नियत समय पर करें, ताकि पलामू जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे । भाजपा जिला प्रभारी विनय जसवाल ने कहा कि आज पार्टी हर एक कार्य को जन जन तक पहुंचा रही है। जनता से जुड़ा हुआ हर एक मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता ही उठाते हैं । चाहे वह बालू का मामला हो, जल का मामला हो या जमीन का मामला हो या फिर जंगल का।

बीडीओ ने लाभुकों के खिलाफ करायी प्राथमिकी

नवीन मेल संवाददाता

डंडाई (गढ़वा)। पीएम आवास निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं करने वाले प्रखंड क्षेत्र के 82 लाभुकों के खिलाफ वीडियो सोमा उरांव ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं उस ओर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल ने संबंधित लोगों के घर नामजद नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। थाना का नोटिस मिलते ही लाभुकों के बीच हड़कंप मच जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि इन लोगों को बहुत पहले ही पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया था। बावजूद अब तक उनके द्वारा अपने अपने निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित लोगों को कई स्तर से प्रयास भी किया गया कि वे जल्द से जल्द अपने निर्माण कार्य को पूर्ण कर दें। लेकिन तनिक भी मौखिक बातों का उन पर असर नहीं पड़ा। बीडीओ ने कहा कि कोई भी लाभुक पीएम आवास योजना की राशि लेकर यह न समझे की अब कोई क्या करेगा। साथ ही कहां की सभी लाभुकों की भलाई बस इसी में है कि वे जल्द से जल्द अपने अपने निर्माण कार्य को पूरा कर दें नहीं तो उनके खिलाफ उक्त कर्रवाई से भी बड़ी करवाई की जा सकती है।

प्रेम प्रसंग में युवक को जेल

पाटन। प्रखंड अंतर्गत नावाजयपुर के एक युवक इरशाद आलम उम्र 22 वर्ष पिता नईम खलीफा को नाबालिक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग मामले में आईपीसी धारा 376 504 506 आवाम 3/4 पोस्को एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया ।

बेदाग सेवानिवृति ही सफलता की पहचान : जयकिशोर

सतबरवा। उप डाकघर में विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कर्मियों में सुरेंद्र नाथ मिश्रा को विदाई दी गई, जिन्होंने करीब 40 वर्षों तक इस डाकघर में पैकर के रूप में अपनी सेवा दी। वहीं हीरानंद मिश्रा पोस्टमैन के रूप में 1985 में बहाल होकर करीब 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए इनके संबोधन में सतबरवा उप डाकघर के पोर्स्टमास्टर जय किशोर प्रसाद ने बताया कि इनकी स्वच्छ और बेदाग छवि ही इनके कार्य को दर्शाता है। मौके पर वैध सुनील मिश्रा, शिक्षक अर्पण गुप्ता,डाककर्मी अखिलेश तिवारी , रूपेश प्रसाद, शिवपुजन सिंह, अशोक तिवारी समेत प्रखंड के लगभग सभी डाक कर्मी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूल का किया निरीक्षण

मेदिनीनगर। छतरपुर प्रखंड अंतर्गत सहरसवा में अपग्रेडेड उच्च विद्यालय का पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि छात्रों की कम उपस्थिति, जो छात्र थे वो भी बिना किसी यूनिफॉर्म में वही लेसन प्लान की भी जानकारी नहीं रहने के कारण विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव हिमांशु शेखर को कड़ी फटकार लगाई गई। वहीं उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर चार दिन में सुधार नहीं आया तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इनके साथ निरीक्षण में एपीओ अशोक रजक, बीपीएम शशिकांत कुमार, एमडीएम ऑपरेटर शम्भू शरण कुमार सहित सभी उपस्थित थे।

दवा व्यवसायी की पत्नी की मौत,लोगों ने जताया शोक

हुसैनाबाद। थाना रोड स्थित रौशन फार्मा के प्रोपराइटर रौशन अली की पत्नी का शुक्रवार की देर शाम को असामयिक निधन हो गया। समाचार के अनुसार रौशन अली की 45 वर्षीय पत्नी यास्मीन बानो किचन में खाना बना रही थी। उसी दौरान गिरने से बेहोश हो गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर हुसैनाबाद के कई दवा व्यवसायियों, सामाजिक व राजनीतिक दलों के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यास-ुद्दीन सिद्दिकी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम, नेहाल असगर, अशोक पाल, शक्ति पासवान, अजय कुमार राजीव रंजन, कल्लू ठाकुर, जनक पासवान समेत कई लोग शामिल है।

पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव संपन्न

छत्तरपुर। शिव शक्ति संघ खाटीन छतरपुर के द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिक महोत्सव के पावन अवसर पर सात दिवसीय रामकथा का समापन 3 फरवरी को संपन्न हो गया। प्रवचनकर्ता तेज बहादुर शास्त्री अयोध्या एवं पंकज रामायणी पटना ने 28 जनवरी से श्रीराम कथा सुना रहे थे । मेला में झूला, नाव, चरखी ब्रेक डांस लगाई गई थी जिसका लोगों ने आनंद उठाया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस यज्ञ में आकर विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर का दर्शन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भंडारा में भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । इस आयोजन को सफल बनाने में शिव शक्ति संघ ने मुख्य भूमिका निभाया। इसमें सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, शिक्षक सुनील कुमार, शिव शक्ति संघ के अध्यक्ष पप्पू कुमार ,चंदन कुमार ,उमेश प्रसाद ,गोकुल प्रसाद, महेश प्रसाद ,विजय प्रसाद ,भरत प्रसाद ,अरुण कुमार,अनिल साहू एवं समस्त ग्रामवासी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया ।

मनरेगा संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर हुई बैठक

लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं के प्रखंडवार समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना,वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना,भीमराव अंबेडकर आवास योजना,आधार सीडिंग, जिओ टैग, लंबित इंदिरा आवास योजना की समीक्षा की। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सप्ताह में एक दिन प्रखंड के सभी मुखिया,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक,जेई को बुलाकर पंचायत में चल रही योजनाओं की समीक्षा करें। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान मनरेगा कार्य मे लापरवाही बरतने के कारण ऑन द स्पॉट हुसैनाबाद और सतबरवा प्रखंड के जेई को सेवामुक्त किया। वंही लेस्लीगंज के जेई के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पाटन के प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ को मनरेगा और आंगनबाड़ी के कार्यो को लंबित रखने के कारण शो कॉज जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,बीपीओ और जेई को क्षेत्र भ्रमण कर मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश : उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी बीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनवाड़ी, पीएम आवास, अंबेडकर आवास, इंदिरा आवास, आधार सीडिंग, पोटो हो खेल,बागवानी आदि लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करें। उपायुक्त ने पांडू, पांकी और चैनपुर प्रखंड के बीडीओ और बीपीओ को अगले 15 दिनों के अंदर सौ प्रतिशत आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया।

पलामू जिले में पशुओं के वैक्सीनेशन में तेजी लाने का निर्देश

उपायुक्त ने पलामू जिले में पशुओं के वैक्सीनेशन को लेकर संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि वैक्सीनेशन करने वाले लोगों को जेएसपीएल के माध्यम से सभी प्रखंडो में एक सप्ताह के अंदर प्रशिक्षण देकर दस दिनों के अंदर पशुओं को वैक्सीन देकर जिले को वैक्सीन मुक्त करें। उन्होनें सभी बीपीओ,आवास के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर व जेएसएलपीएस बीपीएम को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए ग्रामीण विकास की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने की बात कही।

एक नजर इधर भी

बजट काफी अच्छा है लेकिन...

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कोई सरकार कैसा भी बजट पेश करे, विरोधी दल उसकी आलोचना न करें, यह संभव ही नहीं है। विरोधी दलों की आलोचनाएं हमेशा असंगत होती हैं, ऐसा भी नहीं है। वे कई बार सरकार और संसद को नई दिशा भी दे देती हैं। इस बार भी कुछ विरोधी दलों ने इस बजट को किसान और मजदूर-विरोधी बताया है और सरकार से पूछा है कि उसने अपना खर्च इतना ज्यादा बढ़ा लिया है तो वह पैसा कहां से लायेगी? लेकिन सरकार के इस बजट की ज्यादातर वित्तीय विशेषज्ञ तारीफ कर रहे हैं। वे वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा अब तक पेश किये गये बजटों में इसे सर्वश्रेष्ठ बता रहे हैं। किसी भी सरकार से यह उम्मीद करना कि वह अपने बजट का इस्तेमाल करते समय अपने वोट बैंक पर ध्यान नहीं देगी, गलत है। चुनावों से चुनी जानेवाली कोई भी सरकार अपने हर कदम को सबसे पहले वोट बैंक की तराजू पर तोलती है। इस दृष्टि से यह बजट काफी सफल रहा है। क्योंकि यह देश के लगभग 45 करोड़ मध्यम वर्गों के लोगों को काफी राहत दे रहा है। आयकर से 7 लाख तक की आमदनी को मुक्त कर देना अपने आप में सराहनीय कदम है। यदि लोगों के पास पैसा ज्यादा बचेगा तो वे खर्च भी ज्यादा कर सकेंगे। इससे बाजारों में चुस्ती पैदा होगी। अर्थव्यवस्था अपने आप मजबूत होगी। जनसंघ और भाजपा के अनुयायियों में मध्यम वर्ग के लोग ही ज्यादा रहे हैं। ये लोग सुशिक्षित और प्रभावशाली भी हैं। पत्रकारिता और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस वर्ग की पकड़ काफी मजबूत है। इसके अलावा इस बजट में बुर्जुर्गों, महिलाओं, आदिवासियों और कमजोर वर्गों के लिए भी तरह-तरह की सुविधाएं प्रदान की गई हैं। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की घोषणा पहले ही हो चुकी है। किसानों को इस साल 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया जायेगा। बच्चों में एनीमिया (रक्ताल्पता) की कमी को दूर करने के लिए सरकार इस बार ज्यादा खर्च करेगी। नये हवाई अड्डे तो बनेंगे ही, लेकिन रेल प्रबंध भी बेहतर बनाया जायेगा। नितिन गडकरी की देखरेख में सड़क-निर्माण कार्य तेजी से हो ही रहा है। डिजिटल लेनदेन में यूं भी भारत दुनिया के देशों में अग्रगण्य है, लेकिन उसे अब अधिक बढ़ाया जायेगा। ऐसी कई पहल इस बजट में हैं लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो क्रांतिकारी पहल भारत को करना चाहिए, उसके संकेत बहुत हल्के हैं। किसी भी राष्ट्र को सुखी और संपन्न बनाने के लिए इन दोनों मुद्दों पर जोर देना बहुत जरूरी है। शोध और शिक्षा का माध्यम जब तक भारतीय भाषाओं में नहीं होगा और चिकित्सा में पारंपरिक भारतीय पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष बजट नहीं बनेगा, भारत की प्रगति की रफ्तार तेज नहीं हो पायेगी। **(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)**

स्वच्छ भविष्य की ओर

भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक प्रमुख अंतर-सरकारी मंच है। भारत की अध्यक्षता आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं को रेखांकित करती है, विशेष रूप से ऐसे समय में, जब दुनिया कोविड के बाद धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में वापस आ रही है, लेकिन वैश्विक मंदी का खतरा भी मंडरा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां कभी इतनी गंभीर नहीं रही हैं। दुनिया इन सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों में से कुछ के समाधान के लिए तत्काल उपाय चाहती है। भारत की अध्यक्षता का उद्देश्य सभी के स्थायी भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग के नये क्षेत्रों में प्रवेश करना है तथा पूर्व अध्यक्षों के कार्यकाल के दौरान हुए प्रयासों और परिणामों के आधार पर आगे बढ़ना है। भारत की अध्यक्षता की थीम- 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' या 'वसुधैव कुटुम्बकम' के अनुरूप, हम अपनी 'एक पृथ्वी' को पर्यावरण-अनुकूल बनाने, 'एक परिवार' के भीतर सद्भाव पैदा करने और 'एक भविष्य' के प्रति आशान्वित होने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इस तथ्य के बावजूद कि यह दुनिया की लगभग 17 प्रतिशत आबादी का समर्थन करता है, हमने विकास के प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के क्षेत्र में काफी अच्छा काम किया है। भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 2.4 टी-कार्बन डाइऑक्साइड-ई (टन कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य) 2020 में 6.3 टी-कार्बन डाइऑक्साइड-ई के वैश्विक औसत से काफी कम है (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जारी 'एमिशन गैप रिपोर्ट 2022: द क्लोजिंग विंडो के अनुसार)। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई), 2022 में, हमें 5 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में स्थान दिया गया है। भारत निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था को अपनाने के क्षेत्र में भी विश्व का नेतृत्व कर रहा है। हमने गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता वृद्धि के सन्दर्भ में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं (एनडीसी) को 2030 के लक्षित वर्ष से बहुत पहले ही हासिल कर लिया है और इसके बाद से अपने लक्ष्यों को अद्यतन भी किया है। अद्यतन किये गये एनडीसी के अनुसार, भारत अब 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने के साथ 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से संचयी विद्युत ऊर्जा स्थापित क्षमता का लगभग 50 प्रतिशत हासिल करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। युवा आबादी, बढ़ते शहरीकरण, डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर अनुकूलन, स्टार्ट-अप की बढ़ती संख्या के साथ भारत का प्राथमिक उद्देश्य, स्थायी तरीके से सस्ती बिजली तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने का रहा है। देश ने हाल के दिनों में स्थितियों को बदलने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कुछ साल पहले तक बिजली की कमी का सामना करने वाली स्थिति से अब हम एक बिजली अधिशेष राष्ट्र हैं। हमने एक एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित किया है, वितरण नेटवर्क को मजबूत किया है, हम नवीकरणीय ऊर्जा में एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में उभरे हैं और हमने सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल किया है। भारत का ऊर्जा मिश्रण काफी विविध है। बिजली उत्पादन, विभिन्न स्रोतों के माध्यम से होता है, जिसमें कोयला, लिग्नाइट, प्राकृतिक गैस, तेल, जल और परमाणु से लेकर सौर, पवन और बायोमास जैसे अक्षय स्रोत शामिल हैं। सरकार नई तकनीक और नवाचार के माध्यम से स्वच्छ बिजली का उत्पादन करने के लिए देश की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में पूरा ध्यान दे रही है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जो 2026 तक नई क्षमता वृद्धि के साथ दोगुनी हो जायेगी। भारत के ऊर्जा मिश्रण में सौर और पवन ऊर्जा का हिस्सा अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। देश आधुनिक जैव-ऊर्जा के लिए दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में कार्बनीकरण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी और देश का लक्ष्य हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में उभरना है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता वाले देश के रूप में उभरा है। इसने देश को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए सबसे आकर्षक निवेश का केंद्र भी बना दिया है। ये प्रयास भारत को अपनी जरूरतों को पूरा करने में मदद कर रहे हैं और दुनिया भर में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने के वैश्विक प्रयासों में भी योगदान दे रहे हैं। अब चुनौती, ऊर्जा को किफायती बनाने की है, वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और कठिन बाजार स्थितियां ऊर्जा सुरक्षा के जोखिमों को बढ़ा रही हैं। हालांकि नीतिगत उपायों और शमन पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, ठोस/मापने योग्य परिवर्तन लाने के लिए व्यक्तियों और समुदायों पर ध्यान देना भी जरूरी है। भारत ने स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना या इसे त्याग दें (गिव इट अप) अभियान जैसी पहलों में बड़े पैमाने पर सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से विकास और सामाजिक व व्यवहारिक परिवर्तनों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण सफलताओं का प्रदर्शन किया है। भारत ग्लासगो, 2021 के कॉप 26 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई वैश्विक पहल - लाइफ या पर्यावरण के लिए जीवनशैली- को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए लाइफ लोगों व समुदायों का आह्वान करता है कि 'नासमझ और विनाशकारी खपत' के बजाय 'सचेत और सोच-समझकर उपयोग' के लिए वे इसे अंतर्राष्ट्रीय जन आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करें। लाइफ प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत और सामूहिक कर्तव्य का उत्तरदायित्व देता है कि वे ऐसी जीवनशैली को अपनाएं, जो पृथ्वी के अनुकूल हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। 1.4 बिलियन से अधिक लोगों के साथ एक बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की जलवायु अनुकूलन और शमन महत्वाकांक्षाएं न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी पृथ्वी के लिए परिवर्तनकारी हैं। नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए, बदलाव के दौर में भारत की प्रभावशाली प्रगति दशार्ती है कि कोई भी देश अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने संसाधनों के उपयोग के बारे में उचित विकल्प चुनकर सफल हो सकता है। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य का निर्माण करने के क्रम में, भारत की जी-20 अध्यक्षता सदस्य देशों के बीच ट्रस्टीशिप की भावना के साथ साझा, सहयोग और निर्माण का मार्ग अपनायेगी।

भारत की अध्यक्षता की थीम- 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' या 'वसुधैव कुटुम्बकम' के अनुरूप, हम अपनी 'एक पृथ्वी' को पर्यावरण-अनुकूल बनाने, 'एक परिवार' के भीतर सद्भाव पैदा करने और 'एक भविष्य' के प्रति आशान्वित होने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस तथ्य के बावजूद कि यह दुनिया की लगभग 17 प्रतिशत आबादी का समर्थन करता है।

इन दिनों

आर.के. सिंह

जब खुद के लिए 'बेईमान' हुए प्राण

प्राण हिंदी सिनेमा के सबसे खतरनाक खलनायक माने जाते थे। इतने खतरनाक कि किसी ने साठ के दशक से अपने बच्चों का नाम प्राण नहीं रखा। इतने खौफनाक कि दोस्त की बहन ने तो उनके सामने आने से ही मना कर दिया। लोगो में मन में उनके प्रति इतनी नफरत कि कहीं भी जाते तो लोग उन पर 'बदमाश, चार सौ बीस, लोफर, गुंडा- जैसे फिकरे कसते। एक बार दिल्ली के एक होटल में ठहरे तो एक परिवार ने उन्हें वहां देख अपने वहां ठहरने का इरादा यह कहते हुए बदल दिया कि 'अरे यहां पर भी ऐसे लोग आते हैं?' लेकिन फिर एक ऐसा दौर भी आया जब यही शरीफ बदमाश लोगों का चहेता चरित्र अभिनेता बन गया। लोग उन्हें 'केहर सिंह', 'मलंग चाचा' 'शेरखान' की यादगार भूमिकाओं के लिए सम्मान देने लगे। हालांकि इंडस्ट्री के लोग उनकी नेकनीयत के कायल थे और पहले से ही 'शरीफ बदमाश' और 'बदनाम फरिश्ता' के नाम से बुलाते और सम्मान देते थे। छह दशकों के अपने लंबे फिल्मी करियर में इस शरीफ बदमाश ने लगभग 375 फिल्मों में काम किया और दर्शकों की कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और उनसे एक जादुई रिश्ता कायम किया। साठ साल के अपने लंबे और सक्रिय फिल्मी जीवन में प्राण का कभी किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। हां एक विवाद उनसे अवश्य जुड़ा लेकिन इसकी पृष्ठभूमि खुद उन्होंने किसी और को उचित सम्मान दिलाने के लिए तैयार की थी। उस समय सबसे बड़ा और लोकप्रिय फिल्म पुरस्कार टाइम्स ऑफ इंडिया की अंग्रेजी फिल्म पत्रिका फिल्म फेयर के नाम पर फिल्मफेयर पुरस्कार होता था। इसे पाने की तमन्ना सभी रखते थे । सन 1972 में प्रदर्शित फिल्म 'बेईमान' जिसमें प्राण ने ईमानदार कांस्टेबल की भूमिका निभाई थी के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार देने की घोषणा की गई। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल 1973 को संपन्न होना था किंतु प्राण ने पुरस्कार के कर्ताधर्ता और फिल्मफेयर के संपादक बीके करंजिया को पत्र (19 अप्रैल, 1973) लिखकर इसे लेने से मना कर दिया। उनका कहना था कि इस वर्ष संगीतकार का पुरस्कार जो उनकी ही फिल्म 'बेईमान' के लिए शंकर जयकिशन को दिया जा रहा जो उन्हें न देकर 'पाकीजा' फिल्म के संगीतकार स्वर्गीय गुलाम मोहम्मद को दिया जाना चाहिए। उनके इस साहसिक कदम से फिल्म इंडस्ट्री में खलबली मच गई और लोग दो खेमों में बंट गये। फिल्म फेयर ने इस पर जब यह तर्क दिया कि पुरस्कार उनके स्वर्गीय होने के कारण नहीं दिया गया तब प्राण ने कहा कि अगर ऐसा था तो यह सब को सूचित किया जाता। उन्होंने विगत में स्वर्गीय लोगों को दिए पुरस्कारों के बारे में भी बताया। खैर प्राण पुरस्कार समारोह में नहीं गये और उनके पुरस्कार की घोषणा के समय पूर्व में लिखे उनके विरोध पत्र का कोई जिक्र स्टेज पर नहीं किया गया। जबकि उसे कई फिल्मी पत्रिकाएं पहले ही छाप चुकी थीं। खैर इसका नतीजा यह हुआ कि इस विवाद के चलते अगले 25 वर्षों तक कोई भी फिल्म फेयर अवार्ड उन्हें नहीं दिया गया। हां, वर्ष 1997 में फिल्म फेयर ने उन्हें विशेष वरिष्ठ पुरस्कार से सम्मानित कर इस विवाद से मानो मुक्ति पाई। **चलते-चलते :** प्राण अपने अधिकतर साक्षात्कारों में अपनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में 'हलाकू' का उल्लेख करते थे और अन्य पसंदीदा फिल्मों में 'मधुमति ', 'जिस देश में गंगा बहती है', ' शहीद ', ' दिल दिया दर्द लिया ', 'उपकार', ' विक्टोरिया नंबर 203' और 'जंजीर' का नाम लेते थे। डीडी कश्यप द्वारा निर्मित निर्देशित फिल्म 'हलाकू' 1956 में रिलीज हुई थी। प्राण इसमें मुख्य भूमिका यानी हलाकू के रूप में थे और मीना कुमारी, अजीत, बीना, शम्मी आदि अन्य कलाकार थे। प्राण की नजर में फिल्म की कई खासियतें थीं जैसे यह पहली फिल्म थी जिसका टाइटल खलनायक के नाम पर रखा गया था। सबसे खास बात थी फिल्म में प्राण का अनोखा मेकअप। विशिष्ट पोशाकें यानी गेट अप और जोरदार संवाद। हलाकू मंगोल और तातार जनजातियों के खूंखार नायक चंगेज खान का पोता था।

साठ साल के अपने लंबे और सक्रिय फिल्मी जीवन में प्राण का कभी किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। हां एक विवाद उनसे अवश्य जुड़ा लेकिन इसकी पृष्ठभूमि खुद उन्होंने किसी और को उचित सम्मान दिलाने के लिए तैयार की थी। उस समय सबसे बड़ा और लोकप्रिय फिल्म पुरस्कार टाइम्स ऑफ इंडिया की अंग्रेजी फिल्म पत्रिका फिल्म फेयर के नाम पर फिल्मफेयर पुरस्कार होता था।

है न विचित्र बात !

कांग्रेस अब नई यात्रा की तैयारी में

इन दिनों

ऋतुपर्ण दवे

कांग्रेस ने 30 जनवरी को श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा का समापन कर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की अगली यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। यह जुलाई में गुजरात के सोमनाथ से शुरू होगी और शिलांग में खत्म होगी। राहुल के नेतृत्व में पहली यात्रा पिछले साल 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। इस यात्रा ने 145 दिन में 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर करीब 4080 किलोमीटर की दूरी तय की। राहुल को केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को जानने समझने का मौका मिला। इसी दौरान गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव हुए। राहुल ने दोनों प्रदेशों के चुनाव से दूरी बनाकर रखी। सोमनाथ-शिलांग यात्रा कितने दिन की होगी, कहां-कहां से गुजरेगी, अभी ज्यादा साफ नहीं है। कुछ समय बाद पूर्वोत्तर में त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड के चुनाव होने हैं। यहां कांग्रेस के लिए वजूद बचाने और बढ़ाने की चुनौती है। बेशक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हैं लेकिन कांग्रेस के कमांडर राहुल हैं। वह पूर्वोत्तर में कैसा प्रभाव दिखा पायेंगे, यह देखना काफी दिलचस्प होगा। भारत में राजनीतिक यात्राओं का महत्व पहले कई मौकों पर दिख चुका है। देश में यूं तो स्वतंत्रता खातिर कई यादगार यात्राओं ने फिजा बदली। लेकिन मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर बीते तीन दशकों की यात्राएं अलग रहीं। 1990 में लाल कृष्ण आडवाणी की रथयात्रा सभी को याद है। गुजरात के सोमनाथ मंदिर से शुरू हुई आडवाणी की रथयात्रा भले ही अपने पड़ाव तक नहीं पहुंची पर इससे भाजपा को जबरदस्त ताकत मिली और राम मंदिर आन्दोलन उफान पर आ गया। आडवाणी ने दोबारा 2004 में फिर एक यात्रा निकाली और इंडिया शाइनिंग का नारा दिया। मुरली मनोहर जोशी की 1991 की यात्रा भी चर्चा में रही। ऐसी यात्राओं के शुरूआत का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को जाता है। उन्होंने 1983 में कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की और छङ महीने बाद दिल्ली पहुंचे। लेकिन तब इंदिरा गांधी की हत्या की वजह से इसका फायदा उन्हें नहीं मिला। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मुंबई से कांग्रेस की सद्भावना यात्रा निकलवाई। यह तीन महीने बाद दिल्ली पहुंची। यह उतना प्रभाव नहीं दिखा पाई। ऐसी यात्राओं के इतिहास में आंध्र प्रदेश के वाईएस राजशेखर रेड्डी की दक्षिण की झुलसाने वाली प्रचंड गर्मी में निकली यात्रा कैसे भुलाई जा सकती है। यह चुनाव से पहले शुरू हुई और साल भर बाद हुए चुनाव में जबरदस्त सफलता दिलाई। उनके बेटे वाईएस जगनमोहन रेड्डी की 2017 की यात्रा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनवा दिया।

कनाडा व आस्ट्रेलिया में कब कुचले जायेंगे खालिस्तानी

अब तक जो मोटा-मोटी कनाडा में हो रहा था, वह अब ऑस्ट्रेलिया में भी होने लगा है। इन दोनों ही देशों में खालिस्तानियों की भारत विरोधी हरकतें लगातार बढ़ रही हैं। ये लफंगे खालिस्तानी कनाडा और आस्ट्रेलिया में भारतीय नागरिकों के साथ मारपीट कर रहे हैं और हिन्दू मंदिरों पर पथराव करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। चूंकि ये दोनों देश भारत के मित्र माने जाते हैं, इसलिए वहां पर हो रही घटनाओं से हरेक भारतीय का चिंतित होना जरूरी है। कुछ भटके हुए नौजवान, जो अपने को खालिस्तानी कहते हैं, खुलकर भारत के खिलाफ मैदान में आ गये हैं। इन्होंने तिरंगा लेकर चल रहे भारतीयों पर आस्ट्रेलिया में हमला किया। वायरल वीडियो में कुछ लोग खालिस्तानी झंडा लहराते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ भारतीय नागरिक अपने हाथों में तिरंगा लेकर आगे बढ़ रहे हैं, तभी खालिस्तानी उन पर हमला बोल देते हैं। उपद्रवियों के हाथ में लोहे की रॉडें थीं, जिससे वे देशभक्त हिंदुस्तानियों को मार रहे थे। ये खालिस्तानी अपने को सिख फॉर जस्टिस का मेंबर बता रहे थे। ये संगठन खालिस्तान की मांग करता है। हैरानी इस बात की है कि आस्ट्रेलिया की पुलिस खालिस्तानियों पर लगाम लगाने में अब तक तो नाकाम रही है। उसका निकम्मापन साफतौर पर दिखाई दिया। खालिस्तान समर्थक भारतीयों पर लाठियों से हमला करते रहे और वहां की काहिल पुलिस त्वरित एक्शन लेने में विफल रही। दरअसल खालिस्तान और कश्मीर का सपना देखने वाले कुछ मुट्ठीभर गुमराह लोगों को लगता है कि उनके ख्वाब पूरे हो जायेंगे। वे याद रख लें कि उनके सपने कभी भी साकार नहीं होंगे। भारत की 130 करोड़ जनसंख्या देश की एकता और अखंडता के सवाल पर एक है। इस संबंध में किसी तरह का समझौता देश स्वीकार नहीं करेगा। भारत अखंड है और रहेगा। इस बारे में अब कोई बहस नहीं हो सकती। आस्ट्रेलिया में अपने को खालिस्तानी कहने वाले हमारे प्यारे तिरंगे का भी अपमान-अनादर कर रहे थे। उनकी हरकत से सारा देश गुस्से में है। ये गिनती में बहुत थोड़े थे और नारेबाजी कर रहे थे। भारत सरकार अवश्य ही आस्ट्रेलिया और कनाडा की सरकारों के संपर्क में होगी। इन दोनों देशों की सरकारों से यह भी कहा गया होगा कि इन चिर असंतुष्ट तत्वों को कसा जाए। ये लातों के भूत बातों से नहीं, भरपेट मार खाने से ही संतुष्ट होंगे। ये भारत की एकता और अखंडता को ललकारने की कोशिश कर रहे हैं। आपका किसी व्यक्ति या सरकार से विरोध हो सकता है। आप उसके खिलाफ आंदोलन या प्रदर्शन करने को स्वतंत्र हैं। यहां तक तो लोकतंत्र में हर नागरिक को अनुमति है पर, कोई भारतीय तिरंगे का अपमान नहीं सहेगा। तिरंगे में हरेक हिन्दुस्तानी की जान बसती है। खालिस्तानी आतंकियों ने पंजाब में हजारों बेगुनाह लोगों का खून बहाया है। इनकी वजह से हजारों बच्चे अनाथ और हजारों औरतें विधवा हो गईं। यह सारा देश जानता है। यह याद रखा जाना चाहिए कि जब देश ने इन पर जवाबी हल्ला बोला तो ये त्राहि-त्राहि कर रहे थे। बचे-खुचे कनाडा, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन वगैरह चले गये थे। अगर बात कनाडा की करें तो वहां पर खालिस्तानी सबसे ज्यादा एक्टिव हैं। कनाडा में हिंदुओं के मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है और भारत विरोधी चित्र बनाये गये हैं। कनाडा के ब्राम्पेटन प्रांत में यह घटना हाल ही में हुई है। जाहिर है, इस घटना से भारतीय समुदाय बहुत आहत है। ऑस्ट्रेलिया में भी हिंदू मंदिर पर हमला हुआ। उसमें भी खालिस्तान समर्थकों का हाथ माना जाता है। कनाडा में बार-बार इस तरह की निंदनीय घटनाएं हो रही हैं। जुलाई 2022 में कनाडा के रिचमंड हिल इलाके में एक विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की एक मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। सितंबर 2022 में कनाडा के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को कथित खालिस्तानी तत्वों ने भारत विरोधी भित्ति चित्रों के साथ विकृत कर दिया था। हैरानी की बात है कि कनाडा की पुलिस बार-बार होने वाली इन घटनाओं को रोक पाने में बुरी तरह विफल हो चुकी है। उसका निकम्मापन सारी दुनिया के सामने है। इसके साथ ही कौन भूल सकता है कनिष्क विमान हादसे को। मांट्रियाल से नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून, 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया था। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गये थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। कनाडा में जिस तरह से भारत विरोधी घटनाएं घटित होती रही हैं उससे साफ है कि वहां भारत विरोधी ताकतें सरकार के हाथ से निकल चुकी हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो नकारा साबित हुए हैं। यह वही हैं जो भारत में चले कथित किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे थे। तब ट्रूडो कह रहे थे कि 'कनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।' पर ट्रूडो को यह याद नहीं रहा कि उनके देश में भारत विरोधी तत्व खुलकर अपनी गतिविधियों को चला रहे हैं। वहां पर जब मंदिरों पर हमले होते हैं तो उन्हें नहीं दिखाई देता। उन्हें पता नहीं चलता जब वहां पर भारतीय तिरंगे का अपमान होता है। क्या उनके देश की खुफिया एजेंसियां इतनी घटिया हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वहां पर खालिस्तानी तत्व सक्रिय हैं? खालिस्तानियों की हरकतों को लेकर शिकायत आस्ट्रेलिया या कनाडा की सरकारों को मूकदर्शक बनकर नहीं रहना होगा। उन्हें भारत-विरोधी तत्वों पर कठोर एक्शन लेना चाहिए। हालांकि अभी तक दोनों देशों की पुलिस ने शरारती तत्वों पर जरूरी कार्रवाई नहीं की है। आस्ट्रेलिया-कनाडा को याद रखना होगा कि इनके भारत से बहुत पुराने राजनयिक संबंध हैं। दोनों में बड़ी तादाद में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और वे उन्हीं के देश को समृद्ध कर रहे हैं। ये आपसी संबंध उसी स्थिति में मजबूत होंगे जब उन देशों में भारत विरोधी तत्वों को कुचला जायेगा। अफसोस यह है कि फिलहाल इन देशों की सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं। **(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

भारत की 130 करोड़ जनसंख्या देश की एकता और अखंडता के सवाल पर एक है। इस संबंध में किसी तरह का समझौता देश स्वीकार नहीं करेगा। भारत अखंड है और रहेगा। इस बारे में अब कोई बहस नहीं हो सकती। आस्ट्रेलिया में अपने को खालिस्तानी कहने वाले हमारे प्यारे तिरंगे का भी अपमान-अनादर कर रहे थे। उनकी हरकत से सारा देश गुस्से में है। ये गिनती में बहुत थोड़े थे और नारेबाजी कर रहे थे।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

रामगढ़ उप चुनाव को लेकर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

चुनाव को लेकर जांच अभियान चलाएं : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मतदान केंद्रों व क्लस्टर पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के तहत की गई तैयारियों की समीक्षा की। मौके पर सुश्री मिश्रा ने संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में मतदान केंद्रों व क्लस्टर का नियमित निरीक्षण करने एवं उप निर्वाचन के सफल

आयोजन हेतु मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने संबंधित सभी थाना प्रभारियों को प्रखंड विकास पदाधिकारियों व अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रूप से क्लस्टर/ मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने व चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कार्यों को संपन्न करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने विभिन्न क्लस्टरों पर पुलिस बल के ठहरने के मद्देनजर मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए चेकनाकों के माध्यम से चलाए जा रहे जांच अभियान की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को चेकनाकों को और भी प्रभावी बनाने, वाहनों की जांच करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, माधवी मिश्रा ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल रामगढ़ को प्रखंड विकास पदाधिकारियों व अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए क्लस्टर/ मतदान केंद्रों पर विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, रामगढ़, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

देश को आर्थिक महंगाई की ओर ले जाने वाला है बजट : प्रदीप प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस सत्र का बजट देश को आर्थिक तंगी की ओर ले जाने वाला बजट पेश किया गया है। क्योंकि बजट में ना बेरोजगारी, महंगाई,शिक्षा और ना ही किसानों के प्रति कुछ खास ख्याल रखा गया है। वहीं युवाओं की बात की जाए तो रोजगार की जगह खिलौना सस्ता कर दिया गया है देश के युवाओं को खिलौना खेल कर अपना जीवन व्यर्थ करना यही है निर्मला सीतारमण का इस सत्र का बजट। कुल मिलाकर कहा जाए तो सिर्फ पूंजीपतियों के हित में बजट पेश किया गया है। गरीब तबके के लोगों का इसमें ख्याल नहीं रखा गया है। वहीं मोबाइल, टीवी, इलेक्ट्रॉनिक सामान को सस्ता किया गया है किंतु कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां ना तो नेटवर्क ही है और ना ही बिजली है जिसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाएगा।कुल मिलाकर यह बजट पूंजीपतियों के लिए पेश किया गया है।

घर में लगी आग, नगदी-घरेलू सामान स्वाहा

बरकट्ठा। प्रखंड के बेडोकला पंचायत अंतर्गत ग्राम चांदगड में बीते रात लगभग 1:00 बजे तुलसी यादव पिता स्वर्गीय बड़न यादव के घर में आग लग गया। आग किस कारण से लगा है इसका पता नहीं चल पाया है। आग लगने के कारण घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गया। इसकी सूचना जब ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीणों ने अग्निशामक को और बरकट्ठा पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक घर में रखे हुए सामान जलकर राख हो चुके थे। वही पीड़ित तुलसी यादव का कहना है कि घर में पलंग, दो बकरा, गोदरेज, बक्सा का सामान, 50 क्विंटल धान, 10 क्विंटल चावल, 3 क्विंटल आलू, 30000 नगद, खपरैल का घर जलकर राख हो गया। चश्मदीदों का कहना है कि लगभग 1 लाख के सामान की नुकसान हुई है ।वही बगल के सुरेश यादव के घर को भी नुकसान हुआ है।उनका भी घर जल गया है।वहीं तुलसी यादव और सुरेश यादव ने सरकार से मुआवजा की मांग किया है।

शिव प्राण प्रतिष्ठा सह नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड क्षेत्र के चेचकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम लारहो में श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह नौ कुंडीय पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों द्वारा बैठक किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यज्ञ कार्यक्रम में सभी संस्कार जैसे पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, उपनयन आदि यज्ञ में भगवान को साक्षी मानकर निशुल्क करवाया जाएगा । वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने बताया कि 7 फरवरी प्रातः 7:00 बजे मंगल शोभायात्रा संध्या में संगीतमय कथा, 8 फरवरी को प्रातः 7 बजे देव पूजन और संध्या से संगीतमय कथा किया जाएगा। वहीं 11 फरवरी प्रातः 7 बजे से यज्ञ एवं विविध संस्कार, यज्ञ की पूणार्हुति,भंडारा एवं टोली विदाई कार्यक्रम किया जाएगा। वही गायत्री परिवार के प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर मोदी ने बताया कि यज्ञ में प्रवचन कर्ता के रूप में नरेंद्र विद्यार्थी, संगीताचार्य नकुल देव शास्त्री तथा शिव प्राण प्रतिष्ठा के लिए सच्चिदानंद आचार्य सभी शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। वहीं पूणार्हुति के संध्या 7 बजे भव्य दीप महायज्ञ व महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

खेलो इंडिया को लेकर दो दिवसीय छलांग कार्यशाला का आयोजन

बच्चों को सरल-मनोरंजनपूर्ण वातावरण में ही पढ़ाएं : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। बरही
बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से तंदुरुस्त करने के उद्देश्य से बीआरसी भवन में 25 मध्य विद्यालयों के 25 शिक्षकों के लिए दो दिवसीय छलांग कार्यक्रम का समापन हुआ । सम्मान अवसर पर प्रखंड मैदान में शिक्षकों के बीच बच्चों को मानसिक रूप से तंदुरुस्त बनाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया । उक्त जानकारी देते हुए जन जागरण केंद्र के समन्वयक चितरंजन महतो ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को

पढ़ाने के आसान तरीके बताए गए। कक्षा में बच्चे बोझिल न हो या मानसिक रूप से अस्वथ्य नही बने इसके लिए शिक्षको के बीच खेल खेल में प्रतियोगिता आयोजित करने की भी कला बताई गई । कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामशरण दांगी, संजय दुबे और जेजेके समन्वयक ने संयुक्त रूप से किया। समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सी आर इंदीवर शामिल हुई । उन्होंने भी शिक्षकों को अपने विद्यालय के बच्चों को आसान और मनोरंजनपूर्ण वातावरण में पढ़ाने की सलाह दिया। जिसमें छलांग जैसे कार्यशाला सहायक है । कार्यक्रम खेलो इंडिया के तहत आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में छलांग के फील्ड कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, शिक्षक मनोज कुमार घोष, रोशन कुमार प्रसाद, विशेश्वर कुमार, बहादुर राणा, बिनोद राणा, प्रमिला, प्रियंका, सुमिता कुमारी आदि सहित कई लोग उपस्थित थे ।

न्यू राधे होटल का उद्घाटन

रामगढ़। बिरसा चौक भुरकुन्डा में शनिवार को न्यू राधे होटल का उद्घाटन हुआ। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पर होटल संचालक मेराज अंसारी और संतोष चौधरी ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में लजीज भोजन, मिठाई और नास्ता की उत्तम व्यवस्था होगी। आगे कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी पूंजी है। इस अवसर पर मेहर फातिमा, मो समीर, नासिम उद्दीन, रहमत अंसारी, खेरुद्दीन अंसारी, युशुफ अंसारी, जियाउद्दीन, रवि, रोशन, राज, कन्हैया, पवन, बबलू कुमार इम्तियाज, सूरज कुमार पासवान, रोशन कुमार, हारून रसीद, राहुल सोनकर, रामु खाटिक आदि मौजूद थे।

एफएसटी की टीम ने स्कॉर्पियो से छह लाख कैश किया बरामद

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के दौरान एक बार फिर स्क्वायर टीम में छह लाख का स्कॉर्पियो से बरामद किया है। इस मामले की पुष्टि रामगढ़ एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर पुंदाग टोल गेट के पास जांच के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड टीम के सदस्यों ने एक स्कॉर्पियो से 6 लाख कैश बरामद किए गए। इस दौरान दंडाधिकारी के रूप में हरी सिंह मुंडा, सब इंस्पेक्टर अभय कृष्ण गिरी, सब इंस्पेक्टर प्यारे हसन व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एसडीओ ने बताया कि डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित टीम रुपए की जांच कर रही है। यह रकम रांची के निवासी मुन्ना नाग नामक व्यक्ति के गाड़ी से बरामद की गई है। इस रकम का उपयोग चुनाव में होने वाला था या नहीं इसका भी पता लगाया जा रहा है। मुन्ना नाग के द्वारा उस रकम का उपयोग अपने किसी व्यक्तिगत काम में उपयोग किया जाने वाला था और इसकी पुष्टि होती है तो उस रकम को छोड़ भी दिया जाएगा। लेकिन अगर उस रकम का उपयोग रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में होने वाला था तो उस रकम और गाड़ी को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में दसवीं के बच्चों को दी विदाई

नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया
सिमरिया। शनिवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में हजारीबाग रोड स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों समारोह आयोजित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन कराने में नवीं के विद्यार्थियों ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सभी छात्रों के लिए कई तरह के खेल, भाषण प्रस्तुत करने के साथ कई तरह के स्वादिस्ट व्यंजनों का भी प्रबंध किया था। कार्यक्रम के दौरान दसवीं के छात्र भावुक होकर विद्यालय में बिताए गए समय और अनुभव को साझा किया। वहीं निदेशक प्रवीण प्रकाश सिंह ने बच्चों से कहा कि अब पूरा ध्यान सिर्फ पढ़ाई पर लगाएं और परीक्षा में बेहतर करें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के उपप्रचार्य दीपक मिश्रा ने बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता कुमारी, प्रिंसी हेरेंज, एलिस सांगा, अंजना कुमारी, सुजेश कुमार, अमित कुमार, लवकुश ठाकुर, अरविंद आनंद, बेबी कुमारी, संजय महतो सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

लड़की ने प्रपोजल एक्सेप्ट नहीं किया तो कर दी हत्या

चतरा। शहर के डीडीसी आवास के समीप शनिवार को बाइक सवार युवक ने स्कूटी सवार छात्रा साक्षी कुमारी को मोटरसाइकिल से धक्का मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सदर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव निवासी शिक्षक बिरेंद्र कुमार पांडेय की पुत्री साक्षी कुमारी, जो मिशन में पढ़ाई करती थी। पिछले दिनों उनका विद्यालय से विदाई दिया गया था। धक्का मारने वाला युवक काली मंदिर गौड़ फ्री स्कूल गली का बताया जाता है। साक्षी कुमारी के परिजनों ने बताया कि युवक कई दिनों से साक्षी कुमारी के पीछे पड़ा था। लड़की को उसने प्रपोज भी किया था। जब लड़की ने उसके प्रपोज को एक्सेप्ट नहीं तो युवक ने लडकी को तब अपने मोटरसाइकिल से धक्का मारा जब वह अपने भाई को लाने के लिए डीएवी स्कूल जा रही थी। इस दुर्घटना में घायल लड़की की मौत मौके पर ही हो गई। धक्का मारने वाला युवक भी घायल हुआ है लेकिन उसे इस केस से बचाने के लिए परिजनों ने उसे रिम्स रेफर करवा दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही एएसआई शशिकांत ठाकुर और एसआई सिकंदर सिंकु मौके पर पहुंचकर लड़की को अस्पताल पहुंचाया और मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मुखिया ने खिलाड़ियों के बीच बांटे जर्सी व बूट

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी एवं पूर्व मुखिया बसंत साव ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल जर्सी एवं बुट का वितरण किया। मुखिया प्रमीला देवी ने कहा कि झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने का प्रयास काफी सराहनीय है। सरकार ने युवक-युवतियां को फुटबॉल खेल में हुनर को निखारने के लिए फुटबॉल कीट का वितरण कर रही है। खिलाड़ी मेहनत कर अपने प्रतिभा से अपना बेहतर करियर बना सकता है। फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध फुटबॉल जर्सी, बुट पंचायत के खिलाड़ीयों को दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव नागेश्वर प्रसाद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

पंचायत समिति ने किया विद्यालय का निरीक्षण

मयूरहंड। मयूरहंड प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था राम भरोसे चल रहा है। शनिवार को मयूरहंड पंचायत समिति सदस्य माया देवी द्वारा प्राथमिक विद्यालय मयूरहंड, टांड़ पर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक आकाश सिंह हाजरी बनाकर अनुपस्थित थे। विद्यालय में अध्यनरत बच्चों से पूछे जाने पर पंसस को बताया गया कि श्री सिंह अक्सर हाजरी बनाकर घर चले जाते हैं। विद्यालय में पदस्थापित सहायक अध्यापक एकराम सिंह के भरोसे विद्यालय का शिक्षण कार्य चल रहा है।

शिवाजी व डिफेंस एकेडमी के उपनिदेशक को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

बरही । प्रोजेक्ट भवन रांची में एक विशेष सम्मान समरोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचमाधव माधोपुर निवासी और शिवाजी व डिफेंस एकेडमी के उपनिदेशक कृष्णा कुमार राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । यह सम्मान उन्हें राज्य के बजट हेतु दिए गए सुझाव को लेकर दिया गया । जानकारी देते हुए उपनिदेशक ने बताया कि बजट पूर्व आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम में राज्य सरकार के हमार बजट पोर्टल पर उन्होंने शिक्षा, कृषि आदि विभिन्न छह बिंदुओं पर उन्होंने छह सुझाव दिया था । जो मुख्यमंत्री सहित आलाधिकारियों को बेहद पसंद आया। इसे लेकर ही उन्हें मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। उनकी इस सफलता पर स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। साथ ही कहा कि आवश्यकता हुई तो बजट बनाने में उनसे विचार-विमर्श भी किए जाएंगे। इस सम्मान ने लिए उन्हें सहयोगियों, मित्रो, परिजनों सहित कई प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बधाई दी है।

प्रतियोगिता डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव खेलकूद का आयोजन

स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का विकास : उर्मिला सिंह

नवीन मेल संवाददाता। बरही
शनिवार से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव खेलकूद कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल में शुभारंभ हुआ । जिसका उद्घाटन झारखंड डीएवी डी जॉन के ए आर ओ उर्मिला सिंह ने झंडोतोलन कर किया । इस अवसर पर प्राचार्य एके सिंह, कोबरा 203 के सहायक कमांडेंट अशोक कुमार एवं विद्यालय एमएलसी के सदस्य मौजूद थे । अपने उद्बोधन में ए आर ओ ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि डीएवी के बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल रहे हैं। इनकी सर्वश्रेष्ठता ने हमेशा ही विद्यालय का गौरव बढ़ाया है । उन्होंने कहा कि

पढ़ाई के साथ स्पोर्ट्स में भी विद्यार्थियों को आगे रहना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का विकास होता है । प्राचार्य ने भी बच्चों का हौसला वर्धन किया । उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों से वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम में भाग लेने की बात कही । प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद, ऊंची छलांग, सौ मीटर का दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया । जिसमें डीएवी बरही के विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों की निगरानी में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । जिसमें सत्यम कुमार लाल, अविनाश कुमार और कुंदन कुमार ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप में

अविनाश कुमार, संदीप कौशिक और सत्यम कुमार लाल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जंप बालिका वर्ग में सिमरन कुमारी, शिवानी कुमारी और स्नेहा कुमारी में क्रमश प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। जिसमें संगीत शिक्षक दीपक कुमार ,अर्चना शर्मा, पूनम ज्योति, उषा कुमारी, मुन्नी कुमारी, नीरू कुमारी, संध्या सिंह, शिवानी सिंह, निशा कुमारी, शिखा कुमारी, ममता कुमारी, अनुराधा कुमारी, गुड़िया मिश्रा और रेखा सिंह आदि सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कोडरमा: बाल तस्करी के दो आरोपियों को 14 साल के सश्रम कारावास की सजा

नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने तिलैया थाना कांड संख्या 32/15 एवं एसटी 41/16 में तीन आदिवासी नाबालिग युवतियों को बहला-फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर तस्करी के लिए ले जाने के मामले की सुनवाई करते हुए दो लोगों को 14 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार जुमार्ना की सजा सुनायी है। मामले में आरोपी महेश यादव (25 वर्ष पिता किशुन यादव, ग्राम गरंगी थाना मरकच्चो) एवं धीरज प्रसाद (30 वर्ष, पिता महेश्वर प्रसाद, रजौली नवादा) को आईपीसी की धारा 370/371 के तहत दोषी पाते हुए

शनिवार को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 25000 जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं दिए जाने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसे लेकर तत्कालीन तिलैया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर केपी यादव ने तिलैया थाना में कांड संख्या 32/15 दर्ज कराया था। उन्हें सूचना मिली थी कि 3 आदिवासी नाबालिग युवतियों को 2 लोगों के द्वारा काम दिलाने के नाम पर बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने के लिए गाड़ी में बैठाया गया है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर महिला पुलिस एवं पैंथर के जवानों के साथ बस स्टैंड पहुंचे, तो पाया कि तीन नाबालिग आदिवासी युवतियों के साथ दो युवक बैठा हुआ है। पुलिस को देखकर वह लोग भागने लगे, पुलिस ने दौड़ाकर दोनों युवकों को पकड़ा और पूछताछ किया। दोनों आरोपियों ने बताया कि काम दिलाने के नाम पर तीन युवतियों को वे लोग दिल्ली ले जा रहे थे। इसे लेकर तिलैया थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कराया था।

NEWS इन ब्रीफ

मोदी आज जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को करेंगे संबोधित

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। महाखेल का आयोजन जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर द्वारा 2017 से किया जा रहा है। जयपुर महाखेल में इस वर्ष विशेष तौर पर कबड्डी प्रतियोगिता पर ध्यान दिया जा रहा है। गत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन यह शुरू हुआ था। इस आयोजन में 450 से अधिक ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और सभी आठ विधान सभा क्षेत्रों के वार्डों के 6400 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों की भागीदारी देखी गयी है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महाखेल का आयोजन शहर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है और उन्हें खेल को करियर में विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है।

सऊदी इंटरनेशनल गोल्फ में शुभांकर शर्मा शीर्ष भारतीय

काएक। शुभांकर शर्मा 50 लाख डॉलर ईनामी राशि के सऊदी अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट के कट में प्रवेश करने में कामयाब रहे। शर्मा के अलावा भारत के शिव कपूर, राशिद खान और अनिर्बान लाहिड़ी ने भी 36 होल के कट में जगह बना ली। अजितेष संधू, गगनजीत भुल्लर और वीर अहलावत हालांकि चूक गए। कैमरन स्मिथ जैसे बड़े खिलाड़ी भी कट में प्रवेश नहीं कर पाये। मैक्सिको के अब्राहम एंसेर चार अंडर पार 66 के स्कोर के साथ बढ़त बनाये हुए हैं।

अबू नेचिम ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 पुरुष टीम के लिए खेलने वाले और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले असम के तेज गेंदबाज अबू नेचिम ने खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। गेंदबाज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक नोट में कहा, मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि मैं खेल से दूर जाने और खेल के सभी रूपों और स्तरों से संन्यास लेने का फैसला करने आया हूं, जिसे मैं बहुत प्यार करता हूं। मैं बीसीसीआई को धन्यवाद देने का अवसर लेना चाहता हूं। 17 साल की उम्र में असम के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू करने के बाद नेचिम ने खुद को भारत अंडर 19 टीम में पाया और इंग्लैंड के खिलाफ 2006 के पुरुषों के अंडर 19 विश्व कप सेमीफाइनल में स्विंग गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन में 4-14 के आंकड़े चुने।

दीपा करमाकर पर लगा 21 महीने का डोपिंग प्रतिबंध

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग के लिए भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर को 21 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। यह प्रतिबंध 10 जुलाई, 2023 तक प्रभावी रहेगा।

करमाकर ने हाइजेनामाइन का उपयोग किया था, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी निषिद्ध सूची में शामिल है। 11 अक्टूबर 2021 को प्रतियोगिता से इतर फेडरेशन इंटरनेशनेल डी जिमनास्टिक (एफआईजी) की ओर से सकारात्मक नमूना एकत्र किया गया था। हाइजेनामाइन को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की 2017 में प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में जोड़ा गया था। प्रतिबंध का मतलब है कि 29 वर्षीय दीपा कलात्मक जिम्नास्टिक विश्व कप के सभी टूर्नामेंटों और छह विश्व चैलेंज कप श्रृंखलाओं में से कम से कम तीन में नहीं खेल पाएंगी। वह 23 सितंबर से एंटवर्प में शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 के लिए पात्र होंगी। दीपा ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट हैं। त्रिपुरा की इस लड़की ने रियो ओलंपिक 2016 में महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में चौथा स्थान हासिल करके इतिहास रच दिया था। वह 15.066 अंक के स्कोर के साथ स्विट्जरलैंड की कांस्य पदक विजेता गिउलिया स्टिंगरबर से केवल 0.150 कम के साथ कांस्य पदक से चूक गई।



दीपा ने ग्लासगो में 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीता था,वह खेलों के इतिहास में ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बन गईं। उन्होंने एशियन जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य जीता और 2015 वर्ल्ड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में पांचवां स्थान हासिल किया।

खेलो इंडिया विंटर गेम्स

मेजबान जम्मू-कश्मीर का रहा है वर्चस्व

एजेंसी। नई दिल्ली

खेलो इंडिया विंटर गेम्स का तीसरा संस्करण 10 फरवरी से शुरू हो रहा है और 14 फरवरी तक चलेगा। इन खेलों में स्नो स्कीइंग, स्नो रग्बी, स्नो आइस स्टॉक, स्नो बेसबॉल, स्नो माउंटेनियरिंग, स्नो शू, आइस हॉकी, फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग आदि शामिल हैं।

अब तक हुए पिछले दो संस्करणों में मेजबान जम्मू-कश्मीर का वर्चस्व रहा है।

इन खेलों का पहला संस्करण मार्च 2020 में गुलमर्ग में आयोजित किया गया था और यह काफी सफल रहा था। पांच दिवसीय आयोजन में 955 एथलीटों ने विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया, जिसमें मेजबान जम्मू-कश्मीर ने 26 स्वर्ण पदक, 29 रजत पदक और 21 कांस्य पदक जीते। गुलमर्ग में आयोजित दूसरे संस्करण में भी जम्मू और कश्मीर ने सबसे अधिक पदक जीते। उन्होंने 11 स्वर्ण, 18 रजत और 5 कांस्य जीतकर 34 पदकों के साथ तालिका समाप्त की।

कर्नाटक ने पांच स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि महाराष्ट्र तीन स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। उत्तराखंड ने तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। दूसरे संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों के 1000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया लिया था। अब गुलमर्ग में होने वाले खेलों के तीसरे संस्करण में देश भर के लगभग 1500 एथलीट भाग लेंगे और नौ खेल स्पधाओं में खेले जाएंगे। विंटर गेम्स युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित है और जम्मू और कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर के विंटर गेम्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाता है।

श्रीलंका महिला टी20 विश्व कप में काफी आगे जाएगा : अथापथ्थु

एजेंसी। नई दिल्ली

श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथ्थु का मानना है कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है और उन्हें लगता है कि वे दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी तक होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 में काफी आगे तक जा सकती है। हम इस टूर्नामेंट में इतने आत्मविश्वास से पहले कभी नहीं थे। हमारी महत्वाकांक्षाएं टूर्नामेंट जीतने से कम नहीं हैं। यह हमारा अंतिम लक्ष्य है। हमारा आत्मविश्वास हाल के परिणामों, हमारे खिलाड़ियों के कौशल और दक्षताओं और अनुभव से उपजा है।

हमने एशिया कप में अच्छी तरह से प्रतिस्पर्धा की और भारत के खिलाफ फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। हमने फाइनल में पहुंचने के लिए शुरूआती चरण में बांग्लादेश और फिर सेमीफाइनल में पाकिस्तान सहित कई टीमों को हराया।

चमारी ने आईसीसी के कौलम में शनिवार को कहा, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए हमारी तैयारी अच्छी रही है। हमने एशिया कप सहित हाल के महीनों में कई अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हमें एक तरह की लय मिल गई है और मुझे लगता है कि हम सही संयोजन भी ढूंढ रहे हैं।

चमारी ने यह भी खुलासा किया कि महिला टी20 विश्व कप में अपनी आठवीं उपस्थिति दर्ज कर रही श्रीलंका ने मुख्य कोच के बिना टूर्नामेंट में जाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए घर पर कुछ विशेष तैयारी की थी।

हम इस टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इसके लिए हर तरह से काम कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमारे पास कुछ विशेष प्रशिक्षण सत्र हैं।

ऑस्ट्रेलिया जीत सकता है सीरीज

इस बार भारतीय टीम कमजोर लग रही है : चैपल

एजेंसी। मेलबर्न

पूर्व महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि आस्ट्रेलिया चार मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज जीत सकता है क्योंकि ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है । पंत सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद से लगभग पूरे साल नहीं खेल सकेंगे जबकि कमर की चोट से जूझ रहे बुमराह पहले दो टेस्ट से बाहर है। चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में लिखा, आस्ट्रेलिया सीरीज जीत सकता है। ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। विराट कोहली पर बहुत अधिक दारोमदार होगा।" हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने घुटने की चोट से उबरने के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिये वापसी की और वह बृहस्पतिवार से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिये टीम में हैं। चैपल ने कहा कि टर्निंग विकेटों पर नाथन लियोन की जगह एश्टोन एगर को तरजीह दी जानी चाहिये। उन्होंने कहा, स्पिनरों की मददगार पिच होने पर एश्टोन एगर को चुना जाना चाहिये क्योंकि ऊंगली की स्पिन अधिक सटीक होती है। अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिये और वह तेज, सपाट लेग ब्रेक डालता था। बल्लेबाजों को पता होता था कि चूकने पर उनका विकेट गिर सकता है।

मुझे भारतीय तेज गेंदबाजों की इस कला से लगता है डर : एलेक्स कैरी

एजेंसी। अलूर

भारतीय स्पिनरों पर फोकस करके अभ्यास में जुटी आस्ट्रेलियाई टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने याद दिलाया है कि भारतीय तेज गेंदबाज भी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रिवर्स स्विंग से खतरनाक साबित हो सकते हैं। आस्ट्रेलिया ने भारत दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसकी बजाय सिडनी में स्पिनरों की मददगार पिच पर एसजी गेंदों से अभ्यास किया। कैरी ने यहां चार दिवसीय अभ्यास शिविर से इतर पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान दौरे से पहले स्पिनरों को लेकर काफी फोकस था, लेकिन मुझे रिवर्स स्विंग काफी कठिन लगी।" उन्होंने 2018 में बेंगलुरू में अभ्यास मैच की याद दिलाई जब मोहम्मद सिराज ने 11 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा, मैने 2018 में भारत ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ए के लिए चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला था। उस समय स्पिन को लेकर काफी बात हो रही थी, लेकिन हम यह भूल गए कि दोनों टीमों के तेज गेंदबाज भी रिवर्स स्विंग से कितने खतरनाक हो सकते हैं।" कैरी ने पिछले साल जुलाई में श्रीलंका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम दो टेस्ट के लिए गए थे और वहां की विकेट भी अलग थी। इसलिए खुले दिमाग से जाना होगा कि सामना किससे होगा । वह कैसा टीम संयोजन लेकर उतरते हैं।'

मेसी 2026 विश्व कप तक खेलने पर कर रहे हैं विचार

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना फुटबाल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहे है, लेकिन उनकी भागीदारी कई बातों पर निर्भर करेगी। इससे पहले मेसी ने कतर में 2022 विश्व कप फुटबॉल के बाद सन्यास की घोषणा की थी। कतर विश्व कप में अर्जेंटीना के विजयी अभियान ने मेसी को छठें विश्व कप में खेलने की संभावना पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। विश्व कप में मेसी ने सात गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। मेसी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट के दौरान 39 साल के हो जाएंगे। 35 वर्षीय मेसी ने अर्जेंटीना के खेल दैनिक समाचार पत्र ओले को बताया कि मुझे नहीं पता, मैंने हमेशा कहा है कि उम्र के कारण मुझे लगता है कि 2026 टिके रहना मुश्किल होगा।

आईएल टी-20 में अपने शानदार प्रदर्शन पर जाम्पा ने कहा

यूएई में विकेट के अनुकूल होना ठीक रहा

एजेंसी। दुबई

ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जाम्पा ने डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह तीन मैचों में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे हैं। उन्होंने, 28 जनवरी 2023 को दुबई में डेजर्ट वाइपर के खिलाफ दुबई कैपिटल्स के लिए अपना पहला मैच खेला है।

दुबई कैपिटल्स के लिए तीन मैचों में सात विकेट के अपने शानदार प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, मुझे संयुक्त अरब अमीरात में बहुत अनुभव है। विकेटों के अनुकूल होने में सक्षम होना मेरे लिए मददगार रहा है। मैं थोड़ी छोटी गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और डॉट बॉल फेंककर दबाव बनाता हूं। गुरुवार को डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ 22 रन की हार के बाद दुबई कैपिटल्स अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। जाम्पा ने कहा कि टीम को कुछ गलतियों को ठीक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम परिणामों के बेहतर पक्ष में रहना चाहेंगे। अंकतालिका में हमारी स्थिति आदर्श नहीं है। हमें कुछ गलतियां ठीक करने की जरूरत है जो हमने की हैं। मुझे लगा कि हमने वाइपर्स के खिलाफ मैदान में काफी प्रदर्शन किया। मुझे लगा कि हमारी गेंदबाजी भी थोड़ी खराब थी। वाइपर्स ने परिस्थितियों का हमसे बेहतर आकलन किया। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए दुबई कैपिटल्स को अपने अगले मैच में एमआई एमिरेट्स को हराना होगा और शारजाह वारियर्स के परिणाम पर निर्भर होना पड़ेगा। जाम्पा ने कहा कि टीम अपने अगले मुकाबले को जीतने पर ध्यान केंद्रित करेगी, उन्होंने कहा, अगर हम कोशिश कर सकते हैं और दुबई में अपने पिछले दो मैचों से मिली जानकारी का उपयोग उसी स्टेडियम में अपने अगले मैच में कर सकते हैं, तो हमारे पास जीत का एक मौका होगा।

चोटग्रस्त कैमरून का नागपुर टेस्ट में खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली। अंगुली की चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरून ग्रीन का भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भाग लेने पर संशय का बादल मंडरा रहे हैं। संतरों की नगरी नागपुर में नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिये भारत और आस्ट्रेलिया की टीमें पहले टेस्ट मुकाबले में आमने सामने होंगी। इससे पहले कैमरून की फिटनेस को लेकर संदेह ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए झटका माना जा सकता है। कंगारू टीम के कप्तान कमिंस ने कहा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन अभी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। वह नेट सत्र में अभ्यास करने आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए।

शाहिद अफरीदी का आया ट्वीट, लिखा

मैंने अपनी बेटी को निकाह में शाहीन अफरीदी को दिया

एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने अपनी बेटी अंशा की शुक्रवार को कराची में एक भव्य समारोह में स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से शादी की। वहीं, अंशा और शाहीन की शादी के मौके पर कप्तान बाबर आजम समेत कई पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने शिरकत की। शादी के बाद अफरीदी ने कपल के लिए एक खास ट्वीट किया। शाहीद अफरीदी ने लिखा, बेटी आपके बगीचे का सबसे खूबसूरत फूल है, क्योंकि वे बड़े आशीर्वाद से खिलते हैं। एक बेटी वह है जिसके साथ आप हंसते हैं, सपने देखते हैं, और पूरे दिल से प्यार करते हैं। पिता के रूप में, मैंने अपनी बेटी को निकाह में शाहीन अफरीदी को दिया। मैं उन दोनों को शादी की बधाई देता हूं।



गौरतलब है कि पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पिछले कुछ समय से चोट के चलते टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। वह एशिया कप के दौरान चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप में वापसी की, लेकिन टूर्नामेंट में घुटने की चोट के चलते वह फिर से टीम से बाहर हो गए थे।

शाहीन अब चोट से पूरी तरह उभर चुके हैं और वह आगामी पाकिस्तान सुपर लीग के संस्करण (पीएसएल) के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पीएसएल का आठवां संस्करण 13 फरवरी से शुरू होगा। हाल ही में शाहीन ने अपने रिहैबिलिटेशन के दिनों पर कुछ प्रकाश डाला था, जहां वह क्रिकेट छोड़ने वाले थे, लेकिन उन्होंने अपने पुराने वीडियो देखकर खुद को प्रेरित किया था।

शाहीन अफरीदी ने अपने चोट के बाद रिहैबिलिटेशन के दिनों को याद करते हुए कहा, एक समय ऐसा भी था, जब मैं हार मान लेना चाहता था। मैं सिर्फ एक मसल पर काम कर रहा था और उसमें सुधार नहीं हो रहा था। अक्सर पुनर्वास सत्रों के दौरान, मैं खुद से कहता था 'अब बहुत हो गया, मैं अब ऐसा नहीं कर सकता। लेकिन, तब मैं यूट्यूब पर अपनी गेंदबाजी देखता था और देखता था कि मैंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है और इससे मुझे प्रेरणा मिली और मैंने खुद से कहा कि 'थोड़ा और जोर लगाओ'। चोट के कारण क्रिकेट से बाहर होना एक तेज गेंदबाज के लिए निराशाजनक है।

चयन शिविर | राष्ट्रीय अंडर-17 फुटबॉल टीम का हुआ गठन

अंडर-17 फुटबॉल टीम में बिहार की चार बेटियों का चयन

एजेंसी। सीवान

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में चेन्नई में 28 जनवरी से 3, फरवरी, 2023 तक आयोजित राष्ट्रीय अंडर 17 फुटबॉल टीम के गठन हेतु लगाए गए प्रशिक्षण सह चयन शिविर में सीवान की 4 बेटियों ने चयनित होकर इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कर लिया है। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक संजय पाठक ने बताया कि एकेडमी की आवासीय प्रशिक्षु प्रिया कुमारी यादव, डिफेंडर एवं शिबू कुमारी मिडफील्डर का चयन हुआ है, वही एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र मैरवा धाम से गोलकीपर खुशी कुमारी का चयन किया गया है जबकि मनीषा कुमारी(मैरवा) का चयन फॉरवर्ड खिलाड़ी के रूप में किया गया है। विदित हो कि इसके पूर्व अमृता कुमारी, निशा कुमारी, तारा खातून और अर्चना कुमारी ने भी भारतीय फुटबॉल टीम का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया था।

सीवान जिला में महिला फुटबॉल के संस्थापक एवं रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक पाठक ने बताया कि 22 सदस्यीय घोषित भारतीय अंडर 17 टीम में सिवान की चार बेटियों ने चयनित हो एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। यह बिहार के इतिहास में पहली बार हुआ है की एक साथ 4 महिला फुटबॉल खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल हुई हो ।पाठक ने बताया कि इसका श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत उनके माता-पिता का समर्पण एवं अपनी बेटियों के प्रति विश्वास तथा बिहार राज्य फुटबॉल संघ के महासचिव जनाब इम्तियाज हुसैन के बदौलत हो पाया है। सीवान जिले के इन बेटियों के भारतीय टीम में शामिल होने से सिवान जिले के खेल प्रेमियों इनके माता-पिता में खुशी की लहर दौड़ गई है।

उल्लेखनीय हो कि चयनित सभी खिलाड़ी भारतीय फुटबॉल टीम के साथ 4 फरवरी 2023 को जॉर्डन के लिए रवाना हो जाएगी,जहां जॉर्डन के साथ दो अभ्यास मैच खेलेंगे। इसके बाद पुनः भारत आने पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी एवं अप्रैल में होने वाले अंडर 17 सैफ गेम की तैयारी करेंगी।

पाठक ने बताया कि इन खिलाड़ियों के चयन की सूचना बिहार राज्य फुटबॉल संघ के महासचिव जनाब इम्तियाज हुसैन ने दी एवं खिलाड़ियों को बधाई दी, वही बिहार फुटबॉल टीम के साथ मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम में बिहार टीम के कोच असगर हुसैन ने भी फोन कर खिलाड़ियों को सूचनाएं बधाइयां दी हैं।

अडानी समूह को एक हफ्ते में 7 लाख करोड़ रुपये का घाटा



एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद कारोबारी गौतम अडानी की अगुवाई वाली अडाणी समूह की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अडाणी समूह की ग्यारह में से सात कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से समूह का कुल बाजार पूंजीकरण 9.11 लाख करोड़ रुपये घटकर अब 10.09 लाख करोड़ रुपये रहा गया है, जो 24 जनवरी को 19.20 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि, दो वैश्विक रेटिंग फर्मों ने समूह की कंपनियों की रेटिंग को बरकरार रखा है। कंपनी के फ्रांसीसी साझेदार ने समूह की कंपनियों में अपने निवेश को सही ठहराया। शेयर बाजार के जानकार के मुताबिक हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद से अडाणी समूह का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) घटा है। पिछले एक हफ्ते में अडाणी समूह का मार्केट कैप 9.11 लाख करोड़ रुपये घटकर अब 10.09 लाख करोड़ रुपये रहा गया है, जो 24 जनवरी तक 19।20 लाख करोड़ रुपये था। अडाणी समूह का कुल बाजार पूंजीकरण अब अकेले रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के 15.75 लाख करोड़ और टीसीएस के 12.74 लाख करोड़ रुपये से भी कम हो गया है। अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट के बीच एलआईसी के समूह में निवेश और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के कर्ज पर पहली बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। वित्त मंत्री ने एक दिन पहले कहा कि एसबीआई और एलआईसी का अडानी समूह की कंपनियों में एक्पोसजर स्वीकृत लिमिट के भीतर है। वहीं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भी संसद में विपक्षी दलों की अडाणी समूह में एलआईसी व बैंक कर्ज की जांच की मांग पर कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और स्थिर हालत में है। उल्लेखनीय है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट के बीच 24 जनवरी के बाद पहली बार समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए थे। हालांकि, कारोबार की शुरूआत में कंपनी के शेयर 35 फीसदी तक गिर गए थे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड भी आठ फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। दरअसल अडाणी इंटरप्राइजेज 1.80 लाख करोड़ रुपये के साथ समूह की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी के शेयरों में गिरावट से अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में 21वें पायदान पर आ चुके हैं।

हिमाचल में अडानी के सीमेंट प्लांटों की लीज रद्द करेगी सरकार!

एजेंसी। शिमला

हिमाचल प्रदेश में अडानी ग्रुप के दो सीमेंट प्लांट और ट्रक ऑपरेटर के बीच विवाद थम नहीं रहा है। सोलन जिले के दाड़लाघाट और बिलासपुर के बरमाणा में सीमेंट प्लांट करीब 52 दिन से बंद पड़े हैं। सत्ता परिवर्तन के बाद उपजे इस विवाद को सुलझाना कांग्रेस की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के लिए चुनौती बन गया है। सरकार इस मसले का समाधान निकालने में प्रयासरत तो है, लेकिन मालभाड़े को लेकर दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पा रही है। सुक्खू सरकार ने मालभाड़े के रेट तय कर कंपनी प्रबंधन को दो दिन के भीतर इन्हें लागू करने के निर्देश दिए हैं। अगर कंपनी प्रबंधन उस मालभाड़े की दरों पर प्लांट शुरू नहीं करता है तो सरकार कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को

तैयार है। अहम बात यह है कि राज्य सरकार अडानी कंपनी के दोनों सीमेंट प्लांट की लीज रद्द करने पर भी विचार करेगी। राज्य के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शनिवार को शिमला में कहा कि राज्य सरकार की ट्रक ऑपरेटर्स के साथ बैठक हुई है और उसमें ट्रक ऑपरेटर ने मालभाड़े को लेकर अपना पक्ष रखा है जिसे अधिकारी कंपनी को अवगत करवाएंगे और यदि कंपनी लागू करती है तो यह विवाद खत्म हो जाएगा और यदि कंपनी मालभाड़े के रेट नहीं मानती है तो सरकार को मजबूरन लीगल एक्शन लेना पड़ेगा। चौहान ने कहा कि सीमेंट कंपनी को दोनों प्लांट चलाने के लिए दी गई जमीन की जांच करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीमेंट प्लांट बंद होने से हिमाचल सरकार को रोजाना 02 करोड़ का नुकसान हो रहा है। ट्रक ऑपरेटर्स के साथ कई परिवारों का रोजगार छिन गया है। प्रदेश सरकार ट्रक ऑपरेटर्स के साथ नाइंसाफी नहीं होने देगी।

उल्लेखनीय है कि अडानी के बरमाणा और दाड़लाघाट के सीमेंट प्लांट मालभाड़ा विवाद को लेकर पिछले 52 दिनों से बंद हैं। इससे लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हुए हैं, वहीं सरकार के खजाने को 95 करोड़ की चपत लग चुकी हब। राज्य सरकार की कम्पनी एवं ट्रक ऑपरेटर के साथ कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। आहत ट्रक ऑपरेटर अडाणी कंपनी के खिलाफ सड़कों पर उतरकर गिरफ्तारियां दे रहे हैं।

देश की छवि प्रभावित नहीं : सीतारमण

एजेंसी। नई दिल्ली

अडानी स्टॉक क्रैश मामले पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले से देश की स्थिति और छवि प्रभावित नहीं हुई है। आरबीआई इस मसले पर अपना स्पष्टीकरण पहले ही जारी कर चुका है। एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। यह पहली बार नहीं है कि एफपीओ वापस लिए गए हों, इससे पहले भी कई बार एफपीओ वापस लिए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमारे देश में पहली बार एफपीओ वापस नहीं लिया गया है। इससे पहले भी कई बार एफपीओ वापस लिए गए हैं। आप लोग बताएं कि इससे कितनी बार भारत की छवि खराब हुई है और कितनी बार एफपीओ वापस नहीं आए हैं? एफपीओ का आना-जाना लगा रहता है। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी शुक्रवार को प्रतिक्रिया दी थी। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि मीडिया में ऐसी खबरें आई हैं जिनमें भारतीय बैंकों के एक कारोबारी समूह को दिए गए ऋण पर चिंता जताई गई है। यहां हम यह साफ करना चाहते हैं कि नियामक और पर्यवेक्षक के रूप में आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए बैंकिंग क्षेत्र और व्यक्तिगत बैंकों पर निरंतर निगरानी रखता है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि आरबीआई के पास सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ इंफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट्स (सीआरआईएलसी) डेटाबेस सिस्टम है। यहां बैंक पांच करोड़ रुपए और उससे अधिक के अपने एक्सपोजर की रिपोर्ट करते हैं। आरबीआई ने कहा है कि इसका उपयोग बैंकों बड़े ऋणों की निगरानी के लिए किया जाता है। बता दें कि अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के बोर्ड ने पूरी तरह से सब्सक्राइब किए गए 20,000 करोड़ के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) को वापस ले लिया था। कंपनी ने इसके साथ आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया था। जिन लोगों ने अब तक एफपीओ को सब्सक्राइब किया है, उनके पैसे वापस लौटा दिए जाएंगे। अभूतपूर्व स्थिति और मौजूदा बाजार में उतार-चढ़ाव को देखते हुए कंपनी का लक्ष्य एफपीओ आय वापस करके और पूर्ण किए गए लेनदेन को वापस लेकर अपने निवेश समुदाय के हितों की रक्षा करना है।

अब अडानी ग्रुप के समर्थन में उतरा संघ

एजेंसी। नई दिल्ली

अडानी समूह को लेकर चल रही खबरें विदेशी-घरेलू शेयर बाजारों से लेकर संसद तक हलचल पैदा कर रही हैं और अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अडानी समूह के समर्थन में आ गया है। संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर ने डिकोडिंग द हिट जॉब बाई हेडेंबर्ग अगेंस्ट अडानी ग्रुप नाम से एक आर्टिकल छापा है और इसमें अडानी समूह में मौजूदा चल रही हलचल के पीछे किसका हाथ है, इसके बारे में बताया है। ऑर्गेनाइजर ने ये भी लिखा है कि अडानी ग्रुप पर यह हमला ऑस्ट्रेलिया से साल 2016-17 में शुरू हो चुका है और गौतम अडानी की छवि खराब करने और उन्हें बदनाम करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई एनजीओ ने एक वेबसाइट चलाई है। इतना ही नहीं अब अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पूरी प्लानिंग के तहत बनाई गई है। ऑस्ट्रेलिया में जो वेबसाइट बनाई गई है, उसका मकसद है कि इस ग्रुप को बदनाम किया जाए और गौतम अडानी को टारगेट किया जाए। ये वेबसाइट जिसका नाम अडानीवॉचडॉटओआरजी है उसके जरिए इसका मकसद पूरा करने की कोशिश की जा रही है। भारतीय अरबपति गौतम अडानी के बारे में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से उनके 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा डूब गए हैं और उन्हें ग्लोबल अमीरों की सूची में नीचे धकेल दिया गया है। अडानी समूह ने हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों को हालांकि खारिज कर दिया है पर इसके बाद भी अडानी समूह के शेयरों और गौतम अडानी की नेटवर्थ दोनों में गिरावट जारी है। वहीं दुनिया की बड़ी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी यानी स्टैंडर्ड एंड पूअर ने अडानी ग्रुप की दो कंपनी अडानी पोर्ट्स और अडानी इलेक्ट्रिसिटी के आउटलुक को स्टेबल से घटाकर निगेटिव कर दिया है। इस खबर का असर सोमवार को अडानी समूह के शेयरों के भाव पर पड़ सकता है।

NEWS इन ब्रीफ

18 फरवरी को होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक 18 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है कि 48वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 17 दिसंबर, 2022 को आयोजित की गई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी काउंसिल में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल हैं। जीएसटी काउंसिल ने ट्विटर पर लिखा है, जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक नई दिल्ली में 18 फरवरी, 2023 को होगी। काउंसिल ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की पान मसाला और गुटखा कंपनियों पर टैक्स और एक अन्य ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की अपीलेट ट्रिब्यूनल के गठन की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श कर सकता है।

राशन को अब सरेंडर करने के लिए सरकार का कोई आदेश नहीं

नई दिल्ली। अगर आपके पास भी राशन कार्ड है और आप सरकार से इसके जरिये फ्री राशन का फायदा उठाते हैं तो यह खबर आपके लिए है। कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि सरकार की तरफ से अपात्र राशन कार्ड धारकों से कार्ड सरेंडर करने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही सरकार अपात्रों से वसूली करने की भी सोच रही है। खबर में यह भी जानकारी दी गई थी कि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब इस पर सरकार की तरफ से बयान आया है। यूपी सरकार की तरफ से ऐसी किसी भी अफवाह पर लगाम लगाई गई है। पिछले दिनों लाभार्थियों के बीच यह खबर तेजी से फैल गई थी।

सोना हुआ 729 महंगा चांदी में 1,390 का उछाल

नई दिल्ली। भारतीय सर्राफा बाजार में सोना की साप्ताहिक कीमतों में तेजी आई है। वहीं चांदी भी महंगी हुई है। इस कारोबारी हफ्ते में सोने के भाव में 729 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है जबकि चांदी के भाव में 1,390 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल आया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजीए की वेबसाइट के मुताबिक, इस बिजनेस वीक (30 जनवरी से 3 फरवरी) की शुरूआत में यानी 30 जनवरी को 24 कैरेट सोने का रेट 57,079 था, जो शुक्रवार तक बढ़कर 57,788 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी (ऱ'५१) की कीमत 68,149 से बढ़कर 69,539 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उल्लेखनीय है कि आईबीजीए की ओर से जारी कीमतों से अलग-अलग शुद्धता के सोने के स्टैंडर्ड भाव की जानकारी मिलती है। ये सभी दाम टैक्स और मेकिंग चार्ज के पहले के हैं। आईबीजीए द्वारा जारी किए गए दरें देशभर में सर्वमान्य हैं लेकिन इसकी कीमतों में जीएसटी शामिल नहीं होती है।

पेटीएम के तिमाही नतीजे शानदार रेवेन्यू उछलकर 2062 करोड़ रुपये रहा

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की प्रमुख पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पेटीएम ने कहा कि उसने 31 करोड़ रुपये की ईएसओपी लागत से पहले एबिटडा के साथ ऑपरेटिंग प्रॉफिट हासिल कर लिया है। यह बढ़ोतरी सितंबर 2023 के कंपनी के गाइडेंस से बहुत पहले हासिल कर ली गई है। ये बढ़ोतरी कंज्यूमर्स द्वारा अपनाए जाने और मर्चेंट पार्टनर्स द्वारा सब्सक्रिप्शन सर्विसेज के साथ-साथ लोन डिस्ट्रीब्यूशन और कारोबार में देखी गई निरंतर वृद्धि से प्रेरित रही है। वहीं कंपनी के रेवेन्यू की बात की जाए तो ऑपरेशंस से मिलने वाला राजस्व साल दर साल आधार पर 42 फीसदी बढ़कर 2062 करोड़ रुपये पर आ गया है। वहीं तिमाही आधार पर देखें तो इसमें 8 फीसदी की बढ़त हासिल की गई है। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने लिखा शेयरधारकों को पत्र पेटीएम के फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने उपलब्धि की घोषणा करते हुए शेयरहोल्डर्स को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यह हमारी टीम द्वारा लगातार और फोकस्ड कार्य की वजह से मुमकिन हो पाया है। टीम को क्वालिटी रेवेन्यू के साथ विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया था। हमने विकास के मौकों पर दृष्टि खोए बिना और सभी अनुपालनों के साथ-साथ रिस्क फैक्टर्स को कड़ी निगरानी में रखते हुए इस मील के पत्थर को हासिल किया है। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने कहा कि कंपनी के लिए अगला मील का पत्थर फ्री-कैश फ्लो जेनरेशन होगा। उन्होंने कहा कि ग्रोथ पर हमारा फोकस है और ऑपरेशनल रिस्क और अन्य चिंताओं को ध्यान में रखते हुए भी मुझे इस पर बात पर पूरा भरोसा है कि हमारा अगला पड़ाव फ्री-कैश फ्लो जैनरेटिंग कंपनी बनने का है। पेटीएम का एबिटडा ईएसओपी मार्जिन से पहले राजस्व का 2 फीसदी रहा है जो कि एक साल पहले 27 फीसदी था। ईएसओपी मार्जिन से पहले पेटीएम का एबिटडा एक साल पहले (27 फीसदी) की तुलना में राजस्व का 2 फीसदी था, जो योगदान मुनाफे में लगातार सुधार और मजबूत ऑपरेटिंग प्रॉफिट के कारण था।

ट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में बड़ी गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब तीन फीसदी लुढ़ककर 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 2.23 डॉलर यानी 2.71 फीसदी की गिरावट के साथ 79.94 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है।

केंद्र ने वोडाफोन आइडिया से 16,000 करोड़ के बकाया को इक्विटी में बदलने को कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्तीय संकट से जूझ रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने उसे 16,000 करोड़ रुपये के बकाए के हिस्से को सरकार के पक्ष में इक्विटी में बदलने का निर्देश दिया है। कंपनी ने कहा, इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि संचार मंत्रालय ने कंपनी को निर्देश दिया है कि वह भारत सरकार को जारी किए जाने वाले स्पेक्ट्रम नीलामी की किस्तों और एजीआर बकाया राशि के एनपीवी को इक्विटी शेयरों में बदलने से संबंधित ब्याज को परिवर्तित करे। सरकार स्पेक्ट्रम और अन्य बकाये के भुगतान से जुड़े सभी ब्याज को इक्विटी में तब्दील करने के बाद वोडाफोन आइडिया में 33 फीसदी इक्विटी लेगी।

पेज एक के शेष

झारखंड सबसे ...

मदद देनी चाही, लेकिन हेमंत बाबू किसी पर आगे नहीं बढ़े। केंद्र सरकार की उपलब्धियों और कार्यों का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने गरीब, आदिवासी और पिछड़ों के हित को हमेशा वरीयता दी है। आजादी के बाद पहली बार एक गरीब आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी हैं, यह हर गरीब और हर आदिवासी का सम्मान है। कोरोना में हमने तय किया था कि सरकार किसी भी घर का चूल्हा बंद नहीं होने देगी, हमने ढाई साल तक प्रति व्यक्ति-प्रतिमाह पांच किलो अनाज मुफ्त पहुंचाया है। अब एक और साल तक हम गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करवाएंगे। रैली में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, सांसद निशिकांत दुबे, सुनील सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित कई नेता मौजूद रहे। रैली के पहले अमित शाह और उनकी पत्नी ने देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना की।

देवघर में केंद्रीय गृह मंत्री का जोरदार स्वागत

इसके पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्व निर्धारित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को विशेष विमान से पूर्वाह्न 11:45 बजे देवघर एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं, सूबे के मंत्रियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। शाह कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से सीधे बाबा मंदिर पहुंचे। उन्हें बाबा मंदिर में वीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया और बाबा भोले के दर्शन के लिए गर्भगृह में ले जाया गया। उन्होंने करीब 25 मिनट का समय बाबा मंदिर में गुजरा। इस दौरान उन्होंने बाबा भोले की विधिवत पूजा-अर्चना की। बाबा भोले की पूजा करने के बाद 12:45 बजे वे यहां से रवाना हो गये। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, संताल परगना के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसपी सुभाष चंद्र जाट आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके आगमन को लेकर एयरपोर्ट, रूट व बाबा मंदिर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। पूरे रास्ते में कदम-कदम पर सुरक्षा कर्मी तैनात थे। उनके आने से पूर्व सड़क पर वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया था। इसके लिए कई जगहों पर ड्राप गेट व बेरियर लगाया गया था। उनके स्वागत के लिए भाजपा की विभिन्न इकाईयों, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों ने एयरपोर्ट से बाबा मंदिर के बीच जगह-जगह पर मंच बनाया गया था। वहां से उनका लोगों ने बाबा की नगरी में अभिनंदन किया। इसके साथ सड़क किनारे भी लोग खड़े होकर अमित शाह की एक झलक पाने को आतुर नजर आए।

सुप्रीम कोर्ट को...

पटना उच्च न्यायालय) और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा (न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय) की नियुक्ति की अनुशंसा की थी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने दो फरवरी को नियुक्तियों को मंजूरी दे दी थी और नामों को राष्ट्रपति भवन भेजा गया था। अगर नियुक्ति का वारंट शनिवार को जारी होता है तो नए न्यायाधीशों को अगले सप्ताह की शुरूआत में शपथ दिलाई जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा असामान्य कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप मं नियुक्ति के लिए दो और नामों की सिफारिश करने के ठीक तीन दिन बाद नियुक्ति की बात सामने आई है। कॉलेजियम आमतौर पर अधिक सिफारिशें भेजने से पहले किसी फाइल को मंजूरी मिलने का इंतजार करता है।

सरस्वती की वीणा की ...

पपीहरा पपीहरा.. (2)मोरे तो गिरधर गोपाल..(3) हम को मन की शक्ति देना.., को यूट्यूब पर खोजकर, उसे चलाकर, रागों से निबद्ध लय पर आरूढ़ सुरों के आरोह - अवरोह को अपना आँख बंद कर ध्यान से सुन लें। उक्त गीत की सुर सरस्वती वाणी जयराम अब शांत हो गईं। 78 वर्ष की जरावस्था में चेन्नई के अपने घर में मृत पाई गईं। उनको पहले सिर में चोट लगी थी। दक्षिण पर विशेष राजनीतिक निगाह रख रही सरकार द्वारा उनको इसी वर्ष पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। स्वपनम फि ल्म से अपने गायकी कैरियर की शुरूआत करने वाली कलैवानी उर्फ.वाणी जयराम को संगीत के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए 3 बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।उनको ह्लमेरे तो गिरधर गोपाल ..ह्व गाने के लिए 1980 में फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। वाणी जयराम को मात्र 46 साल की उम्र में 1991 में संगीत पीठ सम्मान मिला । वह यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की गायिका थीं। उन्होंने 19 भाषा में लगभग 10,000 गीत गाये हैं, और आरडी बर्मन, केवी महादेवन, ओपी नैय्यर , मदन मोहन एमएस इलैयाराजा जैसे प्रसिद्ध कंपोजर के साथ काम किया।

बढ़ोत्तरी गेहूं की कीमतों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज

एफसीआई ने खुले बाजार में बेचा 9.2 लाख टन गेहूं

एजेंसी। नई दिल्ली

देशभर में गेहूं की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने एक ठोस कदम उठाया है। देश में भारतीय खाद्य निगम की तरफ से गेहूं की ई-नीलामी के जरिये खुले बाजार में 9.2 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेचा गया है। इससे जनता को सीधे तौर पर फायदा मिलना शुरू हो गया है। इस फैसले के बाद गेहूं की कीमतों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की है। भारतीय खाद्य निगम ने इस सप्ताह आयोजित ई-नीलामी के पहले हफ्ते में 100 से 499 मिलियन टन की मात्रा ने अधिकतम मांग को आकर्षित किया है। इसके बाद 500-1,000 मिलियन टन की मांग के लिए नीलामी हुई है, इसके बाद 50-100 मिलियन टन की बारी थी। इस नीलामी में छोटे और मध्यम आटा मिलों और व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। पहले दो दिनों में अब तक थोक उपयोगकर्ताओं को 2,474 रुपये प्रति क्विंटल की औसत दर से 9.2 लाख टन गेहूं बेचा है। हाल ही में, केंद्र ने ओपन मार्केट सेल स्कीम के तहत खुले बाजार में बफर स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं उतारने का फैसला किया है। जिसमें से 25 लाख टन थोक उपभोक्ताओं, आटा मिलों को, 3 लाख टन नेफेड जैसी संस्थाओं को और बाकी 2 लाख टन राज्य सरकारों को बेचा जाएगा। सरकार के केंद्रीय भंडार पर 29.50 रुपये किलो के भाव से 'भारत आटा' मिल सकेगा। आटा की बढ़ती कीमतों की समीक्षा के बाद आटा सप्लाई बढ़ाने के निर्देश दिए। मोबाइल वैन के जरिये लोगों तक आटा पहुंचाने का इंतजाम किया जाएगा। शर्त रखी गई है कि, नैफेड 6 फरवरी से इसी दर पर आटा बेचेगा। साथ ही आटा का नाम और दाम बोल्ड में लिखना जरूरी होगा। ई-नीलामी के इस बारे में एफसीआई के चेयरमैन अशोक के मीणा ने जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि, पहली नीलामी 1 फरवरी को होगी जो 15 मार्च तक चलेगी। गेहूं की पेशकश 2,350 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य और भाड़ा शुल्क के साथ की जाएगी। एक खरीदार अधिकतम 3,000 टन और न्यूनतम 10 टन तक की मात्रा के लिए बोली लगा सकता है। उम्मीद है कि छोटे व्यापारी और छोटे आटा मिल मालिक इस अवसर का लाभ उठाएंगे।

वाहन के कलपुर्जों में 30 प्रतिशत की गिरावट

कोच्चि। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि धातुओं का दोबारा इस्तेमाल बढ़ने से वाहन कलपुर्जों की लागत में 30 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आ सकती है। इससे वाहन उद्योग की निर्यात संभावनाओं को मजबूती मिलेगी। गडकरी ने यहां धातुओं के पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने वाहन उद्योग के आकार को दोगुना कर 15 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचाने और पांच करोड़ नए रोजगार पैदा करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने की समयसीमा के बारे में नहीं बताया। भारत वर्ष 2022 में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा बड़ा वाहन बाजार बन गया। गडकरी ने कहा कि देश इस समय तांबा, एल्युमीनियम और इस्पात की किल्लत का सामना कर रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

लगातार तीसरी बार जीते 71 सांसदों की संपत्ति में 286 प्रतिशत की वृद्धि

पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी की दौलत 12 गुना बढ़ गई

एजेंसी। नई दिल्ली

2024 लोकसभा चुनाव में अभी एक साल से भी ज्यादा का वक्त बचा हुआ है। इससे पहले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि 2009 से 2019 के लोकसभा चुनावों के बीच लगातार तीन बार चुने गए 71 सांसदों की औसत संपत्ति 286 फीसदी बढ़ी है। इनमें प्रति सांसद की संपत्ति में औसतन 17.59 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। अध्ययन के मुताबिक, 2009 में निर्दलीय सहित विभिन्न दलों द्वारा मैदान में उतारे गए इन 71 दोबारा निर्वाचित सांसदों की औसत संपत्ति 6.15 करोड़ रुपये थी। लेकिन 2014 में दोबारा चुने गए इन सांसदों की औसत संपत्ति बढ़कर 16.23 करोड़ रुपए हो गई। पिछले चुनाव यानी 2019 की बात करें तो 71 सांसदों की औसत संपत्ति 23.75 करोड़ रुपये हो गई।

सबसे ज्यादा बढ़ी हरसिमरत की संपत्ति

जिन सांसदों की संपत्ति सबसे ज्यादा बढ़ी है उनमें भाजपा के छह सांसद हैं। एनसीपी, शिरोमणि अकाली दल, बीजद और एआईयूडीएफ से एक-एक सांसद टॉप दस में शामिल हैं। सबसे आगे बठिंडा सीट से शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल हैं। दस साल में पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल की संपत्ति में सबसे ज्यादा 157.68 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। 2009 में बादल की संपत्ति 60.31 करोड़ रुपये थी जो 2019 में 217.99 करोड़ रुपये हो गई। इस सूची में दूसरा नाम शरद पवार की बेटी और बारामती सीट से एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले का आता है। सुले की संपत्ति 2009 में 51.53 करोड़ रुपये थी जो 2019 में बढ़कर 140.88 करोड़ रुपये हो गई। दस साल में उनकी संपत्ति में 89.35 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

दस साल में 1124 फीसदी बढ़ी वरुण गांधी की संपत्ति

केंद्र की सत्ताधारी भाजपा के सांसदों में सबसे ज्यादा संपत्ति वृद्धि पीसी मोहन की हुई है। 2009 में कर्नाटक बैंगलोर से सांसद मोहन की संपत्ति पांच करोड़ थी जो 2019 में बढ़कर 75 करोड़ हो गई। टॉप दस में पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी का भी नाम है। 2009 में वरुण की संपत्ति 4.92 करोड़ थी जो 2019 में बढ़कर 60.32 करोड़ हो गई है। उनकी संपत्ति में 1124 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसी कड़ी में अन्य प्रमुख नाम सुल्तानपुर से भाजपा सांसद मेनका गांधी का है। 2009 में मेनका की संपत्ति 17 करोड़ थी जो 2019 में बढ़कर 55 करोड़ हो गई।

सबसे ज्यादा भाजपा सांसदों की बढ़ी संपत्ति, दूसरे पर कांग्रेस

लगातार तीन बार निर्वाचित सांसदों की औसत संपत्ति में वृद्धि के मामले में सबसे ज्यादा 43 भाजपा के सांसद हैं। दस साल में भाजपा के इन सांसदों की संपत्ति औसतन 15 करोड़ बढ़ी है। 2009 में इनकी औसत संपत्ति चार करोड़ थी जो 2019 में बढ़कर 20 करोड़ हो गई। इस मामले में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है, इसके दस सांसदों की संपत्ति में औसतन दस करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। 2009 में इनकी औसत संपत्ति पांच करोड़ थी जो 2019 में वृद्धि के साथ 16 करोड़ हो गई। इस कड़ी में तीसरा नाम पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस का है। 71 में से इसके सात लोकसभा सदस्यों की संपत्ति में औसतन पांच करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। 2009 से जीत रहे तृणमूल कांग्रेस के सांसदों की औसत संपत्ति 76 लाख थी जो 2019 में बढ़कर 5.9 करोड़ हो गई। इसी तरह दो-दो सांसदों के साथ बीजद और शिवसेना क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।

मैं चाहत खन्ना की तरह गोल्ड डिगर नहीं हूं : सुकेश चंद्रशेखर

एजेंसी। नई दिल्ली

जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक और पत्र जारी किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि टीवी सीरियल अभिनेता चाहत खन्ना जब तिहाड़ जेल में उनसे मिलने आई थीं, तब उन्होंने उन्हें कभी प्रपोज नहीं किया था। चंद्रशेखर का बयान खन्ना द्वारा एक राष्ट्रीय दैनिक के साथ साक्षात्कार में दावा किए जाने के बाद आया है। खन्ना ने कहा था, वह तिहाड़ जेल में उनसे मिलने के बाद फंस गई थी, जहां वह उसके सामने घुटनों के बल बैठ गया और शादी का प्रस्ताव रखा। जब उसने उसे बताया कि वह पहले से ही शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं, तो चंद्रशेखर ने कहा कि उसका पति उसके लिए सही आदमी नहीं है। खन्ना ने यह भी बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनसे जुड़े कथित जबरन वसूली मामले में उन्हें समन करने के बाद ही पता चला कि चंद्रशेखर तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के भतीजे नहीं हैं।

राजधानी की मंडोली जेल में बंद चंद्रशेखर ने मीडिया को लिखे एक पत्र में दावा किया है कि उन्होंने खन्ना को कभी प्रपोज नहीं किया और वह किसी फिल्म निर्माण प्रस्ताव के लिए आई थीं, जो ईडी को दिए उनके बयान में भी दर्ज है। मुझे डेट करने या उन महिलाओं के साथ रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है, जो पहले से शादीशुदा हैं या जिनके बच्चे हैं। मैं चाहत जैसे इन गोल्ड डिगर (इस शब्द का इस्तेमाल उन महिलाओं के लिए किया जाता है, जिन पर पैसों के लिए अमीरों साथ रिलेशनशिप बनाने या उनके साथ शादी करने के आरोप लगते हैं) की तरह हताश नहीं हूं। चाहत, निक्की से मेरा जुड़ाव सिर्फ प्रोफेशनल कारणों से रहा है, जिसके लिए मीटिंग्स हुईं और एडवांस दिया गया। उसने आगे कहा- चाहत कहती हैं कि उन्हें इस बात का अहसास नहीं था कि वह तिहाड़ में हैं!! किसी को कैसे पता नहीं चलेगा कि वे मुलाकात के लिए जेल में प्रवेश कर रहे हैं? क्या वह 10 साल की थी, यहां तक कि 10 साल की बच्ची भी जानती होगी कि जेल कैसी होती है।

NEWS इन ब्रीफ

सपा कार्यालय के बाहर लगा 'ब्राह्मण विरोधी है बीजेपी' का पोस्टर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राजधानी लखनऊ स्थित कार्यालय के बाहर रामचरितमानस से जुड़ा एक पोस्टर लगाया गया है। पोस्टर के जरिए भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए बीजेपी को ब्राह्मण विरोधी बताया गया है। समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर शनिवार को पूर्व सपा नेता अवधेश शुक्ला द्वारा एक पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर लिखा है 'गर्व से कहो हम ब्राह्मण हैं, लेकिन बीजेपी ब्राह्मण विरोधी है। हम रामचरितमानस का विरोध नहीं कर रहे हैं। हम उस चौपाई में लिखे गलत शब्दों का विरोध कर रहे हैं।' उल्लेखनीय है कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या के बीते दिनों रामचरितमानस को लेकर एक विवादित बयान दिया था। इसके बाद से वह लगातार अपनी बातों पर अडिग रहते हुए अलग–अलग बयान दे रहे हैं। वहीं उनके इस बयान के बाद से स्वामी प्रसाद का विरोध शुरू हो गया है। इस मामले में अब पोस्टर के जरिए भी नेताओं ने विरोध का हथकंडा अपना लिया है।

अहमदी समुदाय की मस्जिद में उपद्रवियों ने की तोड़फोड़

कराची। कराची में अहमदी समुदाय की मस्जिद में अज्ञात उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना तब हुई जब अज्ञात लोगों ने समुदाय के खिलाफ नारे लगाते हुए मस्जिद की मीनारों को तोड़ दिया। समुदाय के सदस्यों के अनुसार, अल्पसंख्यक समुदाय के लिए अहमदिया हॉल, 1950 के दशक में बनाया गया था। मस्जिद में तोड़फोड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा गया है कि घटनास्थल के बाहर तैनात पुलिसकर्मी उपद्रवियों को दूर रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें नियंत्रित करने में असमर्थ थे। पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। एसएचओ प्रीदी सज्जाद खान ने कहा कि समुदाय के लोग पुलिस के संपर्क में हैं।

फिर गाली दी गालीबाज आईएएस ने

ये अफसर बर्दाश्त करने लायक नहीं : तेजस्वी

एजेंसी। पटना

बिहार के गालीबाज आईएएस अधिकारी केके पाठक का एक और वीडियो वायरल होने पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्होंने पहला वीडियो देखा है और यह बर्दाश्त करने के लायक नहीं है। पाठक का एक नया वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह जमकर गालियां दे रहे हैं। वीडियो में वह अधिकारियों को साले, इडियट, गधे, कहकर संबोधित कर रहे हैं। अभी पिछले दिनों गाली वाले वीडियो का विवाद थमा भी नहीं था कि मद्य निषेध विभाग के प्रधान सचिव और विभाग के महानिदेशक केके पाठक का दूसरा वीडियो भी सामने आया है। पाठक इस बार बिहार के अधिकारियों को छोड़ आईएएस अधिकारी को गाली दे रहे हैं। केके पाठक का यह वीडियो वीडियो कांफ्रेंसिंग मीटिंग के दौरान का है, जिसमें वह कहते हैं कि बिना मां-बहन किए किसी को अक्ल नहीं आती है। केके पाठक कॉपरेटिव को लेकर मीटिंग कर रहे थे। इसी में कहते हैं, हटाओं साले सभी कॉपरेटिव को। हम खुद से सब कुछ बांटेंगे। सब साले सर, सर, सर, सर.. करते रहते हैं कि सर करेंगे, सर करेंगे, सर करेंगे। साले सभी तो यहां पर सर ही हैं.. बिहार में आम आदमी कौन है? तभी उन्होंने रोहतास के एक अधिकारी को कहा, कहां मर गया रोहतास..फिर बिक्रमगंज के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहते हैं, जो कोऑपरेटिव का बंदर बैठा हुआ है, उसको ले जाकर टेकओवर करो। उसी मीटिंग में किसी अधिकारी को झाड़ते हुए उन्होंने कहा, उल्लू का पट्ठा, इडियट, गधा..फिर उन्होंने कहा, सब के सब निकम्मे हैं, गधे हैं।

शारदा ग्रुप ऑफ कंपनीज मामला

ईडी ने 6.3 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। कोलकाता विंग के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शारदा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मामले में चल रही जांच के दौरान 3.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 3 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने कहा कि ये संपत्तियां शारदा समूह और अन्य व्यक्तियों के स्वामित्व में थीं, जो शारदा समूह की कंपनियों द्वारा उत्पन्न अपराध की आय के लाभार्थी थे। लाभार्थियों में नलिनी चिदंबरम (पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम की पत्नी), देबब्रत सरकार, देबेंद्रनाथ बिस्वास और असम में पूर्व मंत्री स्वर्गीय अंजन दत्ता के स्वामित्व वाली अनुभूति प्रिंटर और प्रकाशन शामिल हैं। शारदा समूह ने 2013 तक पश्चिम बंगाल, असम और ओडिशा राज्यों में फैले कार्यों के साथ चिट फंड घोटाला किया। इस कंपनी द्वारा जुटाए गए कुल धन की मात्रा लगभग 2,459 करोड़ रुपये है, जिसमें से ब्याज राशि को छोड़कर लगभग 1,983 करोड़ रुपये आज तक जमाकर्ताओं को भुगतान नहीं किया गया है।

FILMY हलचल

इंफाल में सनी लियोनी के फैशन शो के पास ग्रेनेड ब्लास्ट

इंफाल के हप्ता कांगजीबंग में शनिवार को एक फैशन शो के नजदीक ग्रेनेड ब्लास्ट हो गया। इस फैशन शो में अभिनेत्री सनी लियोनी हिस्सा लेने वाली थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने कहा कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। विस्फोट के पीछे अंडरग्राउंड आतंकवादियों का हाथ होने का संदेह है। धमाका रविवार के फैशन शो के आयोजन स्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ है। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पोरोमपत थाने में मामला दर्ज किया गया है।

शालीन भनोट की एक्स वाइफ दलजीत कौर को फिर मिला प्यार, मार्च में होगी शादी

बिग बॉस के कंटेस्टेंट शालिन भनोट की एक्स वाइफ दलजीत कौर ने हाल ही में ब्रिटेन में जन्मे निखिल पटेल से सगाई की, जो एक फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। इस कपल ने नेपाल में सगाई की और इस मार्च शादी करने वाले हैं। निखिल से शादी के बाद दलजीत अपने बेटे जेडन के साथ लंदन चली जाएंगी। 'कुलवधु' की एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि कैसे वह और निखिल दुबई में एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में मिले और बच्चों के प्यार के कारण एक-दूसरे से जुड़ गए। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने निखिल के पैर की उंगलियों पर ब्लू कलर का नेल पेंट देखा। जब उन्होंने उनसे इस बारे में पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया: मैं दो बेटियों का प्राउड डैड हूं। न्यूज 18 के हवाले से दलजीत ने कहा, यह सिर्फ दो सिंगल पैरेंट्स की चैटिंग थी। प्यार समय के साथ हुआ।

किआरा और सिद्धार्थ अपनी शादी के लिए पहुंचे जैसलमेर

बॉलीवुड स्टार सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही अपनी होने वाली दुल्हन कियारा आडवाणी के साथ जैसलमेर में होंगे। वे चार्टर प्लेन से उतरेंगे। कियारा के साथ-साथ फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा और उनकी टीम मौजूद है। रविवार से कपल्स की शादी के फंक्शन शुरू हो जाएंगे। कपल के कुछ फैमिली मेंबर्स आज आने वाले हैं। रविवार को बाकी मेहमान और रिश्तेदार आएंगे। जैसलमेर के सूर्यगढ़ होटल में शादी की तैयारियां जारी हैं। मेहंदी आर्टिस्ट वीना नागदा शुक्रवार को मुंबई से दुल्हन को मेंहदी लगाने पहुंचीं।

मुफ्त में मिलेगी 'शिव शास्त्री बल्बोआ' की 2 टिकटें

फिल्म शिव शास्त्री बल्बोआ की रिलीज के लिए बस कुछ ही दिन रह गए हैं। इस बीच एक्टर अनुपम खेर ने चाहने वालों के लिए एक खास अनाउंसमेंट की है, यह है फ्री में टिकट जीतने का मौका। जी हाँ, अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म शिव शास्त्री बल्बोआ के लिए एक स्पेशल फिल्टर लॉन्च किया है। इस फिल्टर में बाघ की आंखों के साथ फंकी गॉगल्स हैं और ये केवल एक ही चीज नहीं है, जो इस फिल्टर के बारे में मजेदार है। जब आप अपना सिर हिलाते हैं, कैस्पर नाम का एक प्यारा पग दिखाई देगा जो एक टिप्पणी करेगा कि आप फिल्टर के साथ कैसे दिखते हैं और यह किसी तरह से फिल्म के संदर्भ से संबंधित होगा। यह फिल्टर मजेदार और इस्तेमाल में आसान है, जो सोशल मीडिया पर पहले से ही ट्रेंड कर रहा है। लोगों की दिलचस्पी के लिए, अपने निजी इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्टर लॉन्च करते हुए अनुपम खेर ने घोषणा की कि वह भाग्यशाली विजेताओं को जो अपने सोशल मीडिया पर फिल्टर का उपयोग करके अपनी तस्वीरें और रील पोस्ट करते हैं, उनको शिव शास्त्री बाल्बोआ फिल्म के 2 मुफ्त टिकट देंगे। शिव शास्त्री बाल्बोआ के लिए 2 टिकट जीतने का मौका पाने के लिए अनुपम खेर को इंस्टाग्राम पर टैग करना न भूलें। अजयन वेणुगोपालन द्वारा निर्देशित, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, जुगल हंसराज, नरगिस फाखरी, शारिब हाशमी अभिनीत, यूएफआई मोशन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत -- किशोर वरिथ, अनुपम खेर स्टूडियो और तरुण राठी, निमार्ताः किशोर वरिथ, कार्यकारी निमार्ताः आशुतोष वाजपेयी हैं।

जवाब-तलब | धर्मांतरण के मामलों को ट्रांसफर करने की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और 6 राज्यों से मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिका पर केंद्र और छह राज्य सरकारों से जवाब मांगा है, जिसमें धर्म परिवर्तन को विनियमित करने वाले कानूनों को चुनौती देने वाले 20 से अधिक मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता एम.आर. शमशाद के माध्यम से मुस्लिम निकाय की याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं, ने कहा उन याचिकाओं में नोटिस जारी करें, जिनमें स्थानांतरण याचिका सहित अब तक कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से भी जवाब दाखिल करने को कहा।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पांच याचिकाएं, कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक याचिका, गुजरात

उच्च न्यायालय में तीन, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में तीन, झारखंड उच्च न्यायालय में तीन और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में छह याचिकाएं लंबित हैं। इन याचिकाओं में संबंधित राज्यों के कानूनों को चुनौती दी गई है। मुस्लिम निकाय ने इन सभी याचिकाओं को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है। साथ ही, मध्य प्रदेश और गुजरात सरकारों द्वारा दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसमें संबंधित उच्च न्यायालयों के अंतरिम आदेशों को चुनौती दी गई है, जो धर्मांतरण पर राज्य के कानूनों के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह के बाद निर्धारित की है। शीर्ष अदालत ने 30 जनवरी को धर्म परिवर्तन को विनियमित करने वाले विवादास्पद राज्य कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की जांच करने पर सहमति व्यक्त की थी। एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस ने भी इस मामले में शीर्ष अदालत का रुख किया था, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने लोकस स्टैंडी को चुनौती दी थी। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एनजीओ 'सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस' द्वारा दायर याचिका के लिखित जवाब में कहाः याचिकाकर्ता दंगा प्रभावित लोगों की पीड़ा का शोषण करके भारी मात्रा में धन एकत्र करने का दोषी है, जिसके लिए तीस्ता सीतलवाड़ और याचिकाकर्ता के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही चल रही है।